


दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 237 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 06 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने पलटा मैच, पाकिस्तान को 5-3 से हराकर फाइनल में पहुंचा

**आशीष तानी पूर्ति ने ठोके चार गोल, आखिरी क्वार्टर में तीन गोल कर भारत ने पलटा मैच; अब फाइनल में जापान से होगा मुकाबला**

(समाज जागरण)

काकामिगाहारा (जापान)। अंडर-18 पुरुष हॉकी एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने शानदार जुझारूपन का परिचय देते हुए पाकिस्तान को 5-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक समय भारत 2-3 से पीछे चल रहा था, लेकिन अंतिम क्वार्टर में लगातार तीन गोल दागकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत की इस यादगार जीत के नायक आशीष तानी पूर्ति रहे, जिन्होंने अकेले चार गोल कर पाकिस्तान की चुनौती को ध्वस्त कर दिया।



मैच के पहले क्वार्टर में भारत ने संयमित खेल दिखाया और 12वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक को आशीष तानी पूर्ति ने गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में पाकिस्तान ने वापसी करते हुए लगातार दबाव बनाया और 27वें मिनट में अदील के फील्ड गोल की बदौलत स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमें बराबरी पर हाफ टाइम तक पहुंचीं।

तीसरे क्वार्टर में मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया। भारत के लिए 35वें मिनट में शाहरुख अली ने शानदार गोल कर टीम को फिर बढ़त दिलाई, लेकिन पाकिस्तान ने दो मिनट बाद ही मोहम्मद फरहान असलम के गोल से स्कोर 2-2 कर दिया। इसके बाद 42वें मिनट में उजैर अहमद कुरैशी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पाकिस्तान को 3-2 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति तक भारतीय टीम दबाव में नजर आ रही थी।

हालांकि अंतिम क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने जबरदस्त वापसी की। आशीष तानी पूर्ति ने लगातार तीन गोल दागकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया और भारत को 5-3 की निर्णायक बढ़त दिला दी। पाकिस्तान की टीम अंतिम मिनटों में कोई जवाब नहीं दे सकी और भारत ने शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल का टिकट पक्का कर लिया।

इस जीत के साथ दो बार की चैंपियन भारतीय टीम अब 6 जून को दोपहर 3:30 बजे मेजबान जापान के खिलाफ खिताबी मुकाबला खेलेगी। भारत की इस दमदार जीत ने एक बार फिर युवा हॉकी में उस्ताकी ताकत और जुझारू क्षमता को साबित कर दिया है।

## आरबीआई की राहत से रुपये को मजबूती, डॉलर के मुकाबले 50 पैसे चढ़कर 95.24 पर पहुंचा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी निवेशकों के लिए निवेश संबंधी नियमों में दी गई रियायतों का सकारात्मक प्रभाव विदेशी मुद्रा बाजार में देखने को मिला। शुक्रवार को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 50 पैसे मजबूत होकर 95.24 के स्तर पर पहुंच गया। निवेशकों के उत्साह और पूंजी प्रवाह बढ़ने की उम्मीदों के चलते रुपये में यह उल्लेखनीय मजबूती दर्ज की गई।




अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.72 प्रति डॉलर के स्तर पर खुला और कारोबार के दौरान मजबूत होकर 95.24 तक पहुंच गया। इससे पूर्व गुरुवार को रुपया 95.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए बताया कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर यथावत बनाए रखने का निर्णय लिया है। साथ ही केंद्रीय बैंक ने अपनी 'तटस्थ' (न्यूट्रल) नीति का रुख भी बरकरार रखा है। आरबीआई ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई), अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) तथा भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के लिए कई महत्वपूर्ण राहत उपायों की घोषणा की है।

## दक्षिण चीन सागर में तनाव बढ़ा, सैटेलाइट तस्वीरों में संदिग्ध ढांचे का दावा

**भारत-फिलीपींस सहयोग के बीच चीन की गतिविधियों पर सवाल, स्कारबोरो शोल क्षेत्र में नई हलचल**

फिलीपींस। दक्षिण चीन सागर में भू-राजनीतिक तनाव एक बार फिर बढ़ता दिखाई दे रहा है।



दक्षिण चीन सागर में हाल के दिनों में सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर एक विवादित क्षेत्र में संदिग्ध निर्माण गतिविधियों के दावे सामने आए हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई चर्चा शुरू हो गई है।

रिपोर्टों के अनुसार, फिलीपींस के निकट स्थित संवेदनशील क्षेत्र स्कारबोरो शोल के आसपास कुछ अस्थायी संरचनाओं के निर्माण और बाद में उनके गायब होने जैसी स्थिति देखी गई है। इन गतिविधियों को लेकर विशेषज्ञों में अलग-अलग मत सामने आ रहे हैं, जबकि संबंधित देशों की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी स्पष्ट नहीं है।

इस बीच क्षेत्र में रणनीतिक समीकरण भी तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं। भारत द्वारा फिलीपींस के साथ रक्षा सहयोग को मजबूत करते हुए Brah-Mos missile की तैनाती ने क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य को और जटिल बना दिया है। इससे फिलीपींस की समुद्री सुरक्षा क्षमता को मजबूती मिलने की बात कही जा रही है।

वहीं, China की ओर से इस क्षेत्र में बढ़ती गतिविधियों को लेकर पड़ोसी देशों की चिंता भी बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि दक्षिण चीन सागर लंबे समय से विभिन्न देशों के बीच विवाद का केंद्र रहा है और यहां हर नई गतिविधि क्षेत्रीय संतुलन को प्रभावित कर सकती है।

दूसरी ओर Philippines भी इस क्षेत्र में अपनी समुद्री सुरक्षा और संप्रभुता को लेकर लगातार सक्रिय है और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास कर रहा है।

विश्लेषकों के अनुसार, इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि दक्षिण चीन सागर में रणनीतिक प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है और आने वाले समय में यह क्षेत्र वैश्विक राजनीति का प्रमुख केंद्र बना रह सकता है।


## पर्यावरण संरक्षण के लिए जनसहभागिता अनिवार्य : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान, जल संरक्षण एवं प्रकृति-सम्मत जीवनशैली अपनाने पर बल

(समाज जागरण)

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए प्रदेशवासियों से प्रकृति एवं जलस्रोतों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने भूमाफिया, वनमाफिया, खनन माफिया तथा तस्करों से सतर्क रहने और जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता पर बल दिया।

लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'उत्तर प्रदेश में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियाँ



एवं समाधान' विषयक संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, वन एवं जीवन परस्पर अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं, किंतु मानव समाज ने लंबे समय तक इनके संरक्षण की उपेक्षा की है।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम चक्र में व्यापक परिवर्तन दिखाई दे रहा है, जिसका सर्वाधिक प्रभाव कृषि एवं कृषकों पर पड़ने की आशंका है। अतिवृष्टि, अनावृष्टि तथा खाद्यान्न संकट जैसी परिस्थितियाँ भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को पाँच पर्यावरणीय संकल्प दिलाए। इनमें 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण करना, लगाए गए पौधों का संरक्षण सुनिश्चित करना, जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग बनाना, एकल उपयोग वाली प्लास्टिक का प्रयोग त्यागना तथा प्रकृति के अनुरूप जीवनशैली अपनाना शामिल है। उन्होंने कहा कि जल की प्रत्येक बूंद अमूल्य है और इसके संरक्षण हेतु समाज को जागरूक एवं उत्तरदायी बनना होगा।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं ऋषि परंपरा ने सदैव प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया है। उन्होंने भगवान श्रीराम के प्रसिद्ध वचन "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी" का उल्लेख करते हुए कहा कि माता एवं मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता तथा कर्तव्यबोध प्रत्येक नागरिक का धर्म है। भारतीय परंपरा में पशु-पक्षियों, वृक्षों एवं प्रकृति के प्रत्येक तत्व के साथ मानव का आत्मीय संबंध स्थापित किया गया है, जो पर्यावरण संरक्षण की हमारी प्राचीन सोच का परिचायक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में वन विभाग की नर्सरियों में जहाँ मात्र पाँच लाख पौधे उपलब्ध थे, वहीं वर्तमान में सरकारी एवं निजी नर्सरियों में 55 करोड़ पौधे तैयार हैं। इस वर्ष पाँच करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि जुलाई माह में एक ही दिन में 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जल संसाधनों की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश है। तालाबों, पोखरों, बावड़ियों एवं आर्द्रभूमियों को अतिक्रमण से मुक्त कर उनका संरक्षण करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि नौ वर्ष पूर्व प्रदेश में केवल एक रामसर स्थल था, जबकि वर्तमान में इनकी संख्या बढ़कर 13 हो चुकी है। हाल ही में बलिया जनपद स्थित सुरहा ताल को प्रदेश के 13वें रामसर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है।

मुख्यमंत्री ने ग्राम प्रधानों, नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों से तालाबों, कुओं, पोखरों एवं अमृत सरोवरों के संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में समाज और शासन की संयुक्त भागीदारी ही स्थायी सफलता का आधार बन सकती है। उन्होंने बताया कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 242 करोड़ पौधों का रोपण किया गया है तथा आधारभूत संरचनाओं के विकास के साथ-साथ वन क्षेत्र के विस्तार में भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर उपराष्ट्रपति का आह्वान : 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़ें

### हरित भविष्य के लिए वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण पर दिया बल

(समाज जागरण)

नई दिल्ली। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने देशवासियों से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़ने और अधिकाधिक वृक्षारोपण कर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं टिकाऊ भविष्य के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति हमारा पवित्र कर्तव्य है।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा किया गया छोटा-सा प्रयास भी पर्यावरण संरक्षण में बड़ा परिवर्तन ला सकता है।



उपराष्ट्रपति ने समाज के सभी वर्गों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी करने और सतत जीवनशैली अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और उनका विवेकपूर्ण उपयोग आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता सदैव प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन जीने की शिक्षा देती रही है। भारतीय संस्कृति में वृक्षों, जल, पशु-पक्षियों और समस्त प्रकृति के प्रति सम्मान का भाव निहित है, जो पर्यावरण संरक्षण का आधार है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे वृक्षारोपण को एक जनआंदोलन का रूप दें और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को अपने दैनिक जीवन में अपनाएँ। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही हरित, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य का निर्माण संभव है। (इनपुट : पीआईबी)

## दिल्ली मेट्रो की 71 किलोमीटर लंबी पिंक लाइन बनी जीवनरेखा, 7 लाइनों से सीधा संपर्क

### 14 इंटरचेंज स्टेशनों से यात्रियों का समय आधा, फेज-4 विस्तार से और मजबूत होगी कनेक्टिविटी

(समाज जागरण)

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की 71 किलोमीटर लंबी पिंक लाइन राजधानी के सार्वजनिक परिवहन तंत्र की एक महत्वपूर्ण जीवनरेखा बन चुकी है। दिल्ली मेट्रो की यह प्रमुख लाइन न केवल शहर के आवागमन को सुगम बना रही है, बल्कि यात्रियों के यात्रा समय में भी उल्लेखनीय कमी ला रही है।




पिंक लाइन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह वर्तमान में चल रही 10 में से 7 मेट्रो लाइनों से सीधे जुड़ती है। इस कॉरिडोर में कुल 14 इंटरचेंज स्टेशन हैं, जिसके कारण यात्रियों को एक से अधिक दिशाओं में सहज और तीव्र आवागमन की सुविधा मिलती है। इन इंटरचेंज स्टेशनों की वजह से दिल्ली के विभिन्न हिस्सों के बीच यात्रा पहले की तुलना में काफी तेज और सुविधाजनक हो गई है।

फेज-4 के अंतर्गत मजलिस पार्क से रामकृष्ण आश्रम मार्ग तक नए खंड के शुरू होने के बाद इस लाइन की कनेक्टिविटी और अधिक सशक्त हो जाएगी। दिल्ली मेट्रो का यह विस्तार उत्तर और मध्य दिल्ली के बीच संपर्क को और मजबूत करेगा तथा यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएगा।

मजलिस पार्क और रामकृष्ण आश्रम मार्ग जैसे प्रमुख स्टेशन इस कॉरिडोर के महत्वपूर्ण बिंदु बनकर उभरे हैं, जिनसे अन्य लाइनों तक पहुंच और अधिक सुगम हो गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस लाइन की इंटरचेंज सुविधा के कारण कई रूटों पर यात्रा समय लगभग आधा रह गया है। पिंक लाइन दिल्ली मेट्रो नेटवर्क में न केवल लंबाई के कारण महत्वपूर्ण है, बल्कि अपनी कनेक्टिविटी और सुगम यातायात व्यवस्था के कारण भी राजधानी की परिवहन प्रणाली की रीढ़ मानी जा रही है।

## इंडिया गठबंधन में दरार, क्षेत्रीय दलों की दूरी से अकेले पड़े राहुल गांधी; संसद के समीकरण बदलने के संकेत

### तमिलनाडु में कांग्रेस-डीएमके अलग, बंगाल में ममता पर दबाव; संसद सत्र में विपक्ष की कमजोर स्थिति तय

(समाज जागरण)

नई दिल्ली। हालिया विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद देश के राजनीतिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। आगामी मानसून सत्र से पहले विपक्षी इंडिया गठबंधन में दरारें गहराती नजर आ रही हैं, जिससे संसद में सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन प्रभावित होने की संभावना है।

सूत्रों और राजनीतिक घटनाक्रम के अनुसार, क्षेत्रीय दलों के बदलते रुख ने कांग्रेस की चुनौतियों को बढ़ा दिया है। तमिलनाडु में कांग्रेस ने अपने पुराने सहयोगी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) से दूरी बना ली है, जिससे गठबंधन समीकरणों में बड़ा बदलाव आया है। वहीं, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की स्थिति भी चुनावी परिणामों के बाद दबाव में बताई जा रही है, जिससे विपक्षी एकता पर प्रश्न उठने लगे हैं।

इन घटनाक्रमों के बीच विपक्षी इंडिया गठबंधन की राजनीतिक एकजुटता



कमजोर होती दिख रही है, जबकि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसद में अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में बना हुआ है। इससे आगामी संसद सत्र में विधायी कार्यवाही और बहस के स्वरूप में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि क्षेत्रीय दलों के अलग-अलग रुख अपनाने से विपक्ष की सामूहिक रणनीति प्रभावित होगी, जिसका सीधा असर संसद में उसकी भूमिका पर पड़ेगा। विपक्षी एकता, जो लोकसभा चुनाव से पहले एक मजबूत विकल्प के रूप में देखी जा रही थी, अब कई राज्यों में कमजोर पड़ती नजर आ रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि यह रुझान जारी रहता है तो संसद में सरकार के लिए विधेयक पारित कराना अपेक्षाकृत आसान हो सकता है, जबकि विपक्ष की भूमिका सीमित हो सकती है।

कुल मिलाकर, बदलते राजनीतिक समीकरण आने वाले मानसून सत्र में संसद के माहौल को निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।




# शिक्षा के मंदिर में 'कोचिंग वॉर' और दांव पर लगता मासूम छात्रों का भविष्य

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

बिहार के पटना का मुसल्लहपुर हाट इलाका देश भर में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों की उम्मीदों का केंद्र माना जाता है। लेकिन हाल ही में इस इलाके से जो तस्वीरें और खबरें सामने आईं, उसने न केवल शिक्षा के इस मंदिर को शर्मसार किया है बल्कि बिहार की गौरवशाली ज्ञान परंपरा पर भी एक गहरा धब्बा लगा दिया है। जिन गलियों में सुबह से शाम तक किताबों के बंडल, पेन और कॉपियां दिखाई देती थीं, वहां अचानक पत्थरबाजी, लाठी-डंडे और हवाई फायरिंग की गूंज सुनाई देने लगी। यह विवाद महज दो कोचिंग संस्थानों की आपसी लड़ाई नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के नाम पर चल रहे करोड़ों रुपये के उस बाजार का नग्न प्रदर्शन है, जहां छात्रों का भविष्य दांव पर लगाकर सिर्फ और सिर्फ भीड़ और वर्चस्व की जंग लड़ी जा रही है। इस तथाकथित 'कोचिंग वॉर' ने यह साबित कर दिया है कि जब शिक्षा व्यवसाय बन जाती है, तो नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी का पतन किस कदर होता है।

इस पूरे बवाल की शुरूआत बेहद मामूली और बचकानी वजह से हुई, जिसे जानकर किसी भी सभ्य समाज का सिर घोर निराशा से झुक जाएगा। बताया जा रहा है कि एक कोचिंग संस्थान की ओर से बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा में करीब 12 हजार छात्रों के सफल होने का दावा करते हुए बड़े-बड़े पोस्टर और बैनर लगाए गए थे। आरोप है कि यह पोस्टर प्रतिद्वंद्वी कोचिंग संस्थान के साइन बोर्ड के ऊपर या उसके बेहद करीब चिपका दिए गए। इसके बाद वर्चस्व की इस जंग में सीढ़ियां लगाकर बैनर फाड़ने का सिलसिला शुरू हुआ। पोस्टर फाड़े जाने की इस छोटी सी चिंगारी ने देखते ही देखते एक ऐसी आग का रूप ले लिया, जिसने पूरे इलाके के सुरक्षा तंत्र और कानून व्यवस्था को हिलाकर रख दिया। दो पक्षों के समर्थक आमने-सामने आ गए, लाठियां चलीं, ईंट-पत्थरों की बौछार हुई और देखते ही देखते वह परिसर कुरुक्षेत्र के मैदान में तब्दील हो गया जहां हजारों छात्र अपने सुनहरे कल का सपना बुनने आते हैं।

घटनाक्रम के बाद सोशल मीडिया के महारथी और लाखों युवाओं के आदर्श बने शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर ने मीडिया के सामने आकर बेहद सनसनीखेज दावे किए। उन्होंने कैमरे के सामने पूरी गंभीरता से कहा कि उनके कोचिंग सेंटर पर हमला हुआ है और उन्होंने अपनी आंखों से एक-दो नहीं बल्कि आठ से दस राउंड फायरिंग होते हुए देखी है। एक शिक्षक के मुंह से इस तरह की बात सुनकर पूरे राज्य के अभिभावकों और छात्रों में दहशत फैल गई। लेकिन जब कानून के रक्षकों ने इस मामले की तहकीकात शुरू की और घटनास्थल के साथ-साथ आसपास की गलियों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की, तो कहानी पूरी तरह पलट गई। पुलिस की शुरूआती जांच में दूर-दूर तक गोली चलने या किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा फायरिंग करने का कोई सबूत नहीं मिला। इसके उलट, सीसीटीवी में यह साफ दिखाई दिया कि खान सर के अपने ही सुरक्षा गार्ड हवा में हथियार लहराते और हमला करते नजर आ रहे थे। इस खुलासे के बाद पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए उन दोनों गार्डों को हिरासत में ले लिया और खुद खान सर को भी देर रात लंबी पूछताछ का सामना करना पड़ा।

हैरानी की बात यह है कि जो शिक्षक रात में अपनी आंखों से गोलियां बरसने की गवाही दे रहे थे, सुबह होते-होते उनके सुर पूरी तरह बदल गए। वे अपने ही दावों से यू-टर्न लेते हुए यह कहने लगे कि अब पुलिस की जांच के बाद ही असलियत का पता चलेगा या फिर जब उनका घायल गार्ड ठीक होकर आएगा तब वह सच बताएगा। एक शिक्षक के बयानों में ऐसा विरोधाभास और तथ्यों को लेकर इतनी बड़ी लापरवाही बेहद चिंताजनक है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कभी कहा था कि शिक्षक वह नहीं है जो केवल दिमाग में तथ्य ठूंसे, बल्कि वह है जो छात्र को सत्य की खोज के लिए तैयार करे। लेकिन आज के डिजिटल युग के इन तथाकथित 'गुरुओं' के तथ्य और सत्य दोनों ही गंभीर संदेह के घेरे में आ गए हैं।

इस विवाद का दूसरा पहलू और भी भयावह है। फैजल खान की शिकायत पर पुलिस ने ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद को फौरन गिरफ्तार कर लिया। रौशन आनंद बिहार के एक बेहद साधारण किसान परिवार से आते हैं और उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत के दम पर इस क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई थी। उनकी गिरफ्तारी के बाद पटना की सड़कों पर एक नया ड्रामा शुरू हो गया। रौशन आनंद के समर्थन में हजारों की संख्या में छात्र सड़कों पर उतर आए और उग्र प्रदर्शन करने लगे। छात्रों का आरोप है कि खान सर ने राजनीतिक और व्यावसायिक रंजिश के तहत उनके गुरु पर झूठे आरोप लगाए हैं। सोचिए, जिन नौजवानों को इस वक्त कमरों में बंद होकर परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए थी, वे अपने-अपने पसंदीदा शिक्षकों के अंधविश्वास में सड़कों पर नारेबाजी कर रहे हैं और कानून को हाथ में लेने पर आमादा हैं। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आज के ये मशहूर यूट्यूब शिक्षक बच्चों को बेहतर नागरिक बनाने के बजाय अपने निजी स्वार्थ के लिए एक 'ट्रोल आर्मी' और हिंसक भीड़ में तब्दील कर रहे हैं।

यह पहली बार नहीं है जब पटना की धरती पर कोचिंग संचालकों के कारण इस तरह का उपद्रव हुआ हो। इतिहास गवाह है कि साल 2019 में भी इसी मुसल्लहपुर इलाके में वर्चस्व को लेकर बमबाजी की घटना हुई थी। उस वक्त भी दोनों तरफ से मुकदमे दर्ज हुए थे, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने के कारण इन दुकानदारों के हौसले बुलंद रहे। इस साल भी सरस्वती पूजा के मौके पर इसी तरह के हिंसक टकराव की खबरें आई थीं। अगर समय रहते पुलिस और प्रशासन ने इन व्यावसायिक संस्थानों पर नकेल कसी होती, तो आज यह नौबत नहीं आती। सवाल यह उठता है कि क्या हम अपने बच्चों को इन कोचिंग सेंटरों में इसलिए मोटी फीस देकर भेजते हैं कि वे वहां से लहूलुहान होकर लौटें? अगर यह पत्थरबाजी दिन के वक्त होती, जब हजारों छात्र क्लास में मौजूद होते हैं, और किसी मासूम के सिर पर वह पत्थर लग जाता, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता? क्या ये शिक्षक अपनी अकूत संपत्ति और टीआरपी के नशे में किसी बच्चे की जान की कीमत चुका पाते?

इस पूरे खेल का सबसे कड़वा सच आर्थिक हितों का टकराव है। अक्सर यह प्रचारित किया जाता है कि कुछ शिक्षक बहुत कम पैसे में समाज सेवा कर रहे हैं। लेकिन जब दोनों संस्थानों के फीस स्ट्रक्चर की तुलना की जाती है, तो असलियत कुछ और ही निकलती है। जहां दो साल के ऑफलाइन कोर्स के लिए एक संस्थान किस्तों में दस हजार रुपये लेता है, वहीं दूसरा संस्थान एकमुश्त बीस हजार रुपये वसूलता है। ऑनलाइन कोर्सेस में भी फीस का अंतर जमीन-आसमान का है। जाहिर है, यह पूरी लड़ाई किसी शिक्षा सुधार या गरीब बच्चों के कल्याण के लिए नहीं है, बल्कि यह अधिक से अधिक छात्रों को अपनी ओर खींचने और करोड़ों रुपये का टर्नओवर खड़ा करने की कॉरपोरेट जंग है।

अब इस मामले ने पूरी तरह से कानूनी मोड़ ले लिया है। पटना पुलिस ने कदमकुआं थाने में खान ग्लोबल स्टडीज के संचालक फैजल खान के खिलाफ आर्म्स एक्ट और भ्रामक जानकारी फैलाने की संगीन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। हालांकि, एफआईआर दर्ज होने के बाद खान सर ने बड़ी ही चतुराई से बयान दिया कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है और उनके गार्डों ने जो कुछ भी किया, वह आत्मरक्षा में किया था। वे कानून का सम्मान करने की बात तो कर रहे हैं, लेकिन अतीत में उनका रिकॉर्ड कुछ और ही बयां करता है। चाहे वह रेलवे परीक्षा के दौरान छात्रों को उग्र आंदोलन के लिए भड़काना हो, बीपीएससी परीक्षा के समय अभद्र भाषा का प्रयोग करना हो या फिर हाल ही में नीट पेपर लीक मामले में एनकाउंटर जैसे उत्तेजक बयान देकर माहौल खराब करना हो, विवादों से उनका पुराना नाता रहा है।

# बदलते परिवेश में भी भारत और रूस की मित्रता रहेगी कायम

\- **महेन्द्र तिवारी**



वैश्विक कूटनीति के निरंतर बदलते स्वरूप के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत के संदर्भ में दिया गया हालिया बयान दोनों देशों के बीच की प्रगाढ़ और ऐतिहासिक मित्रता को एक नई ऊर्जा प्रदान करता है। पुतिन ने अत्यंत स्पष्ट शब्दों में भारत को रूस का एक बेहद भरोसेमंद साझेदार करार दिया है। इसके साथ ही उन्होंने वैश्विक मंच पर एक बहुत बड़ा संदेश देते हुए यह भी साफ कर दिया है कि भारत और अमेरिका के बीच बढ़ती रणनीतिक और कूटनीतिक नजदीकियों का असर मॉस्को और नई दिल्ली के गहरे संबंधों पर बिल्कुल नहीं पड़ेगा। यह बयान इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि भारत ने अपनी विदेश नीति को किसी एक ध्रुव या गुट तक सीमित नहीं रखा है। आज के समय में जब पश्चिमी देश लगातार विकासशील देशों पर अपने एजेंडे थोपने का प्रयास कर रहे हैं, तब पुतिन का यह कहना कि भारत पर रूस के साथ सहयोग कम करने के लिए डाला जा रहा पश्चिमी दबाव पूरी तरह से व्यर्थ है, भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की सबसे बड़ी वैश्विक स्वीकार्यता है। यह बयान केवल दो नेताओं या दो देशों की सरकारों के बीच का कूटनीतिक संवाद नहीं है, बल्कि यह एक बदलते हुए विश्व के शक्ति संतुलन का बहुत ही सजीव चित्रण है।

रूस और भारत के कूटनीतिक रिश्तों की बुनियाद कई दशकों के विश्वास और आपसी सहयोग पर टिकी है। वर्ष 1971 की शांति और मैत्री संधि से लेकर आज 2026 तक के सफर में दोनों देशों ने कई वैश्विक उतार चढ़ाव देखे हैं। जब भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को समर्थन की आवश्यकता पड़ी है, रूस ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी वीटो शक्ति का इस्तेमाल कर भारत का साथ दिया है। कश्मीर का मुद्दा हो या फिर आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई, रूस हमेशा एक सच्चे मित्र की भांति भारत के साथ खड़ा रहा है। यही कारण है कि आज की सदी में भी यह रिश्ता मात्र कूटनीतिक समझौतों का मोहताज नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों की जनता के बीच पनपे एक अटूट भावनात्मक जुड़ाव का भी प्रतीक है। पुतिन की बातों में इसी ऐतिहासिक विश्वास की झलक मिलती है। उन्हें इस बात का भलीभांति भान है कि भारत किसी भी बाहरी देश के दबाव में आकर अपने पुराने और सच्चे मित्र के साथ संबंधों में कोई भी कटौती नहीं करेगा। भारत की जनता और भारत के नीति निमार्ता दोनों ही इस बात को बहुत अच्छी तरह से समझते हैं कि संकट के समय में किसने उनका साथ दिया था।

फरवरी 2022 में शुरू हुए यूक्रेन संकट के बाद से ही पश्चिमी देशों, विशेषकर अमेरिका और यूरोपीय संघ ने रूस पर कई तरह के कड़े आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंध लगाए हैं। इन पश्चिमी देशों ने भारत पर भी यह भारी दबाव बनाया कि वह रूस के साथ अपने व्यापारिक संबंध सीमित करे और वहां से कच्चे तेल की खरीद को रोक दे। लेकिन भारत ने पूरी दुनिया को यह दिखा दिया कि उसकी नीतियां उसके अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार तय होती हैं, न कि पश्चिमी देशों के फरमानों से। भारत ने न केवल रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखी, बल्कि अपनी ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उसे कई गुना बढ़ा भी दिया। आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले कुछ वर्षों में भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार ने 60 अरब डॉलर के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर लिया है, जो कि दोनों देशों द्वारा तय किए गए 2025 के लक्ष्य से बहुत पहले ही हासिल कर लिया गया। आज रूस, भारत के लिए कच्चे तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन चुका है। भारत अपनी कुल तेल आवश्यकता का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा रूस से आयात कर रहा है। यह आंकड़ा इस बात को साबित करता है कि पश्चिमी देशों की धमकियां भारत के इरादों को डिगा नहीं पाईं और भारत ने अपने नागरिकों के हितों को सर्वोपरि रखा।

आर्थिक मोर्चे पर पुतिन द्वारा भारत के तीव्र विकास की जो विशेष रूप से प्रशंसा की गई है, वह भी अत्यंत महत्वपूर्ण और ध्यान देने योग्य है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, जिस- ाकी विकास दर लगातार 7 प्रतिशत के आस पास बनी हुई है। देश में हो रहे भारी बुनियादी ढांचे के निर्माण और तकनीकी विकास ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। रूस यह भलीभांति समझता है कि भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका एक प्रमुख विकास इंजन की तरह होने वाली है। ऐसे में रूस के लिए भारत सिर्फ एक पारंपरिक हथियार खरीदार नहीं रह गया है, बल्कि ऊर्जा, कृषि, अंतरिक्ष और विनिर्माण क्षेत्र में एक विशाल बाजार और सहयोगी बन गया है। दोनों देश अपनी मुद्राओं यानी रुपये और रूबल में व्यापार करने की दिशा में भी लगातार काम कर रहे हैं, ताकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में पश्चिमी मुद्राओं के एकाधिकार को चुनौती दी जा सके और दोनों देशों के व्यापारियों को विदेशी मुद्रा के उतार चढ़ाव से बचाया जा सके।

रक्षा क्षेत्र की बात करें तो भारत और रूस का सहयोग केवल आयात और निर्यात के पुराने मॉडल तक सीमित नहीं है। आज यह दोनों देश ब्रह्मोस मिसाइल जैसे अत्याधुनिक हथियारों का संयुक्त रूप से निर्माण कर रहे हैं जो कि पूरी दुनिया में अपनी तरह की सबसे बेहतरीन मिसाइल मानी जाती है। इसके अलावा एस 400 वायु रक्षा प्रणाली की आपूर्ति भी दोनों देशों के बीच हुए एक ऐतिहासिक सौदे का हिस्सा है, जिसे पूरा करने के लिए भारत ने अमेरिकी प्रतिबंधों के संभावित खतरे की भी बिल्कुल परवाह नहीं की। भारत में मेक इन इंडिया पहल के तहत कलाश्निकोव राइफल से लेकर अन्य कई रूसी रक्षा उपकरणों के निर्माण को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे भारत की अपनी रक्षा उत्पादन क्षमता लगातार मजबूत हो रही है। पुतिन का यह अटूट भरोसा इन्हीं ठोस धरातल पर टिके वास्तविक प्रोजेक्ट्स के कारण और भी मजबूत होता है।

जहां तक अमेरिका और भारत के बढ़ते संबंधों का प्रश्न है, पुतिन की बेबाक टिप्पणी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में रूस की परिपक्वता को दर्शाती है। आज भारत क्वाड जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय संगठनों का सक्रिय सदस्य है जिसमें अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। पश्चिमी कूटनीतिक विश्लेषकों का अक्सर यह मानना रहा है कि भारत की अमेरिका से यह बढ़ती नजदीकी रूस को खटकती है और इससे दोनों के रिश्ते खराब हो सकते हैं। परंतु रूसी राष्ट्रपति ने अपने इस स्पष्ट बयान से इस सारे भ्रम को पूरी तरह से तोड़ दिया है। रूस यह गहराई से जानता है कि भारत हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपने सामरिक हितों की रक्षा और चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए अमेरिका के साथ खड़ा है, लेकिन इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि भारत रूस के खिलाफ किसी भी पश्चिमी एजेंडे का हिस्सा बन जाएगा। इसके विपरीत भारत शंघाई सहयोग संगठन और ब्रिक्स जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण मंचों पर भी रूस के साथ मजबूती से कदमताल कर रहा है। वर्ष 2024 में ब्रिक्स का जो ऐतिहासिक विस्तार हुआ उसके बाद आज 2026 में यह संगठन एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का सबसे बड़ा और मजबूत पैरोकार बन चुका है, जिसमें भारत और रूस की धुरी सबसे अहम भूमिका निभा रही है।

निष्कर्ष के तौर पर यह कहा जा सकता है कि पुतिन का भारत को लेकर यह बयान महज एक सामान्य राजनीतिक वक्तव्य नहीं है, बल्कि यह एक तेजी से उभरती हुई विश्व शक्ति के रूप में भारत के प्रति गहरे सम्मान का सीधा प्रकटीकरण है। पश्चिमी देशों को यह बहुत ही स्पष्ट संदेश है कि दुनिया अब उनके इशारों या उनकी नीतियों पर नहीं चलती। भारत अपने सभी निर्णयों में पूर्णतः स्वतंत्र है और वह अपने रणनीतिक मित्रों का चुनाव केवल अपनी शर्तों और अपने लाभ के आधार पर करता है। रूस और भारत की यह प्रगाढ़ साझेदारी आने वाले समय में न केवल एशिया बल्कि संपूर्ण वैश्विक शक्ति संतुलन को बनाए रखने में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह दोनों देश मिलकर जिस न्यायपूर्ण और बहुध्रुवीय दुनिया का निर्माण करना चाहते हैं, उसमें आपसी सम्मान, संप्रभुता का आदर और एक दूसरे के विकास में बिना शर्त योगदान ही सबसे प्रमुख स्तंभ होंगे। व्लादिमीर पुतिन के शब्दों ने दोनों देशों के बीच की इसी अत्यंत मजबूत नींव को एक बार फिर से दुनिया के सामने पूरी दृढ़ता और विश्वास के साथ रख दिया है, जिससे भविष्य में दोनों देशों के संबंध और भी अधिक ऊंचाइयों को छुएंगे।

### सरकार उपलब्धियां गिना रही है, मरीज तारीखें गिन रहा है

# गरीब मरीज पूछ रहा है– क्या मेरा जीवन इतना सस्ता है ?

प्रो. आरके जैन "अरिजीत"



स्वास्थ्य व्यवस्था की असली परीक्षा अस्पतालों की इमारतों से नहीं, मरीज को समय पर मिलने वाले उपचार से होती है। दुर्भाग्य से, देश की चिकित्सा व्यवस्था के सर्वोच्च प्रतीकों में गिने जाने वाले एम्स भी अब लंबी प्रतीक्षा की समस्या से जूझ रहे हैं। एम्स भोपाल में गैर-इमरजेंसी (रूटीन) केस में कई मरीजों को सीटी स्कैन या एमआरआई जैसी जरूरी जांच के लिए तीन-चार माह इंतजार करना पड़े, तो यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का संकेत है। बीमारी न प्रशासनिक प्रक्रियाओं का इंतजार करती है, न सरकारी गति का; वह हर दिन गंभीर होती जाती है। ऐसे में 120 दिन बाद जांच की तारीख मिलना एक चिंताजनक प्रश्न खड़ा करता है–इसका बोझ आखिर कौन उठाएगा, मरीज, उसका परिवार या उसका जीवन?

एम्स भोपाल की लंबी वेटिंग लिस्ट अब केवल एक अस्पताल की समस्या नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पुरानी चुनौती का प्रतीक बन गई है। कम खर्च में बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों के लिए सस्ता इलाज भी तब बेमानी हो जाता है, जब जरूरी जांच ही महीनों बाद उपलब्ध हो। पेट के असहनीय दर्द, कैंसर की आशंका, मस्तिष्क रोग या अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीज यदि केवल व्यवस्थागत कमी के कारण चार माह प्रतीक्षा करने को विवश हों, तो यह स्वास्थ्य सेवा नहीं, संवेदनहीनता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बीमारी किसी वेटिंग लिस्ट का इंतजार नहीं करती; वह लगातार बढ़ती जाती है और कई बार उपचार की संभावनाओं को भी सीमित कर देती है।

विडंबना यह है कि इस व्यवस्था का सबसे बड़ा बोझ उसी वर्ग पर पड़ रहा है, जिसके नाम पर राजनीति सबसे अधिक होती है। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति निजी अस्पताल में कुछ घंटों या दिनों में जांच करा लेता है, लेकिन मजदूर, किसान, छोटा व्यापारी और निम्न मध्यमवर्गीय परिवार के लिए यह विकल्प अक्सर पहुंच से बाहर होता है। ऐसे में उसके सामने दो ही रास्ते बचते हैं–कर्ज लेकर निजी जांच कराए या दर्द और आशंका के बीच सरकारी अस्पताल की लंबी प्रतीक्षा सहे। यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता का भी दर्पण है। स्वास्थ्य सुविधाएं आय से नहीं, आवश्यकता से तय होनी चाहिए, किंतु मौजूदा व्यवस्था में पैसे वालों को समय मिलता है और अभावग्रस्तों को इंतजार।

लंबी वेटिंग लिस्ट वर्षों से बढ़ती मांग और अपर्याप्त संसाधन विस्तार की कीमत है। मरीजों का बोझ बढ़ता रहा, लेकिन डॉक्टरों, विशेषज्ञों और तकनीकी कर्मचारियों की संख्या लगभग वहीं ठहरी रही। कई सुपर-स्पेशियलिटी विभाग सीमित मानव संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि रेडियो डायग्नोसिस जैसे अहम विभाग पर्याप्त स्टाफ के अभाव में अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे। परिणाम सामने है–संसाधन मौजूद हैं, पर सेवाएं नहीं; मशीनें हैं, पर समय पर जांच नहीं। प्रश्न यह है कि जब बढ़ती जरूरतें वर्षों से दिखाई दे रही थीं, तब उनकी तैयारी क्यों नहीं की गई? आखिर किस स्तर की चूक ने देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों को भी प्रतीक्षा के संकट में धकेल दिया?

जब राजनीति का केंद्र तात्कालिक लोकप्रियता बन जाए, तब अस्पतालों की जरूरतें अक्सर हाशिये पर चली जाती हैं। यही कारण है कि मुफ्त योजनाओं और लोकलुभावन घोषणाओं पर अरबों रुपये खर्च हो जाते हैं, लेकिन डॉक्टरों की भर्ती, नई मशीनों और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए संसाधनों का अभाव बताया जाता है। विडंबना यह है कि वोट के लिए खजाना खुल जाता है, पर जीवन बचाने के लिए बजट सीमित पड़ जाता है। वास्तविक जनकल्याण मुफ्त सुविधाएं बांटने में नहीं, बल्कि ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था खड़ी करने में है जहां किसी मरीज को जांच के लिए महीनों प्रतीक्षा न करनी पड़े। स्वास्थ्य और शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर गंभीर निवेश ही देश की तस्वीर बदल सकता है।

अब जरूरत आश्वासनों नहीं, कार्रवाई की है। एम्स भोपाल में अतिरिक्त सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनें लगाई जाएं तथा रेडियो डायग्नोसिस विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों, तकनीशियनों और कर्मचारियों की भर्ती हो। उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए 24 घंटे शिफ्ट आधारित संचालन लागू किया जाए। आयुष्मान भारत के दायरे में सभी आवश्यक जांचें लाई जाएं और सार्वजनिक-निजी भागीदारी से सुविधाओं का विस्तार हो, बिना मरीजों पर अतिरिक्त बोझ डाले। साथ ही, डिजिटल अपॉइंटमेंट प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाए। एम्स भोपाल की स्थिति को चेतावनी मानते हुए देशभर के सरकारी अस्पतालों में संसाधन और मानवबल बढ़ाना अनिवार्य है, ताकि मरीजों को इलाज मिले, इंतजार नहीं।

स्वास्थ्य व्यवस्था का बोझ केवल एम्स जैसे संस्थानों के भरोसे नहीं उठाया जा सकता। जब जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होंगी, तो बड़े संस्थानों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। इसलिए स्वास्थ्य शिक्षा, रोग-निवारण और प्रारंभिक जांच व्यवस्था को मजबूत करना उतना ही जरूरी है, जितना उपचार सुविधाओं का विस्तार। मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाने, विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक आधुनिक जांच सुविधाएं पहुंचाने पर भी समान ध्यान देना होगा। आखिर स्वास्थ्य व्यवस्था केवल भवनों से नहीं, बल्कि सक्षम मानव संसाधन और जवाबदेह प्रशासन से मजबूत बनती है।

स्वास्थ्य कोई दया या उपकार नहीं, बल्कि नागरिक का मौलिक अधिकार है। यदि किसी मरीज को अपनी बीमारी की सच्चाई जानने के लिए महीनों प्रतीक्षा करनी पड़े, तो यह व्यक्तिगत दुर्भाग्य नहीं, व्यवस्था की नाकामी है। एम्स भोपाल की चार माह लंबी जांच प्रतीक्षा सूची इसी विफलता का प्रतीक है। यह मौन संकट हजारों परिवारों की चिंता बढ़ा रहा है। सरकारों को याद रखना होगा कि अस्पतालों की कतारों में खड़े लोग आंकड़े नहीं, इंसान हैं। यदि स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं मिली, तो जनकल्याण के दावे अर्थहीन रह जाएंगे। आखिर सवाल यही है– क्या एक गरीब मरीज के लिए महीनों का इंतजार सामान्य हो गया है? क्योंकि जांच में हर देरी कई बार जीवन की संभावनाएं भी कम कर देती है। ऐसी व्यवस्था पर गर्व नहीं किया जा सकता, जहां बीमारी की रफ्तार उपचार से तेज हो।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**
**शिक्षाविद् बड़वानी (मप्र)**

# "नशा मुक्ति अभियान या नशा बढ़ाओ अभियान ?" – एक व्यंग्य

सरकार के "नशा मुक्ति अभियान" के पोस्टर हर दीवार पर चमक रहे हैं, भाषणों में गूंज रहे हैं और मंचों से बड़े जोर-शोर से दोहराए जा रहे हैं–लेकिन जमीन पर हालात देखकर आम आदमी को कभी-कभी लगता है कि यह "नशा हटाओ अभियानह्व नहीं, बल्कि कहीं ह्लनशा फैलाओ अभियानह्व तो नहीं बन गया है।

कागजों में अभियान इतना सख्त है कि नशे की कल्पना मात्र से ही अपराध दर्ज हो जाए, लेकिन हकीकत में कई जगह नशे का कारोबार ऐसे फल-फूल रहा है जैसे उसे किसी संरक्षण की छांव मिल गई हो। छोटे दुकानदारों पर कभी-कभार कार्रवाई की खबर आती है, मगर बड़े नेटवर्क अक्सर चर्चा से भी बाहर सुरक्षित निकल जाते हैं। ऐसे में व्यंग्य यह बनता है कि नशा खत्म करने की बात जितनी तेज है, नशा रोकने की गति उतनी ही धीमी।

विद्यालयों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम चलते हैं, बच्चों को शपथ दिलाई जाती है, लेकिन बाहर गली-मोहल्लों में वही चीजें आसानी से उपलब्ध दिखती हैं, जिनसे दूर रहने की सीख दी जाती है। लगता है मानो एक हाथ से चेतावनी दी जा रही हो और दूसरे हाथ से रास्ता खोल दिया जा रहा हो।

लोग तंज में कहते हैं कि "नशा छोड़ो" के पोस्टर देखकर नशे के सौदागर भी मुस्कुरा लेते होंगे–क्योंकि उन्हें पता है कि पोस्टर और अभियान अलग हैं, और जमीनी व्यवस्था अलग।

व्यंग्य यही है कि अगर सच में नशा खत्म करना होता, तो अभियान सिर्फ नारों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि नशे के पूरे नेटवर्क पर ऐसी सख्ती होती कि उसका नामोनिशान मिट जाता। लेकिन जब हालात उल्टे दिखें, तो जनता के पास सिर्फ यही कहने को बचता है–"यह कैसा अभियान है, जो नशा रोकने से ज्यादा उसे दिखाने में व्यस्त लगता है?"

## जुमलों के बाजार में

जर्नलिस्ट वेद प्रकाश

झूठ बिकता है,
जुमलों के बाजार में।
सच हारता है,
जुमलों के तकरार में।
लोग छले जाते है,
जुमलों के व्यवहार में।
लोग धोखा खाते है,
जुमलों के बाजार में।
जनता परेशान होते है,
जुमलों के सरकार में।
भविष्य दिखाई देता है,
जुमलों की आवाज में।
फरेब किया जाता है,
जुमलों की बाजार में।
झूठी वादा होती है,
जुमलों की जुवान में।
पर वादे पूरी नही होती,
जुमलों की सरकार में।
सभी मात्र छलावा है,
वोटों की तलाश में।
झूठ बिकता है,
जुमलों की बाजार में।
सच हारता है,
जुमलों से तकरार में।

## जिसकी जितनी भोली मुस्कान,

जिसकी जितनी भोली मुस्कान,
उसका उतना हुआ सम्मान,
मधुर शब्द से जो मन सींचे,
वही बनता इक सच्चा इंसान।

मुस्कान की कोई आवाज नहीं,
यह तो हृदय का कोमल उपहार
जिसके अंतस प्रेम सलिला बहे,
उसका समूचे जग पर अधिकार ।

एक मुस्कान थके पथिक को
चलने का हौसला दे जाती
रोते हुए मन की भावना पर
आशा की किरण बन आती ।

फूलों ने शायद यही सीखा होगा,
खिलकर जग को खुशबू देना,
नदियों ने भी यही जाना होगा,
प्लावित हो सबको जीवन देना।

जिसने बाँटी स्नेह भरी मुस्कान,
उसका कायल हुआ हर इंसान
जिसने अपनेपन का दीप जलाया,
उसने गहन अंधकार को हराया।
जीवन की राहों में
इतना सा उपहार बचाए रखना,
जब भी कोई उदास मिले,
होठों पर एक मुस्कान सजाए

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# विश्व पर्यावरण दिवस पर गौतमबुद्धनगर में 1.21 लाख पौधरोपण का लक्ष्य पूर्ण

## सूरजपुर वेटलैंड में ह्यएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान का शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया पौधरोपण

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

गौतमबुद्धनगर, 05 जून 2026। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद गौतमबुद्धनगर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत 1,21,000 पौधों के रोपण का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। यह अभियान प्रदेश सरकार के उस लक्ष्य का हिस्सा था, जिसके तहत एक ही दिन में 5 करोड़ पौधों के रोपण का संकल्प लिया गया था।

जनपद का मुख्य कार्यक्रम सूरजपुर वेटलैंड में आयोजित किया गया, जहाँ प्रदेश के माननीय प्रभारी मंत्री ब्रजेश सिंह ने मौलश्री का पौधा रोपित कर ह्यएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण समय की आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।



कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं, सीआरपीएफ अधिकारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा नागरिकों ने भी



पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान में नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण सहित कृषि, उद्यान, वन, ग्राम्य विकास, पंचायती राज एवं नगर विकास विभागों ने संयुक्त रूप से सहभागिता निभाई।

अपने संबोधन में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है। लगाए गए पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है, जितना उनका रोपण। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संतुलन में योगदान दें। उन्होंने विशेष रूप से कृषकों से अनुरोध किया कि वे नोडल विभागों से निःशुल्क पौधे प्राप्त कर अपने खेतों एवं आसपास वृक्षारोपण को बढ़ावा दें।

कार्यक्रम के अंत में ह्यवृक्ष भंडारेह्व का शुभारंभ किया गया तथा तुलसी, नींबू, अमरूद सहित विभिन्न फलदार पौधों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रभागीय वनाधिकारी ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

## प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बॉक्सिंग चयन/ट्रायल्स 06 जून को मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगे आयोजित

### गौतमबुद्धनगर टीम के चयन हेतु जिला एवं मंडलीय ट्रायल्स की तैयारियाँ पूरी

गौतमबुद्धनगर, 05 जून 2026। प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बॉक्सिंग (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता के लिए जनपद गौतमबुद्धनगर की टीम के चयन हेतु जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स 06 जून 2026 को मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी जिला खेल अधिकारी डॉ. परवेज अली ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, मेरठ मंडल के निर्देशों के अनुपालन में यह चयन ट्रायल्स प्रातः 10:00 बजे से आयोजित होंगे।

उन्होंने बताया कि सब-जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग (जन्मतिथि 01 जनवरी 2012 से 31 दिसंबर 2013 के मध्य) के खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। चयनित खिलाड़ी 08 जून 2026 को कैलाश प्रकाश स्टेडियम, मेरठ में आयोजित मंडलीय चयन ट्रायल्स में प्रतिभाग करेंगे। इसके पश्चात प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन बालक वर्ग के लिए 10 से 13 जून 2026 तक तथा बालिका वर्ग के लिए 15 से 18 जून 2026 तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, सहारनपुर में किया जाएगा।

डॉ. परवेज अली ने बताया कि ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिनमें चिकित्साधिकारी द्वारा जारी आयु एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, शैक्षिक प्रमाण पत्र, खिलाड़ी एवं माता-पिता का आधार कार्ड तथा नगर निगम या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र शामिल हैं।

प्रतियोगिता विभिन्न भार वर्गों–30-33, 35, 37, 40, 43, 46, 49, 52, 55, 58, 61, 64, 67, 70 एवं +70 किलोग्राम–में आयोजित की जाएगी। जिला खेल विभाग ने सभी पात्र एवं इच्छुक खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर चयन ट्रायल्स में भाग लेने की अपील की है। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला कारागार में वृहद वृक्षारोपण अभियान

### विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

गौतमबुद्धनगर, 05 मई 2026। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर द्वारा जिला कारागार परिसर में वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी रावत ने जिला कारागार परिसर में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला कारागार अधीक्षक बृजेश, जेलर राजेश कुमार मौर्य, उप जेलर सुरजीत सिंह सहित लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता जितेंद्र कुमार एवं विपुल कुमार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कारागार परिसर में कटहल, रुद्राक्ष, आम, जामुन एवं नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे बड़ी संख्या में रोपित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया।

अधिकारियों ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। (सौजन्यः सूचना विभाग,

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध शराब बेचते एक आरोपी गिरफ्तार

### 31 पव्वा देशी शराब बरामद, बीटा-2 थाना क्षेत्र में संयुक्त अभियान के दौरान हुई गिरफ्तारी

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

नोएडा, 05 जून 2026। जनपद गौतमबुद्धनगर में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है।

उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के निर्देशों तथा जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के मार्गदर्शन में जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में जनपद भर में विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 04 जून 2026 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-6 एवं थाना बीटा-2 पुलिस की




संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम ने थाना बीटा-2 क्षेत्र से रमेश पुत्र नंदलाल निषाद को अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से उत्तर प्रदेश मार्का 'ट्विन टॉवर' ब्रांड के 31 पव्वे देशी शराब बरामद किए गए। बरामद शराब की कुल मात्रा 6.20 बल्क लीटर बताई गई है। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना बीटा-2 में उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## रिश्तेदार महिला की फोटो का दुरुपयोग करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

### फर्जी तरीके से पासपोर्ट में पत्नी के रूप में फोटो लगाने और धमकी देने का आरोप

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

नोएडा, 05 जून 2026। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिस पर महिला की तस्वीर का कथित रूप से दुरुपयोग करने, उसे वायरल करने की धमकी देने तथा जेवरात हड़पने का आरोप है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने थाना सेक्टर-39 में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी सुल्तान ने उनकी तस्वीर का दुरुपयोग करते हुए अपने पासपोर्ट में उन्हें पत्नी के रूप में दशार्या। आरोप है कि उसने उक्त फोटो को वायरल करने तथा जान से मारने की धमकी देकर पीड़िता से जेवरात भी ले लिए। पीड़िता आरोपी की रिश्तेदारी में चाची बताई गई हैं।

मामले की जांच के दौरान थाना सेक्टर-39 पुलिस ने वांछित अभियुक्त सुल्तान पुत्र कुरैश अहमद को सेक्टर-37 बस स्टैंड के निकट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से ग्राम संग्रामपुर रायमल, थाना फुलवरिया, जनपद गोपालगंज (बिहार) का निवासी है तथा वर्तमान में सलारपुर, थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में रह रहा था। उसकी आयु लगभग 33 वर्ष बताई गई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में वृहद वृक्षारोपण अभियान

### पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने किया पौधारोपण, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

नोएडा, 05 जून 2026। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स सहित सभी थाना परिसरों में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने स्वयं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के साथ अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) श्री अजय



कुमार, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय सहित कमिश्नरेट के विभिन्न पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त एवं अन्य पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया।

कार्यक्रम के दौरान कदम्ब, अमलतास, कचनार, अशोक, सहजन, मौलश्री, जामुन एवं गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कमिश्नरेट क्षेत्र में हजारों पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण तथा हरित वातावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति के संरक्षण के लिए सतत रूप से चलने वाला अभियान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और भावी पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियानों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

गौतमबुद्धनगर पुलिस का यह प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज में हरित चेतना और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रेरणादायी संदेश भी देता है।

## मोबाइल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश, दो आरोपी गिरफ्तार

### 67 चोरी के मोबाइल, लैपटॉप और मोबाइल खोलने के उपकरण बरामद, एक बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में



नोएडा, 05 जून 2026। थाना फेस-1 पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से 67 चोरी के मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, मोबाइल फोन खोलने के उपकरण, छह टूटे हुए मोबाइल फोल्डर तथा दो अवैध चाकू बरामद किए गए हैं। बरामद सामान की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पवन पुत्र वैधनाथ (40 वर्ष) तथा गोलू पुत्र विकास (20 वर्ष) निवासी नया बांस गांव, थाना फेस-1, नोएडा के रूप में हुई है। इनके साथ एक बाल अपचारी भी वारदातों में शामिल था, जिसे पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह दिल्ली, नोएडा, एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में भीड़भाड़ वाले स्थानों तथा रेड लाइट चौराहों को निशाना बनाता था। वारदात को अंजाम देने के लिए बाल अपचारी अचानक चलती गाड़ी के सामने आकर चोट लगने का नाटक करता था। जब वाहन चालक गाड़ी से उतरकर स्थिति देखने लगता था, उसी दौरान आरोपी गोलू वाहन की दूसरी ओर से खिड़की खोलकर मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो जाता था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी राहगीरों की जेब से मोबाइल चोरी, स्नैचिंग तथा पीजी और बंद मकानों में चोरी की घटनाओं को भी अंजाम देते थे। चोरी किए गए मोबाइल फोन में से कुछ को आरोपी राह चलते लोगों को सस्ते दामों में बेच देते थे, जबकि जो फोन नहीं बिकते थे, उनके लॉक पवन अपने लैपटॉप की सहायता से तोड़ देता था और उनके पुर्जे अलग-अलग बेच देता था।

**बरामदगी में शामिल सामान**

- 67 चोरी के मोबाइल फोन
- 06 टूटे हुए मोबाइल फोल्डर
- 01 एचपी कंपनी का लैपटॉप
- 05 धातु की चिमटी
- 14 विभिन्न प्रकार के पेचकस
- 01 मिनी ग्राइंडर
- 01 छोटी रेती
- 01 नुकीला प्लास
- 01 वायर कटर
- लगभग दो मीटर लंबी केबल
- 02 अवैध चाकू

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है तथा इनके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी, स्नैचिंग और शस्त्र अधिनियम से संबंधित विभिन्न मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है तथा गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और चोरी के माल की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क की जांच की जा रही है।

## बंद मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, पुलिस मुठभेड़ के बाद चार बदमाश गिरफ्तार

### दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल, 51 लाख रुपये के आभूषण व 11.27 लाख रुपये नकद बरामद

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

नोएडा, 05 जून 2026। थाना सूरजपुर पुलिस ने बंद मकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर गिरोह का पदार्फाश करते हुए पुलिस मुठभेड़ के बाद चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हो गए, जबकि उनके दो अन्य साथियों को कॉम्बिंग अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, मोजर बियर गोलचक्कर के निकट सर्विस रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे और पीछा किए जाने पर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में वकील उर्फ रिजवान और सरफराज उर्फ फैज घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया



है। गिरफ्तार अन्य अभियुक्तों की पहचान भोले उर्फ भोला तथा अलीजान के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से चार अवैध तमंचे, छह जीवित कारतूस, चार खोखा कारतूस, वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें, लगभग 51 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण तथा 11.27 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह नोएडा, एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में बंद मकानों की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। गिरफ्तार अभियुक्त भोले एक रैपिडो चालक है, जो विभिन्न सोसायटियों में घूमकर बंद पड़े मकानों की जानकारी एकत्र करता था और अपने साथियों को उपलब्ध कराता था। इसके बाद गिरोह सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम देता था।

पुलिस ने बताया कि बरामद आभूषण और नकदी सूरजपुर तथा अन्य थाना क्षेत्रों में दर्ज चोरी के कई मामलों से संबंधित हैं। इनमें पैरामाउंट सोसायटी, ग्राम जैतपुर और सेक्टर-144 स्थित आवासों में हुई चोरी की घटनाओं का माल भी शामिल है। इन मामलों में पहले से मुकदमे दर्ज हैं और बरामदगी के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

**बरामदगी का विवरण**

- सोने के बिस्किट एवं आभूषण लगभग 300 ग्राम (अनुमानित कीमत 51 लाख रुपये)
- चांदी के आभूषण लगभग 450 ग्राम (अनुमानित कीमत 1.25 लाख रुपये)
- नकद 11 लाख 27 हजार रुपये
- दो मोटरसाइकिलें
- चार अवैध तमंचे (.315 बोर)
- छह जीवित कारतूस एवं चार खोखा कारतूस

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार सभी अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है तथा गिरोह से जुड़े अन्य संभावित सदस्यों की तलाश की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अवैध बिजली कटौती का आरोप, बिल्डर पर नियम उल्लंघन के आरोप

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ओमकार नेस्ट्स प्राइवेट लिमिटेड पर अवैध बिजली कटौती का आरोप लगाया गया है।

इस संबंध में सोशल मीडिया पर की गई शिकायत में कहा गया है कि एनपीसीएल द्वारा जारी 03 जून 2026 के नोटिस में यह स्पष्ट किया गया है कि बिल्डर यूपीईआरसी नियमों का उल्लंघन करते हुए विद्युत मीटर से सीएएम शुल्क की कटौती कर रहा है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, यह प्रक्रिया नियमों के विरुद्ध है और इससे निवासियों को अनावश्यक विद्युत संकट का सामना करना पड़ रहा है।

नोटिस में बिल्डर को तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने की समय-सीमा भी दी गई है। इस मामले को लेकर निवासियों में नाराजगी व्यक्त की जा रही है और कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## जनगणना-2027 कार्य में तेजी लाने के निर्देश, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

ग्रेटर नोएडा। जनगणना-2027 के अंतर्गत नियुक्त सभी सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को निर्देशित किया गया है कि उन्हें आवंटित कार्य को शीघ्र पूर्ण करें, ताकि संबंधित कार्यों का सत्यापन निर्धारित समयावधि में प्राधिकरण द्वारा संपन्न कराया जा सके। भारसाधन (चार्ज) अधिकारी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा जारी सूचना में बताया गया है कि कुछ सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों के बीच यह भ्रांति फैलाई जा रही है कि यदि कोई कर्मचारी अपनी एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) का कार्य समय से पूर्व पूर्ण कर लेता है, तो उसे अतिरिक्त एचएलबी आवंटित कर दी जाएगी। प्राधिकरण ने इस प्रकार की चचाओं को पूरी तरह निराधार एवं भ्रामक बताया है।

अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि समय से पहले कार्य पूर्ण करने वाले सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को किसी प्रकार का अतिरिक्त कार्य आवंटित नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्मिकों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें और पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करें।




साथ ही यह भी जानकारी दी गई है कि जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रथम 500 एचएलबी का कार्य पूर्ण करने वाले सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को विशेष प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्राधिकरण ने सभी संबंधित कर्मचारियों से जनगणना-2027 के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने तथा निर्धारित समयसीमा का पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

## हत्या के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद

### ईकोटेक-3 पुलिस की कार्रवाई, हत्या में इस्तेमाल हथियार और मोटरसाइकिल भी हुई बरामद

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

नोएडा, 05 जून 2026। थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने हत्या के एक मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त पिस्टल, एक जीवित कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के ग्राम वेदपुरा में दीपक नागर की गोली मारकर हत्या किए जाने के संबंध में वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में थाना ईकोटेक-3 पर धारा 103(1), 61(2) एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

जांच के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त मनीष पुत्र राजवीर, निवासी ग्राम वेदपुरा, थाना ईकोटेक-3, घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी।

थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त मनीष को सेक्टर-10 सर्विस रोड क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त .32 बोर की एक पिस्टल, एक जीवित कारतूस तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

**बरामदगी**

- 01 पिस्टल (.32 बोर)
- 01 जीवित कारतूस (.32 बोर)
- 01 मोटरसाइकिल

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है तथा घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच जारी है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर राजघाट बबराला में हुआ पौधारोपण, डीएम-एसपी ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**समाज जागरण**

बहजोई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजघाट बबराला में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने भी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा रोपे गए पौधों की देखरेख का संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत, डीएफओ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर दिव्यांगजनों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, आकांक्षा सोसाइटी ने कराया पौधारोपण

**समाज जागरण**

चंदौसी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आकांक्षा सोसाइटी द्वारा दिव्यांग एवं निराश्रित दिव्यांगजनों हेतु संचालित आवश्यक ग्रह से प्रशिक्षण केंद्र में पर्यावरण जागरूकता एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों द्वारा गमलों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ दिव्यांगजनों को सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना था। पौधारोपण के दौरान दिव्यांगजनों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ सहभागिता की। उन्होंने पौधे लगाकर यह संदेश दिया कि समाज के हर वर्ग की तरह दिव्यांगजन भी पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इस अवसर पर आकांक्षा सोसाइटी की अध्यक्ष श्री मति संगीता भार्गव जी ने उपस्थित लोगों को बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और वृक्षों की लगातार हो रही कटाई चिंता का विषय है। ऐसे में अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज दिव्यांगजनों द्वारा किया गया यह पौधारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है। यह पहल दर्शाती है कि यदि अवसर और प्रोत्साहन मिले तो दिव्यांगजन भी समाज और पर्यावरण के हित में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं।

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों ने पौधों की देखभाल करने का संकल्प भी लिया। सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण, प्लास्टिक के कम उपयोग और स्वच्छता के महत्व पर भी चर्चा की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आकांक्षा सोसाइटी के सदस्य सरिता, सोनल ,काजल, निशा, शालू, अध्या, रूपाली, हर्ष, कुमुद एवं अंकुश सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। सभी ने मिलकर दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, उनकी देखभाल करने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है।

# चंदौसी में युवा व्यापारियों ने धूमधाम से मनाया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन



**समाज जागरण**

सम्भल/चंदौसी।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई द्वारा नगर चंदौसी में उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कैथल गेट पर युवा इकाई के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर मिठाइयाँ वितरित कर जन्मदिन मनाया गया तथा मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग आज सुरक्षित माहौल में अपना व्यापार कर रहा है।

वहीं नगर महामंत्री शुभम अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में व्यापार और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है, जिससे युवा व्यापारियों को नई दिशा और अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं सफल नेतृत्व की कामना की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू, शुभम अग्रवाल, निशांत शर्मा, राजू ठाकुर प्रतिपाल मौर्या वीरपाल राणा दीपक वार्ष्णेय सुमित शर्मा तुषार कृष्टल सहित अनेक कार्यकर्ता एवं व्यापारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# ग्राम समाज की भूमि से अवैध मजार हटाई गई, डीएम-एसपी ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

**समाज जागरण**



सम्भल। जनपद में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को तहसील गुन्नौर के ग्राम बाघऊ में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से निर्मित एक मजार को हटाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार ग्राम बाघऊ स्थित गाटा संख्या 592 में ग्राम समाज/ऊसर भूमि के 24 वर्गमीटर हिस्से पर अवैध रूप से बनाई गई "खेरे वाले चमन शाह बाबा दरगाह शरीफ" मजार को तहसीलदार रवि सोनकर के निर्देशन में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने जेसीबी की मदद से हटवाया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार अनुज कुमार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस बल मौजूद रहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी भूमि, तालाबों और चकमार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध कब्जों को हटाने का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और सार्वजनिक संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

प्रशासन के अनुसार ग्राम बाघऊ निवासी अजीज पुत्र अल्लन द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर मजार का निर्माण कराया गया था। इस मामले में तहसीलदार न्यायालय ने बेदखली का आदेश देते हुए 39 हजार रुपये क्षतिपूर्ति एवं 300 रुपये निष्पादन शुल्क भी आरोपित किया था। इसके विरुद्ध दायर अपील को जिलाधिकारी न्यायालय ने 3 जून 2026 को निरस्त कर दिया, जिसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए भूमि को कब्जामुक्त करा लिया।

गौरतलब है कि जिलाधिकारी ने गत माह सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खंड विकास अधिकारियों को सरकारी भूमि, तालाबों तथा चकमार्गों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। उसी क्रम में जनपदभर में अभियान चलाकर अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के रूप में डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। यूनिट हेड उपेन्द्र कुमार तोमर और उनकी पत्नी अंशु तोमर ने शुरूवात की,गन्ना समिति रजपुरा के सचिव देवप्रकाश त्यागी, वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना इकबाल सिंह, राजन कुमार दीक्षित और रंजना दीक्षित, नैना दीक्षित, संजीव कुमार, अंशु , सारांश, अवतार सिंह, आंचल बिंदल, बिंदु बिंदल , कबीर,अमित अग्रवाल, निशा अग्रवाल सुधीर त्यागी,सिखा त्यागी, संतोष चौहान, सुषमा चौहान मन चौहान, अमित चौहान, रिपुंजय उपाध्याय, आकाश ठाकुर, रंजीत सिंह, तिरज कुमार, जय सिंह इत्यादि उपस्थित थे।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाकर लिया संरक्षण का संकल्प

## ग्रुप की महिलाओं ने पौधों का वितरण कर लोगों को किया जागरूक

**समाज जागरण**

चन्दौसी। जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर, वूमेन प्राइड एवं वूमेन एरा द्वारा सीता रोड स्थित विनायक गार्डन में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जहां ग्रुप की महिलाओं द्वारा शमी पत्र, अशोक ,गुहल ,चंपा,नीम, तुलसी, गेंदा,बेलपत्र ,मोगरा ,हरसिंगार आदि के पौधे लगाकर



अन्य लोगों को भी पर्यावरण का महत्व समझाते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और उन्हें अधिक-अधिक से पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही सनातन धर्म के प्रचार प्रसार हेतु पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर सभी पदाधिकारी एवं ग्रुप मेंबर्स को जायंट्स ग्रुप द्वारा तुलसी पौधे वितरित किए गए। ग्रुप की अध्यक्ष नीतू अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जो बीज आज बोओगे वही कल छांव बनेंगे इसलिए हर एक पौधा हमारे अच्छे भविष्य की आधारशिला है। हम सभी को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। इस दौरान यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, सीसीएमजीडब्ल्यूएफ सुधा चौधरी, चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी, फेडरेशनआईपीपी पदमा भार्गव, फेडरेशन ऑफिसर ह्लशुभा कागजी, आईपीपी अलका मंगल तीनों ग्रुप प्रेसिडेंट वूमेन पावर, प्राइड एवं एरा नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल एवं अंजली चौधरी डीओए वंदना अग्रवाल, प्राची अग्रवाल एवं रेशू अग्रवाल डी ओ एफ सुनीता अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल एवं गीताली अग्रवाल के साथ ग्रुप की अन्य सदस्य स्वाति अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, पूजा वार्ष्णेय, मीनाक्षी अग्रवाल, काव्य प्रियांशी, नैना, मानसी, निमिषा, मन्नत, पूनम, नेहा, अंजलि, आंचल, नीतू, निधि, सारिका, वंदना, मीनू, ज्योति ,सिम्मी, पल्लवी आदि मौजूद रहीं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर दिव्यांगजनों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, आकांक्षा सोसाइटी ने कराया पौधारोपण

**समाज जागरण**

चंदौसी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आकांक्षा सोसाइटी द्वारा दिव्यांग एवं निराश्रित दिव्यांगजनों हेतु संचालित आवश्यक ग्रह से प्रशिक्षण केंद्र में पर्यावरण जागरूकता एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों द्वारा गमलों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ दिव्यांगजनों को सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना था। पौधारोपण के दौरान दिव्यांगजनों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ सहभागिता की। उन्होंने पौधे लगाकर यह संदेश दिया कि समाज के हर वर्ग की तरह दिव्यांगजन भी पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इस अवसर पर आकांक्षा सोसाइटी की अध्यक्ष श्री मति संगीता भार्गव जी ने उपस्थित लोगों को बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और वृक्षों की लगातार हो रही कटाई चिंता का विषय है। ऐसे में अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज दिव्यांगजनों द्वारा किया गया यह पौधारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है। यह पहल दर्शाती है कि यदि अवसर और प्रोत्साहन मिले तो दिव्यांगजन भी समाज और पर्यावरण के हित में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं।

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों ने पौधों की देखभाल करने का संकल्प भी लिया। सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण, प्लास्टिक के कम उपयोग और स्वच्छता के महत्व पर भी चर्चा की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आकांक्षा सोसाइटी के सदस्य सरिता, सोनल ,काजल, निशा, शालू, अध्या, रूपाली, हर्ष, कुमुद एवं अंकुश सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। सभी ने मिलकर दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, उनकी देखभाल करने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है।




# अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर में किया गया विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**




जनपद बिजनौर अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के कार्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता अवधेश कुमार शर्मा एवं अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रजाति के फलदार पौधों का रोपण किया गया । खण्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अधिशासी अभियंता के आवाह्न पर विश्व पर्यावरण दिवस पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनका संरक्षण करने, अनावश्यक प्लास्टिक उत्पाद का परित्याग करने , नदियों एवं जलस्त्रोतों की साफ-सफाई पर ध्यान केन्द्रित करने का संकल्प लिया । अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है ।इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है, ताकि जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं से लड़कर पृथ्वी को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और हरा-भरा बनाया जा सके ।पर्यावरण दिवस का इतिहास और इसका उद्देश्य लोगों को यह याद दिलाना है कि वे पर्यावरण का हिस्सा हैं ।लोगों को यह समझाना कि यदि हम आज प्रकृति का ध्यान नहीं रखेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी रहने योग्य नहीं बचेगी। पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाली गतिविधियों जैसे प्लास्टिक प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन को रोकने के लिए व्यक्तिगत और वैश्विक स्तर पर कदम उठाना। इस दौरान जूनियर इंजीनियर नवीन शर्मा, शिवेन्द्र भारद्वाज, नरेश कुमार, गजेंद्र चौहान, प्रधान सहायक राजाराम, सुधीर गोपाल, सुनील कुमार, वरिष्ठ सहायक मायाराम, पवन कुमार, पुनीत कुमार, दिग्विजय सिंह, विजेन्द्र राणा, खेवेन्द्र सिंह, विपिन चौहान, शिवकुमार, अरविन्द सैनी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पर्यावरण दिवस के अवसर पर कचहरी परिसर में हुआ गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण**



चंदौसी। साक्षी चंदौसी एडवोकेट यूनिटी के तत्वाधान में कचहरी परिसर स्थित चंदौसी बार रुम में पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम चंदौसी बार एसोसिएशन चंदौसी अध्यक्ष श्रीमान विनोद सिंह एड ओर एल्डर कमेटी चेयरमैन अनिल गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती को प्रणाम कर गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। साक्षी एडवोकेट यूनिटी की संयोजिका एड रंजना शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति के द्वारा दी गई अमूल्य धरोहर कैसे बनाएं रखें ओर पर्यावरण संरक्षण विषय पर चर्चा कर गोष्ठी का आरंभ किया।। इस विषय पर उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता गण सहित समस्त सम्मानित सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। चंदौसी बार एसोसिएशन चंदौसी अध्यक्ष एड विनोद सिंह ने बंद चैंबर में डस्टबिन रखने की योजना, ट्री गार्ड एवं सफाई अभियान के लिए सहमति दी ।साथ ही पूर्व सचिव एड नितिन सिंह ने बताया कि वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हम सब अधिवक्ता विन्रम सहमति से वर्किंग दिनों में महीने में से एक दिन बिना वाहन के कचहरी आयेंगे। एल्डर कमेटी सदस्य एड शकील वारसी ओर एड सगीर सैफी जी ने कचहरी परिसर में पेड़ लगाकर उसकी देखरेख करने का सुझाव दिया। एड अनिल गुप्ता जी द्वारा सुझाव दिया गया कि जिनके घर कहचरी के पास है वो पैदल भी आ सकते है इससे स्वस्थ भी रहेगे ओर प्रदूषण भी कम होगा। इस अवसर पर एड शकील अहमद सैफी एड ब्रिजेश प्रताप सिंह, एड ललित मोहन सैनी एड सफिया कादिर एड शिप्रा शर्मा एड राहुल मिश्रा एड आदि सदस्यों ने दिये गये सुझावों का स्वागत किया ओर चंदौसी बार एसोसिएशन चंदौसी के सम्मानित अध्यक्ष को ज्ञापन दिया गया। एड रंजना शर्मा द्वारा उपस्थित समस्त सम्मानित अधिवक्ता साथियों का आभार प्रकट किया गया।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष में चले धारदार हथियार व लाठी डंडे

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हुआ जिसमें एक पक्ष के चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें एक पक्ष की महिला बिजनौर से नाजुक हालत में मेरठ रेफर की गई है।

क्षेत्र के ग्राम कोहरपुर में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें एक पक्ष की ओर से भागमल पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम कोहरपुर थाना मण्डावर जिला बिजनौर द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि उनके विपक्षी मुलजिम धर्मपाल पुत्र जयमल, राजकुमार, गोपी पुत्रगण धर्मपाल उसका धेवता बंटी पुत्र नामालूम, सरस्वती, राजकुमार की पत्नी है। धर्मपाल वगैरा उनसे जमीनी रंजिश रखते है ।गुरुवार दोपहर करीब सवा 12 बजे की घटना है। उसकी पत्नी विमलेश व रेखा पत्नी रोहित,



मोहित, व संगीत अपनी जमीन मे पानी लगाने की तैयारी कर रहे थे , तभी मुलजिमान धर्मपाल, राजकुमार, गोपी, बंटी, सरस्वती, एक राय हो कर अपने हाथो मे तबल, सरिया, तमंचे लेकर आये राजकुमार के हाथ मे तमंचा गोपी के हाथ मे तबल, धर्मपाल के हाथ में सरिया तथा सरस्वती व बंटी के हाथ मे लाठी, थी। राजकुमार ने गाली ग्लोंच की और जान से मारने की नियत से उसकी पत्नी विमलेश, रेखा, मोहित, संगीत को मारना शुरू कर दिया। उनके चीखने चिल्लाने पर वह जब वहां पहुंचा तो आरोप है कि राजकुमार ने उस पर जान से मारने को लेकर फायर किया जिसमे वह बाल बाल बचा। उनके शोर पर आस पास से नरेश, विपिन आदि कई व्यक्ति मौके आ गये,जिन्होने उन्हें छुड़ाया। जाते समय मुलजिमान जान से मारने की धमकी दे गए। वह चुटैलो को लेकर सरकारी अस्पताल मण्डावर आया जहां से उन्हे सरकारी अस्पताल बिजनौर के लिये रैफर कर दिया चुटैलो की हालत गम्भीर देखते हुए । उसकी पत्नी विमलेश की हालत नाजुक देखते हुए सरकारी अस्पताल बिजनौर से मेरठ के लिये रैफर किया हैं, जो मेरठ अस्पताल मे भर्ती है ।वही थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपीयो की तलाश जा रही है।

# रेलवे फाटक पर बनने वाले ओवरब्रिज की राह में अड़चन, लोड टेस्ट में फेल हुई मिट्टी

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर स्योहारा। नगरवासियों को वर्षों से रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से राहत दिलाने के लिए प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) परियोजना को एक बार फिर तकनीकी बाधा का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे विभाग द्वारा कराई गई प्रारंभिक भू-वैज्ञानिक जांच में प्रस्तावित स्थल की मिट्टी अपेक्षित मानकों पर खरी नहीं उतर सकी है। करीब एक हजार टन भार रखकर किए गए लोड टेस्ट में जमीन की वहन क्षमता संतोषजनक नहीं मिलने के बाद विभाग ने दोबारा विस्तृत परीक्षण कराने का निर्णय लिया है।

जानकारी के अनुसार बहसूमाझचांदपुरझ ठाकुरद्वारा राज्य मार्ग संख्या-147 पर स्थित रेलवे फाटक के निकट प्रस्तावित ओवरब्रिज के लिए पिछले लगभग दो माह से तकनीकी सर्वे और मिट्टी की जांच का कार्य चल रहा था। रेलवे और तकनीकी विशेषज्ञों की संयुक्त टीम ने पहले चरण में लगभग 22 मीटर गहराई तक मिट्टी की ड्रिलिंग कर उसकी संरचना और मजबूती का परीक्षण किया था। इसके बाद जमीन की वास्तविक क्षमता जानने के लिए परीक्षण स्थल पर करीब एक हजार टन वजन रखकर लोड टेस्ट किया गया। इस परीक्षण के दौरान मिट्टी के दबाव सहन करने की क्षमता, धंसाव की स्थिति और भार वहन क्षमता का विस्तृत अध्ययन किया गया। विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में पाया गया कि मौजूदा स्थान की मिट्टी भारी संरचना को सुरक्षित रूप से सहारा देने के लिए निर्धारित मानकों पर पूरी तरह खरी नहीं उतर रही है।

रेलवे विभाग ने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अब जांच का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया है। अगले चरण में लगभग 40 मीटर गहराई तक मिट्टी की ड्रिलिंग कर भू-स्तरों का परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही दूसरे संभावित स्थानों की भी पहचान कर वहां मिट्टी की गुणवत्ता और भार वहन क्षमता का परीक्षण कराया जाएगा, ताकि पुल की नींव के लिए सबसे उपयुक्त स्थान का चयन किया जा सके।

विशेषज्ञों का कहना है कि रेलवे ओवरब्रिज जैसी विशाल संरचनाओं के निर्माण में नींव की मजबूती सबसे महत्वपूर्ण होती है। यदि मिट्टी की क्षमता मानकों के अनुरूप नहीं मिलती है तो भविष्य में संरचना की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। यही कारण है कि विभाग किसी भी प्रकार का जोखिम लेने के बजाय हर तकनीकी पहलू की गहन जांच कर रहा है।

उधर, ओवरब्रिज निर्माण की खबर से लंबे समय से उम्मीद लगाए बैठे नगरवासियों को इस तकनीकी प्रक्रिया के कारण कुछ और इंतजार करना पड़ सकता है। स्योहारा रेलवे फाटक पर प्रतिदिन लगने वाले जाम से हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूल जाने वाले छात्र, व्यापारी, नौकरीपेशा लोग और एंबुलेंस तक कई बार फाटक बंद होने के कारण जाम में फंस जाते हैं। ऐसे में यह परियोजना नगर की सबसे महत्वपूर्ण विकास योजनाओं में शामिल मानी जा रही है।

हालांकि तकनीकी परीक्षणों में लग रहा अतिरिक्त समय और ओवरब्रिज मार्ग में आने वाले अतिक्रमणों को हटाने की प्रक्रिया की धीमी रफ्तार परियोजना की समयसीमा को प्रभावित कर सकती है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सभी तकनीकी मानकों और सुरक्षा मानदंडों की पुष्टि करना आवश्यक है। जांच पूरी होने के बाद ही अंतिम डिजाइन और निर्माण प्रक्रिया को स्वीकृति दी जाएगी।

क्या होता है बेयरिंग कैपेसिटी टेस्ट?

पुल, फ्लाईओवर और बहुमंजिला भवनों के निर्माण से पहले जमीन की बेयरिंग कैपेसिटी (भार वहन क्षमता) की जांच की जाती है। इस परीक्षण के माध्यम से यह पता लगाया जाता है कि मिट्टी किसी भारी संरचना का कितना भार सुरक्षित रूप से सहन कर सकती है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही पिलरों की गहराई, नींव की चौड़ाई और पूरे पुल का डिजाइन तैयार किया जाता है। यदि मिट्टी कमजोर पाई जाती है तो वैकल्पिक स्थान या विशेष तकनीकों का उपयोग किया जाता है, ताकि निर्माण पूरी तरह सुरक्षित और टिकाऊ हो सके।

# बिजली संकट और स्मार्ट मीटर की लूट के खिलाफ AAP का प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

## बागपत में ओमबीर सिंह के नेतृत्व में नारेबाजी, २२-48 घंटे कटौती का आरोप

**समाज जागरण बागपत।**




आम आदमी पार्टी, बागपत ने शुक्रवार को बिजली संकट, महंगी दरों और स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर हुआ प्रदर्शन जिलाध्यक्ष ओमबीर सिंह सैन के नेतृत्व में हुआ। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ओमबीर सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी में प्रदेश की जनता बिजली संकट से त्रस्त है। कई जिलों में 22 से 48 घंटे तक बिजली गुल रह रही है। लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में किसान, छात्र, व्यापारी, कर्मचारी अघोषित कटौती से परेशान हैं। देश की सबसे महंगी दरें चुकाने के बाद भी निर्बाध बिजली नहीं मिल रही। सरकार सुधार के दावे कर रही है, पर हकीकत उलट है। गांव-शहर में घंटों कटौती से उद्योग, खेती और पढ़ाई सब प्रभावित है। उन्होंने बाराबंकी में बिजली न होने से सड़क किनारे सो रहे परिवार के 4 लोगों की मौत का उदाहरण दिया। मांग की कि इसकी उच्चस्तरीय जांच हो और पीड़ित परिवार को मुआवजा-न्याय मिले। आप ने कहा कि स्मार्ट मीटर से फर्जी बिलिंग, गलत रीडिंग और कई गुना बढ़े बिलों की शिकायतें लगातार आ रही हैं। लाखों उपभोक्ता आर्थिक शोषण झेल रहे हैं, पर समाधान नहीं हो रहा। कार्यकताओं ने नारेबाजी कर मांग की: अघोषित कटौती बंद हो, 24 घंटे बिजली मिले, दरें न बढ़ें, स्मार्ट मीटर-फर्जी बिलिंग की निष्पक्ष जांच हो, प्रदेश को सस्ती-क्वालिटी बिजली दी जाए। आप ने चेतावनी दी कि ये करोड़ों जनता का मुद्दा है। सरकार ने समाधान नहीं किया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस मौके पर ओमबीर सिंह, ब्रह्मसिंह, सचिन तोमर, गययूर अंसारी, वकील अंसारी, राजेन्द्र सिह, महेन्द्र सिंह, डाक्टर शाकिर, अनुज तोमर, राहुल भाई, फिरे सिंह, सहेन्द्र पाल राठी आदि साथी मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान, डीएम ने लगाया गुलमोहर

## दिव्यांग, बुजुर्ग, बच्चे और थर्ड जेंडर ने भी किया पौधारोपण

**समाज जागरण बागपत।**

विश्व पर्यावरण दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत वृक्षारोपण हुआ। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने गुलमोहर लगाकर हरित भविष्य का संदेश दिया। कार्यक्रम की खासियत रही कि दिव्यांगजन, बुजुर्ग महिलाएं, युवा, बच्चे और थर्ड जेंडर समुदाय ने उत्साह



से पौधे लगाए। डीएम अस्मिता लाल ने कहा कि एक पौधा आने वाली पीढ़ियों की धरोहर है। पीएम मोदी के "एक पेड़ माँ के नाम" और सीएम योगी के "हरित यूपी" संकल्प को जनभागीदारी से ही पूरा किया जा सकता है। उप जिलाधिकारी ज्योति शर्मा ने लोगों से घर-आंगन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेने की अपील की। डीएफओ विनोद कुमार, वन क्षेत्र अधिकारी श्रवण कुमार यादव समेत अधिकारियों-कर्मचारियों और नागरिकों ने भी भाग लिया।

# पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**समाज जागरण बागपत।**

ज्ञानदीप आर्चरी गौरीपुर जवाहर नगर की तीरंदाज नेहा का एकेडमी पहुंचने पर सम्मान व स्वागत किया गया। कोच मनोज चौहान ने बताया कि तीरंदाज



नेहा ने गोवा में होने वाली प्रथम सीनियर इंडोर तीरंदाजी प्रतियोगिता में दिनांक 24 मई से 29 मई तक प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में रैंकिंग में द्वितीय रैंक प्राप्त किया एवं इंडिविजुअल राउंड में भी द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल व 30 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त की। आर्चरी संचालक एवं कोच मनोज चौहान सहित सभी खिलाड़ियों ने इस अवसर पर नेहा का एकेडमी पहुंचने पर स्वागत किया एवं उसे बधाई दी। इस मौके पर सनी, वंदना, खुशी, शालू, तनु, प्रिया आदि खिलाड़ी मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल की मासिक बैठक में संगठन विस्तार व आगामी कार्यक्रमों पर मंथन

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा



की गई। बैठक में मंडल प्रभारी शक्ति सिंगल मुख्य अतिथि के रूप में तथा मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए शक्ति सिंगल ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है और इसकी सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने बताया कि 5 जून से 21 जून तक विभिन्न संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने तथा समाज के सभी वर्गों से संवाद स्थापित करने का आह्वान किया।मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया।।इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, राजीव शर्मा, रवि नामदेव, दीपक गुप्ता, डॉ. रामकुमार शर्मा, वीरेंद्र जैन, अनिल वोहरा, अलका चौहान, विनीत शर्मा, बदरू जमा, रज्जो डीलर, अंकित सैनी, प्रदीप शर्मा, घनश्याम सैनी, संदीप सैनी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित

# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जिवाना में मना विश्व पर्यावरण दिवस, प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने दिया हरित भविष्य का संदेश

**समाज जागरण बिनौली।**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिवाना स्थित गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि पेड़-पौधे पृथ्वी के वास्तविक आभूषण हैं। ये न केवल प्रदूषण कम करते हैं, बल्कि मानव जीवन को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण भी देते हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी समस्याओं से निपटने के लिए हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। प्रधानाचार्य पवन कुमार त्यागी ने कहा कि जल संरक्षण, स्वच्छता और वृक्षारोपण आज समय की सबसे बड़ी जरूरत है। यदि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। इस मौके पर लोगों से जल बचाने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की गई। साथ ही संदेश दिया गया कि प्रकृति की रक्षा करना ही मानवता की सच्ची सेवा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर महिला थाना के पास "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान, भाजपा नेता कुलदीप भारद्वाज ने लगाया पौधा

## "माँ जीवन देती हैं, वृक्ष जीवन बचाते हैं" - कुलदीप भारद्वाज

**समाज जागरण बागपत।**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चमरावल रोड स्थित महिला थाना के पास भाजपा जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया। कुलदीप भारद्वाज ने कहा कि माँ हमें जीवन देती है और वृक्ष धरती पर जीवन सुरक्षित रखते हैं। इसलिए ये अभियान सिर्फ पौधारोपण नहीं, बल्कि मातृत्व, प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, घटते वन और बदलता जलवायु संतुलन आज बड़ी चुनौती हैं। ऐसे में हर व्यक्ति को माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। वृक्ष शुद्ध हवा और स्वच्छ वातावरण देते हैं। एक पौधा लगाना भविष्य को सुरक्षित करने का कदम है। कुलदीप भारद्वाज ने सभी नागरिकों से ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण जन आंदोलन में शामिल होने की अपील की। कहा कि प्रकृति की सेवा ही मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी अमित उपाध्याय, विजेंद्र चौहान, बड़ौत देहात मंडल उपाध्यक्ष सौरव कुमार, रामकुमार आदि मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में किया वृक्षारोपण

**समाज जागरण बागपत।**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल मंडी टटीरी स्थित महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा हरित भविष्य की दिशा में सकारात्मक योगदान देना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर पौधारोपण किया। विद्यालय प्रबंधक मनोज कुमार ने इस अवसर पर कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल अपने परिवार के सदस्य की तरह करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यदि हम आज पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इसलिए विद्यालय द्वारा इस प्रकार के आयोजन लगातार किए जाते रहेंगे ताकि विद्यार्थियों और समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़े। इस अवसर पर नीरज कुमार, रण सिंह, योगेंद्र, राहुल कुमार आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्टाफ सदस्यों ने भी इस पहल में बढ़-चढ़कर भाग लिया और सभी पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ माँ के नाम अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की गई। यह आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणा दायक रहा, जिसने सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया।

# पर्यावरण एवं जलवायु संरक्षण दल भारतवर्ष ने चलाया पौधा वितरण अभियान

**समाज जागरण बागपत।**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण एवं जलवायु संरक्षण दल भारतवर्ष द्वारा जनपद बागपत में हरियाली पालो अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान जनपद बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह चौहान, महामहिम राष्ट्रपति एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों को पौधे भेंट किए गए। सभी लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। इस अवसर पर पर्यावरण एवं जलवायु संरक्षण दल भारतवर्ष के चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह तुगाना ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते हरित क्षेत्र मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। ऐसे समय में प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी करे। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें संरक्षित करना भी उतना ही आवश्यक है। सुरेन्द्र सिंह तुगाना ने बताया कि हरियाली पालो अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपने घरों, विद्यालयों, कार्यालयों एवं सार्व जनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हरियाली पालो अभियान के संरक्षक अजय खोखर, पुष्पेन्द्र खोखर सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और जनपद को हराभरा बनाने में अपना योगदान देने का भरोसा दिलाया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर माधव सरस्वती विद्या मंदिर में किया गया वृक्षारोपण

**समाज जागरण बागपत।**



विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर-मंडोला में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं आचार्यगणों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा प्रकृति के प्रति उत्तर दायित्व की भावना विकसित करना था। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। प्रधानाचार्य रवीश कुमार जी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।आचार्यगणों ने भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर एक पेड़ माँ के नाम तथा हरित पृथ्वी, स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए समाज के सभी वर्गों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया।

# पौधा गोद लो" - रेडक्रॉस बागपत की अनूठी पहल, युवाओं ने लिया संकल्प

## वैदिक कन्या कॉलेज में वृक्षारोपण, सिर्फ लगाने नहीं, पालने की भी ली जिम्मेदारी

**समाज जागरण बागपत।**



जिला रेडक्रॉस समिति ने शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण को लेकर "पौधा गोद लो" अभियान शुरू किया। वैदिक कन्या डिग्री कॉलेज में हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम में छात्रों, चिकित्सा स्वयंसेवकों और वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया। मुख्य वक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण बचाना पूरे समाज का दायित्व है। कमान अब युवाओं को संभालनी होगी। प्राचार्या डॉ. कमला अग्रवाल ने कहा कि स्कूल-कॉलेजों को छात्राओं को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना चाहिए। कॉलेज प्रशासन हर अभियान में आगे रहेगा। डॉ. मयंक गोयल ने जोर देकर कहा कि पेड़ सिर्फ लगाओ मत, गोद लो और बड़ा होने तक उसकी देखभाल करो। छात्राओं और युवा स्वयं सेवकों ने पूरे उत्साह से पौधे लगाए। रेडक्रॉस ने अपील की कि हर नागरिक अपने खास मौके पर एक पौधा जरूर लगाए।

# पर्यावरण दिवस पर कोणार्क विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने चलाया वृक्षारोपण अभियान

**समाज जागरण बागपत।**



विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर कोणार्क विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेकड़ा में पर्यावरण संरक्षण का महा-अभियान चलाया गया। इस गरिमामयी अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर हरित भविष्य का संदेश दिया। विद्यालय के उप-प्रबंधक अंकित धामा और प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी के विशेष आह्वान पर, विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने घरों पर ही रहकर वृक्षारोपण किया। नन्हे हाथों द्वारा लगाए गए इन पौधों की तस्वीरें और सेल्फी जब विद्यालय के व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा की गईं, तो वह दृश्य न केवल प्रेरणादायक था, बल्कि पर्यावरण के प्रति युवा पीढ़ी की गंभीरता को भी प्रदर्शित कर रहा था। इस अवसर पर प्रबंधक देवेंद्र धामा ने पर्यावरण को बचाने के लिए एक बहुआयामी कार्ययोजना साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों और समाज से प्लास्टिक व पॉलिथीन का पूर्ण बहिष्कार करने का संकल्प कराया। ऊर्जा संरक्षण पर अपने प्रभावशाली विचार रखते हुए उन्होंने कहा, बिजली की बचत केवल हमारे मासिक बिल को कम नहीं करती, बल्कि यह एक सच्ची राष्ट्र सेवा और समाज सेवा है। ऊर्जा का संरक्षण ही आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित पर्यावरण देने का एकमात्र मार्ग है। इसके साथ ही उन्होंने जल के प्रत्येक बूंद के संरक्षण और उसे व्यर्थ न बहने देने का भी आह्वान किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के समस्त स्टाफ के सराहनीय सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महज एक गतिविधि नहीं, बल्कि हमारी जीवन शैली का अनिवार्य हिस्सा है। कोणार्क विद्या पीठ का यह प्रयास समाज में एक नई चेतना जगाने वाला सिद्ध हुआ है, जहाँ विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर पृथ्वी को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# हिंदू युवा वाहिनी ने धूमधाम के साथ मनाया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का जन्मदिन

**समाज जागरण बागपत।**



हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत द्वारा बडौत में उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं हिंदू युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज का 54वाँ जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हवन-पूजन एवं सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया तथा योगी आदित्यनाथ जी महाराज के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत के जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने की, जबकि संचालन सह-संयोजक रवि पालीवाल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी आलोक शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं हिंदू युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक योगी आदित्यनाथ जी महाराज का उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्या णकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के गरीब, किसान, युवा एवं जरूरतमंद वर्ग तक पहुँच रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी नरेश पाल सिंह, भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री सचिन जैन, विश्व हिंदू महासंघ के जिला प्रभारी दीपक गौतम व भाजपा की बड़ौत नगर उपाध्यक्ष चांदनी दीक्षित ने भी अपने विचार रखे। पंचमुखी मंदिर गुरुकुल के ब्रह्म चारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विशेष पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर जिला सह प्रभारी योगेंद्र वैदिक, जिला संयोजक राकेश चौहान, जिला उपाध्यक्ष अरविंद खोखर, जिला संगठन महामंत्री अमित सरोहा, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष नरेश पाल सिंह, जिला मंत्री गुलबर सिंह, जिला मंत्री राजीव भारद्वाज, वरिष्ठ जिला मंत्री परवीन चौधरी, बड़ौत ब्लॉक अध्यक्ष मोहित उपाध्याय, बिनोली ब्लॉक अध्यक्ष आकाश शर्मा, छपरौली ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन जिंदल, खेकड़ा ब्लॉक अध्यक्ष आकाश त्यागी, ब्लॉक प्रभारी विजय वर्मा, बड़ौत नगर संगठन महामंत्री अंकित वर्मा, बड़ौत नगर अध्यक्ष अतुल जैन, आकाश वर्मा, कृष्णपाल सिंह ब्लॉक प्रभारी बिनोली आदि उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद में 2.12 लाख पौधों का रोपण

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया वृक्षारोपण

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में ह्यएक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुए, जिनमें जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया।वन विभाग की ओर से विकासखंड कांधला की ग्राम पंचायत किवाना में आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने रुद्राक्ष तथा भाजपा जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने अशोक का पौधा लगाया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी,डीएफओ बीरेंद्र सिंह रावत, पीडी डीआरडीए प्रेमचंद और क्षेत्रीय वन अधिकारी राजेश कुमार समेत अन्य अधिका रियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण कर उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस दौरान दर्जन लोग मौजूद रहे।

# विभिन्न शाखाओं ने संयुक्त रूप से निकाली जागरुकता रैली

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद हस्तिनापुर प्रांत की शामली की सभी शाखाओं द्वारा संयुक्त रूप से पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाओ का संदेश देने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ हनुमान धाम से मुख्य अतिथि सलिल द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व आईजी विजय गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सलिल द्विवेदी ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण तभी सार्थक होगा जब उसके साथ जल संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और सिंचाई से ही वे विकसित होकर पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकते हैं। जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र चौधरी, जिला सचिव अंकित गोयल के नेतृत्व में निकाली गई रैली हनुमान धाम से प्रारंभ होकर अग्रसेन पार्क, थाना कोतवाली सहित नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। रैली के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल बचत और वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण प्रांतीय चेयरमैन प्रदीप बंसल, डॉ. अजय चौधरी, मुकेश गर्ग एडवोकेट, नवीन गर्ग एडवोकेट, विकास शर्मा एडवोकेट, गौरव गोयल, सक्षम संगल, रामकुमार वर्मा एडवोकेट, अशोक कुमार, गौरव गोयल, मनोज मित्तल, सुनील अरोड़ा, प्रदीप संगल, वीणा अग्रवाल, पियूष बंसल, राजीव संगल, डॉ. अर्जुन वर्मा, अरुण बंसल, रवि संगल मौजूद रहे।

## बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग)देर रात हुई बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। नाले और नालियों की समुचित सफाई न होने के कारण वर्षा का कई स्थानों पर बारिश के बाद भी जलभराव की स्थिति बनी रही। जिससे सड़कों और दुकानदारों की दुकानों के बाहर गंदा पानी भरा रहा और भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

गत गुरूवार देर रात मौसम में हुए बदलाव के बाद झमाझम बारिश हुई। बारिश के बाद जहां उसम भरी गर्मी से निजात मिल सकी वही शुक्रवार सवेरे कई स्थानों पर जलभराव की स्थित बनी रही। नगर पालिका द्वारा नाले और नालियों की साफ सफाई न कराये जाने से गंदगी अटी रही, जिससे जल निकासी न होने से गंदा पानी सडकों पर भरा रहा। शहर के बरखंडी रोड, दिल्ली रोड तथा कलंदरशाह क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था की पोल खुलती नजर आई। कई स्थानों पर नालियां ओवरफ्लो हो गईं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर फैल गया। जलभराव के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर के नालों और नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से हर वर्ष बरसात के दौरान यही स्थिति उत्पन्न होती है। हल्की बारिश में भी कई क्षेत्रों में जलभराव हो जाता है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित होता है। बरखंडी रोड और दिल्ली रोड जैसे व्यस्त मार्गों पर पानी भर जाने से दुकानदारों को भारी परेशानियां हुई। कलंदरशाह क्षेत्र में गंदे पानी के जमा होने से लोगों को बदबू और गंदगी की समस्या का सामना करना पड़ा। जहां सवेरे लोग हाथों में स्वयं झाड़ू लेकर नालियों की साफ सफाई करते नजर आये। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से नालों और नालियों की नियमित सफाई कराने तथा जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

## ग्लोबल शांति केयर अस्पताल में पर्यावरण संरक्षण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली। (फुरकान जंग) विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर के ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में भारत तिब्बत सहयोग मंच, शाखा शामली के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण विषय पर संगोष्ठी एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कुशांक चौहान ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति बीमार पड़ता है और उसे ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है, तभी उसे स्वच्छ पर्यावरण और वृक्षों के महत्व का वास्तविक एहसास होता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है।उन्होंने लोगों से अपने घर, गली और मोहल्लों को स्वच्छ रखने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। इसके बाद मंच के पदाधिकारियों और चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से रामपुरम कॉलोनी, कैराना रोड क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम में सचिव अक्षय कुमार, सुरेंद्र कुमार, डॉ. सौरभ, विशाल कुमार, अनुज कुमार, विपिन चौहान, भोपाल चौहान, कुलदीप कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का संकल्प भी लिया।

## हलवाई मजदूर समिति की बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा

**समाज जागरण**




शामली।(फुरकान जंग) हलवाई मजदूर समिति की एक बैठक शहर के दिल्ली रोड स्थित एक बारातघर में आयोजित की गई। जिसमें समिति की नई कार्यकारणी की घोषणा करते हुए निर्णय लिया गया कि बैंक्वेट मालिकों, हलवाइयों और कैटरिंग संचालकों ने शादी-विवाह समारोहों में भोजन व्यवस्था रात्रि 12:30 बजे तक दी जायेगी। शुक्रवार को शहर के दिल्ली रोड स्थित एक बारातघर में हलवाई मजदूर समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि हर समाज के उत्थान के लिए एक संगठन की आवश्यकता होती है। यह संगठन बैंक्वेट मालिकों, हलवाइयों और कैटरिंग संचालकों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। इस दौरान संगठन की कार्यकारणी की घोषणा की गई, जिसमें रमेश चंद सोनी हलवाई को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी अन्य पदाधिकारियों को सदर विधायक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि दिन में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भोजन का समय दोपहर 3:30 बजे तक रहेगा, जबकि रात्रि कार्यक्रमों में भोजन वितरण की समय सीमा रात 12:30 बजे तक निर्धारित की गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि इस निर्णय से कार्यक्रमों का संचालन व्यवस्थित ढंग से हो सकेगा तथा अनावश्यक अव्यवस्था से बचाव होगा। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने तय समय सीमा का पालन करने पर सहमति व्यक्त की। इस दौरान रमेश चंद सोनी, राजेश बजाज, राजेंद्र, समय सिंह, रामभरोसे, राधे श्याम शास्त्री, पुष्पेंद्र, उत्तम नामदेव, अभिनव निर्वाल, अनुज सोनी, नीरज, रजनीश नामदेव, विकास, डॉ. गौरव मौजूद रहे।

# लायंस क्लब शामली क्राउन ने एक साथ दो प्रतिष्ठित सम्मान किए अपने नाम

**समाज जागरण**




शामली।(फुरकान जंग)लायंस क्लब शामली क्राउन ने एक साथ दो प्रतिष्ठित सम्मान अपने नाम किए हैं। क्लब को लायंस मल्टीपल 321 का सर्वोत्तम क्लब सम्मान तथा सम्मान रसोई परियोजना के लिए सर्वोत्तम सेवा परियोजना सम्मान प्रदान किया गया है। क्लब अध्यक्ष गौरव मित्तल एडवोकेट ने बताया कि यह सम्मान केवल क्लब का नहीं, बल्कि पूरे जनपद शामली का गौरव है। उन्होंने कहा कि सेवा कार्यों के प्रति समर्पण, सदस्यों की सक्रिय सहभागिता और समाज के सहयोग के कारण क्लब को यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। यह सम्मान भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा देगा। उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित होटल में आयोजित भव्य समारोह में क्लब को ये सम्मान प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन पंकज बिज लवान, मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन लायन रविंद्र सागर, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विनय सिसोदिया सहित मल्टीपल 321 के विभिन्न राज्यों एवं क्षेत्रों से आए वरिष्ठ पदाधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे। क्लब सचिव आशीष गोयल ने बताया कि लायंस मल्टीपल 321 के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, उत्तरी दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के करीब 1200 लायंस क्लब कार्यरत हैं। इनमें लायंस क्लब शामली क्राउन का सर्वश्रेष्ठ क्लब के रूप में चयन होना बड़ी उपलब्धि है। समारोह में लायंस क्लब शामली क्राउन की ओर से कोषाध्यक्ष तरुण कुमार जैन एवं संस्थापक अध्यक्ष संजय संगल भी उपस्थित रहे।

## कार्तिक चौधरी ने जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

**समाज जागरण**



शामली। जनपद के बनत निवासी युवा खिलाड़ी कार्तिक चौधरी ने ओडिशा में आयोजित जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। ओडिशा के खुर्दा में 30 मई से 3 जून तक आयोजित पांच दिवसीय जूनियर (बॉयज/गर्ल्स) नेशनल किकबॉक्सिंग चौंपियनशिप में देशभर के 1000 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एवेंजर्स फाइट क्लब के खिलाड़ी कार्तिक चौधरी ने किकबॉक्सिंग के इवेंट में अपने प्रतिद्वंद्वियों को नॉकआउट करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और अपने भार वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। कार्तिक चौधरी जनपद शामली के बनत गांव के निवासी हैं और वर्तमान में कक्षा 11 के छात्र हैं। वह पिछले दो वर्षों से एवेंजर्स फाइट क्लब में मार्शल आर्ट का नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। क्लब के कोच ऋषभ कान्त शर्मा एवं शिवांश भार्गव ने कार्तिक की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्तिक भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेगा।

## अपना घर आश्रम की पहल से लापता व्यक्ति का परिजनों से भावुक मिलन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग)अपना घर आश्रम की पहल से चार वर्षों से लापता एक व्यक्ति अपने परिवार से मिल गया। पति के मिलने पर पत्नी भावुक हो गई, वहीं तीन बच्चों को भी वर्षों बाद अपने पिता का स्नेह प्राप्त हुआ। परिवार ने आश्रम प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

अपना घर आश्रम दिल्ली की रेस्क्यू टीम को 1 मार्च 2026 को करनाल बाईपास स्थित शनि मंदिर के पास एक मानसिक रूप से अस्वस्थ, लावारिस एवं असहाय व्यक्ति मिला था। टीम ने उसे रेस्क्यू कर दिल्ली स्थित आश्रम में भर्ती कराया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम सतेंद्र बताया, लेकिन वह अपने बारे में अधिक जानकारी देने की स्थिति में नहीं था। बाद में 14 मई 2026 को उसे अपना घर आश्रम शामली भेजा गया। यहां उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। चिकित्सक डॉ. अरुण रॉय ने जांच के बाद बताया कि व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ है और उसे किसी विशेष दवा की आवश्यकता नहीं है, बल्कि उसे केवल अपनापन और स्नेह की जरूरत है। इसके बाद आश्रम के सेवासाथियों ने उसकी विशेष देखभाल शुरू कर दी। काउंसलिंग के दौरान 1 जून को उसने अपने गांव का नाम हरड़ फतेहपुर, जिला शामली बताया। आश्रम प्रशासन ने गांव के एक परिचित व्यक्ति मोहन से संपर्क कर जानकारी साझा की। इसके बाद 3 जून को उसका भाई नौशाद आश्रम पहुंचा और उसे पहचान लिया। भाई ने परिवार को सूचना दी, जिसके बाद उसकी पत्नी साजो भी आश्रम पहुंच गई। वर्षों बाद पति से मिलकर वह भावुक हो उठी। साजो ने बताया कि करीब चार वर्ष पहले उनके पति बिना बताए घर से कहीं चले गए थे। परिवार ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। उन्होंने बताया कि पति के लापता होने के बाद वह मजदूरी कर तीन बच्चों का पालन-पोषण कर रही थीं और अब उन्हें मिलने की उम्मीद भी लगभग खत्म हो चुकी थी। पत्नी ने बताया कि आश्रम से पति के मिलने की सूचना मिलने पर ऐसा लगा मानो उनकी खोई हुई दुनिया वापस मिल गई हो। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पति का वास्तविक नाम शौकीन है।

## समधी पक्ष पर मारपीट का आरोप

**समाज जागरण**

कैराना। एक व्यक्ति ने समधी पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। मोहल्ला अफगानान निवासी नौशाद खान ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि वह कैंसर से पीड़ित हैं। उसके पुत्र अब्दुल्ला का विवाह करीब 18 माह पूर्व मोहल्ला पीरजादगान निवासी शोयबा के साथ हुआ था। आरोप है कि 30 मई को प्रातः करीब 11 बजे पुत्रवधू के पिता रियाज खान, मां खुशनुमा, भाई खुर्रम तथा दो अज्ञात युवक लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए, जिन्होंने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इसके बाद वे उनकी आठ माह की गर्भवती पुत्रवधू को अपने साथ ले गए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस पर अवैध वसूली और फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का आरोप

### --एडीजी मेरठ से शिकायत, निष्पक्ष जांच की मांग

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी कपड़ा व्यापारी आरिफ पुत्र लतीफ ने पुलिस पर मारपीट, थाने में बैठाने, अवैध वसूली करने और शिकायत के बाद फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एडीजी, मेरठ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि विगत 29 मई को पड़ोस में हुए विवाद की सूचना उन्होंने पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने उन्हें ही थाने में बैठा लिया और 16 हजार रुपये की अवैध वसूली की। उनका आरोप है कि मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने और उच्चाधिकारियों से शिकायत किए जाने के बाद थाना प्रभारी ने गवाहों पर दबाव बनाकर अपने पक्ष में बयान दर्ज कराए। पीड़ित का कहना है कि 2 जून को उन्होंने एडीजी कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत की थी। इसके बाद थाना प्रभारी ने दूसरे पक्ष से मिलकर उनके भाई अहसान और भतीजे अदनान के खिलाफ फर्जी तरीके से गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया। पीड़ित शिकायतकर्ता ने मुकदमे को झूठा बताते हुए कहा कि घटना के समय खुद पीड़ित व उसका भाई अहसान एक मित्र के घर थे, जबकि भतीजा अदनान दिल्ली के शाहदरा स्थित अपनी दुकान पर मौजूद था। दोनों के वहां होने के सीसीटीवी साक्ष्य उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि 29 मई को मारपीट हुई थी तो तत्काल पुलिस या डायल-112 पर शिकायत क्यों नहीं की गई।पीड़ित ने एडीजी से मांग की है कि जांच में सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल फोन की सीडीआर को शामिल किया जाए। साथ ही उनके भाई और भतीजे के खिलाफ दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा कथित मारपीट और अवैध वसूली के मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। प्रकरण में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस की ओर से कोई भी अभी तक आधिकारिक पुष्टि बयान जारी नहीं हुआ है, और मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को शहर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शहर के अटल पार्क में जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सचिन जैन



भगतजी के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर गौरव विश्वकर्मा, नीरज गौतम सहित अन्य कार्यकताओं ने भी भाग लिया। अभियान के तहत करीब एक दर्जन पौधे रोपे गए। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना समय की आवश्यकता है। पौधे न केवल पर्यावरण को संतुलित रखने में सहायक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण भी सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने लोगों से पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया।

## गन्ना फसल को कीटों एवं बीमारियों से बचाव के बारे में किसानों को किया जागरूक

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

गन्ना फसल को कीटों एवं बीमारियों से बचाने के लिए शामली चीनी मिल के अधिकारी और कर्मचारी इन दिनों किसानों के खेतों में पहुंचकर किसानों को जागरूक कर रहे है। चीनी मिल के यूनिट हेड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी खेतों पर जाकर किसानों को फसल में लगने वाले कीटों और रोगों की पहचान कराने के साथ ही उनके नियंत्रण के वैज्ञानिक उपाय भी बता रहे हैं। चीनी मिल के अधिकारियों ने बताया कि इस समय गन्ने की फसल में सफेद और लाल रंग की पत्तियां दिखाई देना माइट (कीट) के प्रकोप का प्रमुख लक्षण है। इसकी रोकथाम के लिए 300 मिलीलीटर इमिडाक्लोप्रिड, तीन किलोग्राम सल्फर 90 प्रतिशत तथा 75 मिलीलीटर शैम्पू को 300 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि खेतों अथवा खेतों के आसपास उगी घास-फूस को नष्ट कर देना चाहिए, क्योंकि अधिकांश कीट इन्हीं में छिपे रहते हैं और बाद में गन्ने की फसल पर हमला करते हैं। महाप्रबंधक गन्ना सतीश बालियान ने किसानों को खरपतवार नाशक दवाओं के प्रयोग से बचने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि इन दवाओं का गन्ने की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे फसल की बढ़वार रुक जाती है, पत्तियां पीली पड़ जाती हैं और उत्पादन प्रभावित होता है। उन्होंने किसानों को खेतों में नियमित निराई-गुड़ाई कराने की सलाह दी।

## अभद्रता व धमकी देने में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। अभद्रता और धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया। मोहल्ला बिसातियान निवासी सुषमा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व मोहल्ले के ही नितिन का एक युवक से एक लाख रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। उस समय उसके पति ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया था। आरोप है कि तभी से नितिन उसके पति से रुपये मांगता है और गाली-गलौज करता आ रहा है। मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे नितिन, विशाल और मुकेश शराब के नशे में उसके घर पहुंचे तथा गाली-गलौज करते हुए झगड़ा किया। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। गांव बरनावी निवासी असलम ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि गत 27 मई की प्रातः करीब साढ़े आठ बजे उसका भाई आसू उर्फ आसमोहम्मद चम्मच फैक्ट्री से लौट रहा था। तभी रामड़ा बाईपास चौराहे के निकट तेज गति से आ रही बाइक ने उसके भाई की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां से उसे रेफर कर दिया गया था। मेरठ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बाइक चोरी कर ले जाने का आरोप

**समाज जागरण**

कैराना। एक ग्रामीण ने युवक पर बाइक चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया है। गांव जहानपुरा निवासी सावेज ने मुकदमा दर्ज कराया कि 31 मई को वह केनरा बैंक के निकट अपनी बाइक खड़ी कर कुछ दूरी पर चला गया था। आरोप है कि तभी मोहल्ला आलकलां निवासी कैफ उसकी बाइक चोरी कर फरार होने लगा। उसने आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं लग सका। पीड़ित का कहना है कि उसे जानकारी हुई है कि आरोपी ने साक्ष्य मिटाने की नीयत से बाइक में आग लगा दी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। गुरुवार रात पुलिस जंधेड़ी मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया, जिसके कब्जे से एक कैन के अंदर से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी आनंद निवासी गांव जंधेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

# भाजपा कार्यकताओं ने किया वृक्षारोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

वृक्षारोपण दिवस पर भाजपा मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत जैन और सभासद प्रदीप भार्गव ने पौधे लगाकर अभियान की शुरूआत की।प्रतिभा उर्फ सिमरन ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए आगे आना चाहिए।

डॉ. रश्मि कांत जैन ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण को



जनआंदोलन बनाना होगा। सभासद प्रदीप भार्गव ने युवाओं से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।इस अवसर पर सुंदरलाल सैनी, राजीव शर्मा, दीपक गुप्ता, विनीत शर्मा, रवि नामदेव, अनिल बोहरा, संदीप सैनी, वीरेंद्र जैन, रामकुमार शर्मा, गीता शर्मा और सृष्टि शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंजाब बीजेपी अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने नितिन नवीन से मुलाकात की; बीजेपी मिशन पंजाब 2027 शुरू करेगी

**चंडीगढ़ जैतो रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**



चंडीगढ़, 5 जूनः पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रदेश अध्यक्ष श्री केवल सिंह ढिल्लों ने आज नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन से मुलाकात की। इस मौके पर बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव और पंजाब के सह-प्रभारी विधायक नरेंद्र सिंह रैना के साथ-साथ प्रदेश महासचिव (संगठन) मंत्री श्रीनिवासुलु भी मौजूद थे। ढिल्लों ने पंजाब बीजेपी की कमान सौंपने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि वह पार्टी के सभी वर्गों को साथ लेकर चलेंगे और राज्य भर के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ तालमेल बिठाकर संगठन को मजबूत करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन और पार्टी कार्यकताओं के सामूहिक प्रयासों से बीजेपी पंजाब में एक मजबूत राजनीतिक ताकत के रूप में उभरेगी और फरवरी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद सरकार बनाएगी। बैठक के दौरान पंजाब के किसानों के कल्याण, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने और 2027 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी सरकार बनाने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। ढिल्लों ने कहा कि बीजेपी पंजाब को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और लोगों की सेवा में दिन-रात काम करने का संकल्प लिया। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में राज्य भर में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। बैठक का एक खास पल तब आया जब केवल सिंह ढिल्लों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह का चित्र भेंट किया और सरकार-ए-खालसा शासन के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों के बारे में जानकारी साझा की। ढिल्लों ने बताया कि महाराजा रणजीत सिंह के न्यायपूर्ण, जन-हितैषी और समावेशी शासन से प्रेरणा लेते हुए पंजाब में भविष्य की बीजेपी सरकार के विजन और विकास के रोडमैप पर चर्चा की गई। बीजेपी नेतृत्व ने विश्वास जताया कि पार्टी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ेगी और पंजाब के लिए एक सुनहरे, समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य को सुनिश्चित करेगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर फिरोजपुर मंडल ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**(दैनिक समाज जागरण/रघुनंदन पराशर चीफ ब्यूरो पंजाब)**




जैतो,5 जून : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा शुक्रवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, फिरोजपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण दिवस की शपथ दिलाई। सभी ने ऊर्जा एवं जल संरक्षण, अधिकाधिक वृक्षारोपण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली अपनाने का संकल्प लिया। 15 मई से 5 जून तक चलाए गए विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के तहत फिरोजपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों, कॉलोनियों एवं अस्पतालों में जाग रूकता कार्यक्रम, कार्य शालाएं, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता अभियान तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत फिरोजपुर मंडल में 427 पौधे लगाए गए, जिनमें से 50 पौधे मंडल कार्यालय परिसर में रोपे गए। अभियान के दौरान यात्रियों एवं कर्मचारियों को एकल-उपयोग प्लास्टिक से बचने, कचरे के पृथक्करण, पुनर्चक्रण, ई-वेस्ट के उचित निस्तारण तथा पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ट्रेनों एवं स्टेशनों पर उद्घोषणाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया गया।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि प्रकृति की रक्षा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा कर्तव्य है। छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस पर फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण संकल्प लेने का दृश्य।

# फिरोजपुर मंडल ने अप्रैल-मई माह में पंजाब से असम को 37 वैगनों से सामान किया रवाना : मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार

## फिरोजपुर मंडल व्यापारियों/ किसानों को अपने सामान/ उपज को देश के कोने-कोने तक भेजने में मदद कर रहा है

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,5 जून : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के डी.आर. एम. संजीव कुमार ने शुक्रवार को कहा कि फिरोजपुर मंडल ने किसानों और फुटकर व्यापारियों के लिए माल परिवहन में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। मंडल की ओर से पीसमील लोडिंग सुविधा को बढ़ावा देने के परिणामस्वरूप छोटे, मध्यम और फुटकर व्यापारी अब कम समय और कम लागत में अपने उत्पाद देश के दूर-दराज के बाजारों तक पहुंचाने में सफल हो रहे हैं। आमतौर पर रेलवे से माल भेजने के लिए पूरी मालगाड़ी (रेक) बुक करनी पड़ती है, लेकिन पीसमील लोडिंग व्यवस्था ने छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों के लिए नई राह खोल दी है। अब वे केवल एक या कुछ वैगनों में ही अपना माल बुक कर रेलवे की किफायती माल ढुलाई सेवा का लाभ उठा सकते हैं। इससे व्यापारियों को अपना सामान सड़क परिवहन के माध्यम से भेजने से लागत में काफी राहत मिलती है



।वित्त वर्ष 2026-27 के अप्रैल और मई माह के दौरान फिरोजपुर मंडल ने नवांशहर दोआबा, मुक्तसर और फाजिल्का रेलवे स्टेशनों से असम के लिए पीसमील लोडिंग के तहत 37 वैगनों में माल रवाना किया। इनमें नवांशहर दोआबा और मुक्तसर से पेपर तथा फाजिल्का से मवेशियों का चारा भेजा गया। यह उपलब्धि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 54 प्रतिशत से अधिक है।मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (बीडीयू) की सक्रिय भूमिका* के कारण यह संभव हो पाया है। बीडीयू यूनिट के सदस्य लगातार व्यापारिक और औद्योगिक संगठनों के संपर्क में रहकर रेलवे की माल परिवहन सुविधाओं की जानकारी दे रहे हैं। रेलवे का उद्देश्य केवल बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों और छोटे व्यापारियों को भी सशक्त बनाना है। पीसमील लोडिंग के माध्यम से उन्हें अपनी उपज और सामान को तेज, सुरक्षित और किफायती तरीके से देश के विभिन्न बाजारों तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है।

# प्रकृति के श्रृंगार के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण जरूरी है: सीजेएम पवन कुमार

## विश्व पर्यावरण दिवस पर त्रिवेणी लगाकर दिया संदेश

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**




भिवानी, 5 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत (माय भारत) भिवानी द्वारा स्थानीय यूथ हॉस्टल, भीम स्टेडियम परिसर में त्रिवेणी का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी के सचिव पवन कुमार ने शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला खेल अधिकारी विद्यानंद ने की, जबकि जिला युवा अधिकारी मानसा ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में महंत चरण दास महाराज का विशेष सानिध्य रहा। इसके अलावा नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं शिक्षाविद् गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाजसेवी लक्ष्मण गौड़, लेखाकार जितेंद्र सैनी, दीपक अग्रवाल तोला, मामनचंद साड़ीवाला, प्रवीण गोला गढ़, राजेश बिष्ट, दीपक कुमार, महेंद्रगढ़ से पौधागिरी अभियान के सूत्रधार राजेश कुमार भारद्वाज, मास्टर कपिल वर्मा, मास्टर दयानंद ग्रेवाल, सतीश कुमार यादव, सावित्री यादव, अनिल बेधड़क सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि हमें आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देना है तो प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रकृति के श्रृंगार और पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण जरूरी है। जिला खेल अधिकारी विद्यानंद, महंत चरण दास महाराज तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी युवाओं ने एक पेड़ मां के नाम लगाने व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा पौधारोपण कर हरित एवं स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया।

# डी.सी. ने नीट परीक्षा को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की; परीक्षा 21 को होगी

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो ,5 जून :फरीदकोट जिले में नीट परीक्षा 21 जून 2026 (रविवार) को आयोजित की जाएगी। डिप्टी कमिश्नर श्री राहुल चाबा ने परीक्षा के संबंध में अपने कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक



की। डिप्टी कमिश्नर ने शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग और अन्य विभागों के अधिकारियों को समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए उचित व्यवस्था करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि इन व्यवस्थाओं के तहत केंद्रों पर अनुभवी कर्मचारियों को तैनात किया जाए और ट्रैफिक प्लान तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन करें ताकि परीक्षा पारदर्शी और आरामदायक माहौल में आयोजित हो सके। इस मौके पर डी.ई.ओ.अंजना कौशल, प्रिंसिपल डॉ. सुनील कुमार, राज कुमार सचदेवा और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# चार दिवसीय जैन संस्कार शिविर सम्पन्न, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा और संस्कारों की झलक

**समाज जागरण**

कालांवाली,05 जून(सुरेश जोरा सिया) एसएस जैन सभा कालांवाली में मायराम संघ प्रवर्तक श्री सुभद्र मुनि जी के सुशिष्य नरेंद्र मुनि महाराज एवं सुमित मुनि जी महाराज ढाणा-3 तथा पंजाब वीरांगना कोकिल कंठी पूज्य गुरूनी मैया श्री किरण जी महाराज की प्रेरणा से आयोजित चार दिवसीय जैन संस्कार शिविर का शुक्रवार को उत्साहपूर्वक समापन हुआ। समापन अवसर पर बच्चों के लिए ह्लखाना बनाओ प्रतियोगिताह्न आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एसएस जैन सभा के अध्यक्ष सन्दीप जैन ने बताया कि शिविर के दौरान बच्चों को जीवन मूल्यों एवं संस्कारों से जुड़ी महत्वपूर्ण शिक्षाएं दी गईं। उन्हें धर्म, संस्कार, व्यावहारिक जीवन, माता-पिता की सेवा, सत्य के मार्ग पर चलने, नशों से दूर रहने तथा लड़ाई-झगड़े और हिंसा से बचने जैसे विषयों पर प्रेरित किया गया।



शिविर के समापन अवसर पर बच्चों ने अपने घरों से विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसके साथ ही सुंदर पेंटिंग एवं पक्षियों के लिए घोंसला बनाने की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में नितिका जैन ने प्रथम, गारवी जैन ने द्वितीय तथा रिशु जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं खाना बनाओ प्रतियोगिता में स्पर्ण जैन प्रथम, आशिका जैन द्वितीय एवं दीपांशु जैन तृतीय स्थान पर रहे। पक्षियों के लिए घोंसला निर्माण प्रतियोगिता में माघव जैन, केशव जैन एवं ईरान जैन को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में एसएस जैन सभा के प्रधान सन्दीप जैन, जगतार सिंह तारी, जगदीश प्रजापति, इंद्रजीत सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह तथा कपिल यादव ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। महिला मंडल की संरक्षक उषा जैन एवं लक्ष्मी जैन, वृक्षा जैन की देखरेख में आयोजित इस शिविर में प्रतिभागी बच्चों को बैग, पेन, कॉपी-किताब सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के उत्साह, रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति उनकी संवेदनशीलता की सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

# पंचायत उन्नति सूचकांक को वर्ष 2026 के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार के स्वर्ण पदक के लिए चुना गया

केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा डिजिटल प्लेट फार्मों में डेटा एनालिटिक्स के इस्तेमाल द्वारा उल्लेखनीय डिजिटल बदलाव लाने के लिए पंचायती राज मंत्रालय की प्रमुख डेटा-आधारित शासन पहल पंचायत उन्नति सूचकांक -पीएआई को संवर्ग सात के अंतर्गत राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 में स्वर्ण पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार उसे 1 और 2 जुलाई 2026 को जयपुर-राजस्थान में आयोजित होने वाले 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में प्रदान किया जाएगा। राजस्थान सरकार के सहयोग से प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय संयुक्त रूप से यह सम्मेलन आयोजित करेंगे। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय - विकसित भारत 2047: एआई-सक्षम, डेटा-आधारित और सुरक्षित डिजिटल शासन है। यह उभरती प्रौद्योगिकियों, डेटा-आधारित निर्णय लेने और सुदृढ साइबर सुरक्षा ढांचे द्वारा कुशल, सुरक्षित और जन-केंद्रित सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दशार्ता है। ई-गवर्नेंस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रतिवर्ष देश भर में ई-गवर्नेंस पहल कार्यान्वयन में उत्कृष्टता और प्रोत्साहन के लिए प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 2026 में,

सात पुरस्कार श्रेणियों में कुल 17 परियोजनाओं और पहल को इसके लिए चुना गया है। स्वर्ण पुरस्कार में एक ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और पहल और अधिक मजबूत बनाने तथा जन कल्याणकारी परिणामों को आगे बढ़ाने के लिए दस लाख रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि शामिल है।

**पंचायत उन्नति सूचकांक**

पंचायत उन्नति सूचकांक बहु-क्षेत्रीय सूचकांक है जिसका उपयोग पंचायतों के समग्र विकास, प्रदर्शन और प्रगति के आकलन के लिए किया जाता है। यह भारत का पहला व्यापक, डेटा-आधारित ढांचा है जो सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के नौ विषयों पर ग्राम पंचायतों के प्रदर्शन का आकलन और श्रेणी प्रदान करता है।

पंचायत उन्नति सूचकांक द्वितीय चरण, सूचकांक का नवीनतम और आधुनिक संस्करण है। इसमें 150 संकेतकों और 230 डेटा बिंदुओं के आधार पर दो लाख 60 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों का आकलन किया गया है। समग्र अंकों के आधार पर, ग्राम पंचायतों को पांच प्रदर्शन श्रेणियों में वगीर्कृत किया गया है। पंचायत उन्नति सूचकांक के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यहां क्लिक करें।

# कार्यकताओं के बल पर भाजपा बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : जेपी दलाल

## बूथ की मजबूती ही संगठन की असली ताकत, जनकल्याणकारी योजनाएं घर-घर पहुंचाएं कार्यकर्ता

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 5 जून। पूर्व कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण के बल पर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता होता है और बूथ की मजबूती ही कार्यकर्ता की मेहनत का परिणाम है। वे शुक्रवार को बहल स्थित ओम रिजॉर्ट में आयोजित भाजपा की हलकास्तरीय बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठन की नीतियों को आमजन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। जेपी दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार की नीतियों से देश का आधारभूत ढांचा मजबूत हुआ है और भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचा रही है।

बैठक को संबोधित करते हुए महेन्द्रगढ के विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि भाजपा में परिवारवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। मेहनती और कर्मठ कार्यकर्ता पार्टी में किसी भी पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जनता और संगठन के बीच मजबूत कड़ी हैं तथा उन्हें जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। लोहारू विधान सभा प्रभारी कमलेश भोडूका ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में जिलाध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक, मंडल अध्यक्ष सुनील सांगवान सिरसी, मुरारी लाल शर्मा ढिगावा, जिला पार्षद रविंद्र मंढोली, जिला पार्षद महेंद्र शर्मा, हनुमान शर्मा पाजू, बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, डॉक्टर विजेंद्र कस्वा ,राजीव श्योराण, अनिल झाझड़िया, सुनील हरियावास ,राम कुमार सिंघानी, हरीश मोरका ,रघुवीर भाम्भू, ओमपति मंढोली सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

किसानों के बीमा क्लेम पर भी बोले जेपी दलाल पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के बकाया बीमा क्लेम को लेकर गठित समिति का फैसला किसानों के हित में और पूरी तरह जायज है। उन्होंने कहा कि उन्होंने किसानों और सरकार के बीच सेतु का कार्य करते हुए मुख्यमंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष किसानों का पक्ष मजबूती से रखा। उन्होंने कहा कि बीमा क्लेम किसानों का अधिकार है और उन्हें समय पर मिलना चाहिए। जिस बीमा कंपनी ने किसानों के क्लेम के भुगतान में अनावश्यक देरी की है, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। बैठक के बाद जेपी दलाल ने अग्रसेन भवन में आदर्श नगर के निवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

# डॉ. जितेंद्र सिंह ने जम्मू में देश के सातवें क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र का शुभारम्भ किया

**यह जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के लिए जिला स्तरीय पूवार्नुमान प्रदान करने और अचानक बाढ़ तथा पर्वतीय मौसम संबंधी सटीक चेतावनी देने का केंद्र बनेगा**

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज जम्मू में नए क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि भारत के क्षेत्रीय मौसम पूवार्नुमान नेटवर्क के विस्तार के लिए जल्द ही लखनऊ में भी इसी प्रकार का एक केंद्र स्थापित किया जाएगा। जम्मू स्थित यह केंद्र देश का सातवां क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र बन गया है और यह जम्मू-कश्मीर, लद्दाख तथा हिमाचल प्रदेश के लिए काम करेगा। इसके साथ ही यह हिमालयी क्षेत्र के लिए विशेष रूप से तैयार की गई मौसम सेवाएं, आपदा चेतावनी और जलवायु सहायता प्रदान करेगा।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह नया केंद्र मैदानी इलाकों से लेकर ऊंचे पर्वतों तक फैले विविध भूभाग वाले क्षेत्र में मौसम की निगरानी, पूवार्नुमान और पूर्व चेतावनी प्रणालियों को मजबूत करेगा। यह जिला स्तरीय पूवार्नुमान, पर्वतीय मौसम पूवार्नुमान, पर्यटक सलाह, शहर-विशिष्ट मौसम सेवाएं और अचानक बाढ़, बादल फटने, हिमस्खलन, भारी हिमपात, आंधी-तूफान और भूस्खलन की चेतावनी प्रदान करेगा। इन सेवाओं से अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों, किसानों, परिवहन संचालकों, पनबिजली परियोजनाओं, आपदा प्रबंधन एजेंसियों और दुर्गम भूभाग में कार्यरत सुरक्षा बलों को लाभ मिलने की उम्मीद है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने पिछले एक दशक में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मौसम विज्ञान संबंधी बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2014 में इस क्षेत्र में कोई डॉप्लर मौसम रडार नहीं था, लेकिन अब जम्मू, श्रीनगर, लेह और बनिहाल टॉप पर चार डॉप्लर मौसम रडार कार्यरत हैं। मिशन मौसम के तहत अनंतनाग, राजौरी, बारामूला, किश्तवार और डोडा के लिए पांच अतिरिक्त डॉप्लर मौसम रडार प्रस्तावित किए गए हैं। अवलोकन नेटवर्क का भी काफी विस्तार हुआ है। वर्तमान में इस क्षेत्र में 56 वेधशालाएं हैं, जिनमें 15 मैनुअल वेधशालाएं, 25 स्वचालित मौसम स्टेशन (एडब्ल्यूएस) और 16 स्वचालित वषार्मापी (एआरजी) शामिल हैं, जबकि 2014 में 13 एडब्ल्यूएस और 14 एआरजी थी। हाल ही में, करगिल, रामबन जिले के उखराल और माता वैष्णो देवी भवन में एडब्ल्यूएस स्थापित किए गए हैं। चालू वित्त वर्ष में लगभग आठ और एडब्ल्यूएस तथा पांच एआरजी स्थापित किए

# राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा सोसायटी ने लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि ईएमआरएस में अमेजन फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम (एएफई) को लागू किया जा सके

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संगठन राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा सोसायटी (एनईएसटीएस) ने देश भर के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में अमेजन फ्यूचर इंजीनियर (एएफई) कार्यक्रम को लागू करने के लिए लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन (एलएलएफ) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एनईएसटीएस और लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन के बीच अमेजन फ्यूचर इंजीनियर कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए हुई साझेदारी से 2022 से अब तक कक्षा 6 से क तक के लगभग 80,000 छात्रों को फायदा हुआ है। इस सहयोग की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2028 तक प्रभावी अब नया समझौता ज्ञापन, भारत में अमेजन की कॉर्पोरेट परोपकार पहल के माध्यम

से आदिवासी छात्रों के बीच डिजिटल और तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस सहयोग के तहत, कार्यक्रम का विस्तार 443 ईएमआरएस को कवर करने के लिए किया जाएगा, और इससे कक्षा 6 से क तक के 2 लाख से अधिक छात्रों पर प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। इसमें उभरती प्रौद्योगिकियों में मूलभूत और उन्नत कौशल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।एआई को पाठ्यक्रम में एकीकृत करने के अलावा, अमेजन वंचित विद्यालयों में डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एनईएसटीएस के साथ सहयोग कर रहा है। इस पहल के तहत, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के दौरान ईएमआरएस के शिक्षकों को 284 से अधिक नवीनीकृत लैपटॉप प्रदान किए गए। इस प्रयास को आगे बढ़ाते हुए, शैक्षणिक वर्ष 2026-27 में 238 ईएमआरएस को 900 से अधिक डिजिटल उपकरण प्रदान किए जाएंगे, जिससे आदिवासी छात्रों को प्रौद्योगिकी-आधारित शिक्षा तक पहुंच प्राप्त हो सकेगी।

**एएफई कार्यक्रम में तीन प्रमुख घटक शामिल होंगेः**

कंप्यूटर विज्ञान के मूलभूत सिद्धांतः कोडिंग, कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और समस्या-समाधान कौशल का परिचय एआई साक्षरताः अनुभवात्मक और परियोजना-आधारित शिक्षण के माध्यम से एआई अवधारणाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना करियर एक्सपोजरः वर्चुअल इंडस्ट्री एक्सपोजर और करियर परिचय के माध्यम से प्रौद्योगिकी आधारित करियर के बारे में जानकारी प्रदान करना। इस कार्यक्रम में गतिविधि-आधारित और अनुभवात्मक शिक्षण पद्धति को अपनाया गया है, जिससे छात्रों को कक्षा में सीखी गई बातों को वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों से जोड़ने और नवाचार एवं आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण जागरूकता का आयोजन

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

विश्व पर्यावरण दिवस पर इकोप्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन द्वारा बेनीपुर खुर्द पंचायत में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में 5 किलोमीटर लंबी साइकिल रैली के साथ हुआ रैली बेनीपुर गांव के चौरा माता मंदिर से शुरू होकर अजोर पट्टी, गहनी होते हुए बेनीपुर खेल मैदान में पहुंचा। वहां आयोजित गोष्ठी में युवाओं एवं किसानों के साथ प्रेरणा कला मंच के साथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था।
कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य युवाओं, महिलाओं और किसानों में जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति समझ विकसित करना था। 40 स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण विषयक अपने मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा और तीन सर्वश्रेष्ठ मॉडल को पुरस्कृत भी किया गया। प्रेरणा कला मंच के साथियों ने 'हमारा पर्यावरण' शीर्षक आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जिसने लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व और उसके लाभों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करते हुए पौधों का वितरण भी किया गया। इसी अवसर संस्था के सहनिदेशक पंकज सिंह ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी तथा इकोप्रिज्म द्वारा चलाये जा रहे क्लाइमेट एक्शन कार्यक्रम में जानकारी दी। संस्था के कृषि विशेषज्ञ संजय पटेल ने प्राकृतिक कृषि तकनीकों तथा जैविक आदानों



के उपयोग पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने किसानों को रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर टिकाऊ एवं पर्यावरण-अनुकूल खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। किसानों के लिए स्थापित बायो रिसोर्स सेंटर में तैयार किए जा रहे जैविक उर्वरकों एवं जैविक कीटनाशकों के महत्त्व को बताया। कार्यक्रम के उपरांत महिलाओं के किये इकोप्रिज्म द्वारा स्थापित हाई-टेक नर्शरी का उद्घाटन मुख्य अथिति शीतांशु शर्मा और संस्था के सहनिदेशक अमिताव नाथ द्वारा किया गया। हाईटेक नर्शरी के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक विधि से तैयार उच्च गुणवत्ता वाले सब्जी के पौधे उपलब्ध करना है। इकोप्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संस्था है, जिसकी स्थापना बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के पूर्व छात्रों द्वारा की गई है। संस्था का उद्देश्य एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में योगदान देना, लोगों की आजीविका को सशक्त बनाना तथा जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता क्षरण जैसी चुनौतियों का समाधान करना है। वर्तमान में संस्था बेनीपुर पंचायत के किसानों के साथ प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। क्लाइमेट एक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत किसान समूहों के लिए बायो रिसोर्स सेंटर स्थापित कर उन्हें जैविक उर्वरक एवं जैविक कीटनाशक उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे टिकाऊ कृषि प्रणाली को बढ़ावा मिल सके।
कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की रितिका सिंह , रेखा देवी,हरीश भाई ने सक्रिय भूमिका निभाई।उपरोक्त जानकारी कृषि विशेषज्ञ संजय पटेल ने दी ।

# बेकाबू थार का कहर कई घायल

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

सिगरा थाना क्षेत्र के औरंगाबाद इलाके में गुरुवार को तेज रफ्तार थार ने जमकर कहर बरपाया। नाबालिग चालक द्वारा चलाई जा रही थार ने पहले एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारी, फिर घबराहट में वाहन की रफ्तार बढ़ाते हुए तीन अन्य लोगों को घायल कर दिया और अंततः एक दूध-मलाई की दुकान में जा घुसी। हादसे से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार यूपी 65 जीबी 1212 नंबर की काले रंग की थार में तीन नाबालिग सवार थे। वाहन को टेढ़ी नीम निवासी 17 वर्षीय प्रिन्स साहनी चला रहा था, जबकि उसके साथ अगस्तकुंडा गोदौलिया निवासी अक्षय यादव (16 वर्ष) और मानमंदिर निवासी पीयूष साहनी (17 वर्ष) मौजूद थे। तीनों औरंगाबाद से रामकुंड की ओर जा रहे थे। बताया गया कि थार ने पहले एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक घबरा गया और वाहन को तेज गति से भगाने लगा। इस दौरान सड़क पर मौजूद कई लोगों को चपेट में लेने के बाद थार सीधे मुन्नालाल की दूध-मलाई की दुकान में घुस गई, जिससे दुकान को भी भारी नुकसान पहुंचा। हादसे में रंगनाथ पांडेय (30 वर्ष), विश्वंभर नाथ चौरसिया (72 वर्ष) और मीता सोनकर (55 वर्ष) घायल हो गए। घायलों का उपचार क्रमशः पांडेयपुर अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर और सिगरा स्थित अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल सामान्य है। घटना की सूचना मिलते ही सिगरा पुलिस मौके पर पहुंची और थार को कब्जे में ले लिया। पुलिस को तहरीर प्राप्त हो गई है। नाबालिग चालक के साथ-साथ वाहन स्वामी के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पेट्रोल डालकर जलाए गए युवक की इलाज के दौरान मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र में पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना में गंभीर रूप से झुलसे युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने घटना को हत्या बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।
परिजनों का आरोप है कि युवक को सुनियोजित तरीके से पेट्रोल डालकर आग के हवाले किया गया था। मामले में मृतक पक्ष की ओर से जंसा थाने में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।बताया जा रहा है कि मौत से पहले युवक का बयान भी दर्ज किया गया था, जिसे जांच का महत्वपूर्ण आधार माना जा रहा है। युवक की मौत की सूचना मिलते ही क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए जंसा थाना प्रभारी निरीक्षक स्वयं शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के दौरान शिवपुर स्थित पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की निगरानी की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यावरण दिवस पर पौध रोपण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

लगातार हो रहे पर्यावरण क्षरण के कारण मानव जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त होता जा रहा है,जिसका मुख्य कारण बेतहाशा पेड़ो की कटाई भी है।अब मानव को भी पेड़ो की महत्व समझ आने लगी है जिसके जीता जागता सबूत आज विश्व पर्यावरण दिवस पर दिखाई दिया।



विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राथमिक विद्यालय बेसहुपुर परिसर में पौध लगाते सेवापुरी विकास खंड के खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव



प्राथमिक विद्यालय बरेमा के खेल मैदान में पौध रोपण करते प्रधानाध्यापक चंद्र भूषण सिंह।।



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौध रोपण करते पर्यावरण प्रेमी रंजीत तिवारी और उनका नन्हा पुत्र हनु तिवारी।



विश्व पर्यावरण दिवस पर सेवापुरी के विधायक प्रतिनिधि सु श्री आदित सिंह पटेल और सेवापुरी खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह द्वारा डोमेला ग्राम पंचायत मे पौध रोपण किया गया।




जन कवि धूमिल के गांव खेवली में पौध रोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाते पर्यावरण प्रहरी मनीष पटेल एव अन्य ।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर साइकिल रैली, प्रदर्शनी एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्व ज्योति जनसंचार समिति एवं इकोप्रिज्म कलेक्टिव फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बेनीपुर गांव में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती तथा सतत विकास के प्रति जागरूक करना था।
कार्यक्रम की शुरूआत बेनीपुर से अजोरपट्टी, औरा एवं गहनी होते हुए लगभग 4 किलोमीटर लंबी साइकिल रैली के साथ हुई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारों के माध्यम से लोगों को वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा प्रदूषण नियंत्रण का संदेश दिया।
इसके उपरांत विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों के बच्चों द्वारा पर्यावरण



विषयक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में प्राथमिक विद्यालय बेनीपुर, प्राथमिक विद्यालय मुर्दहा , प्राथमिक विद्यालय अजोरपट्टी, इको प्रिज्म, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुर्दहा, जी.एस. पब्लिक स्कूल आयर (प्राकृतिक खेती एवं जल संरक्षण), शांति शिक्षा निकेतन आयर, एस.बी. इंटर पब्लिक स्कूल अजोरपट्टी, गहनी वॉल्केनो (प्राकृतिक दृश्य), बेनीपुर सेव वाटर तथा एम.बी.ए.एच. स्कूल (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) सहित अन्य संस्थानों के बच्चों ने अपने मॉडल एवं चार्ट प्रस्तुत किए। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन, प्राकृतिक खेती तथा जल संकट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर रचनात्मक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रेरणा कलामंच के कलाकारों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक "डाल-डाल पर जान" तथा ब्रेक थियेटर "हमारा पर्यावरण" का प्रभावशाली मंचन किया गया। नाटकों के माध्यम से पर्यावरण विनाश के दुष्परिणामों तथा प्रकृति संरक्षण की आवश्यकता को सरल एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक के उपरांत विश्व ज्योति जनसंचार समिति के निदेशक प्रवीण जोशी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि स्वच्छ पर्यावरण, सुरक्षित जल स्रोत और हरित जीवनशैली ही आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा जल संरक्षण को अपनी दैनिक आदतों में शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखिलेश, शर्मिला, सुधा, प्रमोद पटेल, हरीश पाल, अमिताभ, पंकज, संजय, दयाकार पामासेट्टी एवं रितिका सिंह सहित 150 लोगो की सह भागिता रही। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, विद्यालयों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# हरहुआ ब्लाक के प्रशासक प्रधानों ने स्मृति चिन्ह भेंटकर भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। सीएम योगी जी के 54 वे जन्मदिन के अवसर पर प्रशासक प्रधान जिलामहामंत्री मधुवन यादव के नेतृत्व में नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष रामसकल पटेल का मुंह मिठाकर स्मृति चिन्ह भेंटकर कैम्प कार्यालय पर स्वागत करते हुए बधाई दी। हरहुआ ब्लाक के अंतर्गत सम्पन्न होने तथा प्रस्तावित विकास कार्यक्रमो की जानकारी देकर चर्चा किया। श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विकास की गंगा बहाते हुए आज पर्यावरण संरक्षण को लेकर




बृहद पौधरोपण अभियान शुरू किया है इसमें शत प्रतिशत भागीदारी निभाकर देशहित में योगदान सभी प्रशासक प्रधान करें और योगी जी के जन्मदिन साथ मनाएं। प्रतिनिधि मंडल में मधुवन यादव ,दीपक चौहान ,भगत यादव ,राजनारायण पटेल , ओमप्रकाश पटेल,आशीष राजभर ,बांकेलाल कन्नौजिया सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

# रोहनिया विधायक व जिलाधिकारी एवं सीडीओ ने संयुक्त रूप से किया पौधारोपण

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

केंद्र सरकार के 12 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने तथा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग की सहयोग से रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के घाटमपुर गांव में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल तथा जिलाधिकारी वाराणसी सत्येंद्र कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फलदार एवं छायादार पौधारोपण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थलों, प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी,



एएनएम सेंटर पर पौधारोपण के लिए आंगनबाड़ी, एएनएम तथा आशा कार्यकत्रियों को पौधा वितरण किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को पौधारोपण एवं उसके संरक्षण तथा क्षेत्र को हरा-भरा रखने हेतु शपथ दिलाते हुए कहा कि जो पेड़ लगाया जा रहा है रोजाना उसकी देखभाल करने हेतु प्रेरित किया और कहा कि यही पेड़ आने वाले समय में आपके जीवन में और आपके बच्चों के भविष्य के लिए वरदान साबित होंगे। रोहनिया विधायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं प्रदूषण मुक्त काशी, हरा भरा स्वच्छ काशी के लिए लोगों को जागरुक करते हुए प्रधानमंत्री जी के सपनों को साकार करने हेतु अपील किया।खंड विकास अधिकारी काशी विद्यापीठ ने बताया कि प्रति ग्राम पंचायत में 300 फलदार एवं छायादार पौधारोपण किया गया इसके अलावा ग्राम पंचायत के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा प्रति लाभार्थी पांच पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अभिषेक पटेल, ग्राम पंचायत सचिव रामानंद यादव,राष्ट्रीय सचिव अपना दल एस अजीत पटेल, अभिमन्यु सिंह वरिष्ठ नेता,गोविंद पटेल पूर्व जिलाध्यक्ष आईटी सेल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# पौध रोपण और पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी: डॉ भारत सिंह

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**

हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पृथ्वी पर जीवन के लिए आवश्यक पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना और उसके संरक्षण को बढ़ावा देना है। देश में बिगड़ता पर्यावरण और बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बन चुका है। लगातार बढ़ता तापमान और बारिश के दिनों में कमी पर्यावरणीय असंतुलन के स्पष्ट संकेत हैं।वही विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वाराणसी स्थित आर जे शकंरा आई हॉस्पिटल के यूनिट हेड डॉ भारत सिंह और डॉ सप्तगिरस ने संयुक्त रूप से हॉस्पिटल परिसर में पौध रोपण करते हुए उसके संरक्षण का संकल्प लिया।इस मौके पर डॉ. भारत सिंह संबोधित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए



अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने स्वच्छ वातावरण और स्वस्थ जीवन के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने को समय की जरूरत बताया। उन्होंने छात्रों से पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल करने का भी आग्रह किया।चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ सप्तगिरिश ने कहा आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी है,हर एक व्यक्ति को अपने जीवन में एक एक पौध अवश्य लगना चाहिए।पौध रोपण में शामिल संदीप सिंह सहित हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ के साथ साथ डॉक्टर शामिल रहे।

# पौधरोपण कर हरित क्रांति का सन्देश व संरक्षण के दायित्व को मिलकर निभायें :भूपेंद्र सिंह बीएसए

**समाज जागरण अनिल कुमार**
**हरहुआ वाराणसी।**

ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ते तापमान के दौर में वृक्षरोपण करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। कटाव रहित पौध संरक्षण का संकल्प ही असली देश सेवा है।। उक्त बातें पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय दान्दूपुर हरहुआ, वाराणसी में पौधरोपण अभियान की शुरूआत करते हुये नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन में व्यक्त की ' विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्या लय परिसर में मौसढ़ी, महो



गनी,फलदार व छायादार सहित दर्जनों पौधे लगाए गये। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित शिक्षकों, समुदाय के लोगों, छात्रों से उसके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।
पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रो0डा0जय कृष्ण सिंह विभागध्यक्ष सैन्य विज्ञान, गणेश राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोभी ने कहा कि विकास के नाम पर कंक्रीट के जंगल के लिए पेड़ों का कटाव मानवता के लिए एक भयावह खतरे का संकेत है, जिसके प्रति सबको सजग होना होगा ' खण्ड शिक्षाधिकारी हरहुआ पंकज यादव एवं डा0 शैलेन्द्र विक्रम सिंह,राज्य शिक्षक सम्मान'2019 से सम्मानित प्रधानाध्यापक ने मुख्य अतिथि सहित अन्य का अंगवस्त्र, गमले सहित पौधे स्मृति चिन्ह के रूप में देकर स्वागत किया ' पं0 शैलेश मिश्रा ने विधिवत मंगलाचरण, सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम शुरूआत कराया ' पौधरोपण में सर्वश्री बेच कुमार सिंह, डा0 सरोज सिंह, डा0 राजेश्वर सिंह, राजीव सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अरविन्द सिंह, सुरेश सिंह, अनिल सिंह, चंद्रशेखर सिंह, संजय मौर्य,मनोज सिंह, श्यामा यादव, अनूप कुमार,विभा सिंह, लीलावती सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे '

# पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण आवश्यक, हरहुआ ब्लाक में लगा एक पेड़ माँ के नाम

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतो द्वारा पंचायत भवन ,ग्राम पंचायत चक्का के शहीद स्मारक, ग्राम पंचायत अनौरा के वरुणा घाट अंत्येष्टि स्थल व सार्वजनिक स्थल ,ग्राम पंचायत भटौली व करोमा सहित हरहुआ ,औसानपुर ,औरा और गहनी ,गुरवट ,राजापुर के पंचायत भवन से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण प्रशासक प्रधानों ने किया। साथ ही साथ ग्रामीणों में पौधे वितरित किया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण कर ग्रामीणों ,बच्चों की टोली संग पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का कार्य किया गया। ग्राम प्रधानों ने कहा कि हरियाली से ही पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और स्वस्थ पर्यावरण ही जीवन का आधार है। बढ़ते तापमान का जिक्र करते हुए पेड़ों को इससे बचाव का एकमात्र उपाय बताया। इसलिए पर्यावरण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर ग्राम प्रधानों के साथ सचिव ,सफाई कर्मी ,रोजगार सेवक, स्कूली बच्चे ,एनसीसी व एनएसएस के



कैडेट ने सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण किया। कई ग्राम पंचायतों की ओर से पैदल ,साइकिल यात्रा, नुक्कड़ नाटक ,पौध संरक्षण के मॉडल का प्रदर्शन करते हुए हरित क्रांति का सन्देश दिया गया। प्रमुख रूप से प्रधान मधुवन यादव, सूर्यप्रकाश मौर्य ,दीपक चौहान ,शशिकला देवी , विद्योत्मा देवी,भगत यादव ,राजनारायण पटेल, बांकेलाल कन्नौजिया,अन्नू उर्फ अनवर ,आशीष राजभर, संजय कुमार , रविन्द्र यादव , उदय सिंह सहित लोगो ने पौध लगाए।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हरहुआ ब्लाक क्षेत्र में अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने किया पौधरोपण

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विश्व पर्यावरण दिवस पर हरहुआ ब्लाक क्षेत्र में अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने और सीएम योगी के 54 वे जन्म दिवस पौध लगाकर पर्यावरण बचाने का सन्देश दिया। हरहुआ ब्लाक परिसर में पौध लगाने के बाद अपने सम्बोधन मे कहा कि बृक्ष से हु जल और जीवन दोनो है बिना बृक्ष के जीवन सम्भव नही है। बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने स्वागत करते हुए एक साथ कर्मचारियों संग पौधरोपण किया। इस अवसर पर कपिलनारायन पांडेय, रामप्रकाश सिंह 'बीरू',राणा चौहान,अमितउपाध्यक्ष




,शिवाजी सिंह ,हीरू सिंह,प्रधान गहनी शशिकला देवी, कमलेश सिंह(एडीओ पंचायत),शैलेन्द्र सिंह व राकेश मिश्रा सहित अन्य लोगो ने एक -एक पौधा लगाया। इसके पश्चात औरा ,मुर्दहा, गुरवट ,गहनी समेत अन्य कई ग्राम पंचायतों में पहुंचकर 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाकर प्रधानों को इसके संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी।

# योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर मार्कण्डेय धाम में हुआ रुद्राभिषेक

**समाज जागरण**
**रंजीत तिवारी वाराणसी।**

उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर पावन धाम मार्कण्डेय महादेव मंदिर,कैथी प्रांगण में गोस्वामी प्रबंधक समिति के तत्वावधान में विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष एवं विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बजरंगी गिरि के नेतृत्व में भगवान बाबा मार्कण्डेय महादेव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तम स्वास्थ्य,दीघार्यु एवं यशस्वी जीवन की कामना करते



हुए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा-अर्चना की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं एवं समिति के सदस्यों ने प्रदेश के विकास एवं जनकल्याण के लिए भी मंगलकामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुबास सिंह गुड्डू,संतोष गिरि उर्फ पप्पू,पुजारी उमेश गिरि,पुजारी श्यामू गिरि,विनोद नाथ यति,बबलू गिरि ,नीतीश गिरि,गौरव गिरि,अमित गिरि सहित गोस्वामी प्रबंधक समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।समिति अध्यक्ष बजरंगी गिरि ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और सुशासन की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उनके जन्मदिवस पर आयोजित यह धार्मिक अनुष्ठान प्रदेश की समृद्धि और जनकल्याण के लिए समर्पित है।

# हरहुआ में पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधरोपण, मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया गया

## *जिला महामंत्री संजय सोनकर व मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा "अजय" के नेतृत्व में हुआ आयोजन।

**समाज जागरण अनिल कुमार**
**हरहुआ वाराणसी।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अजगरा विधानसभा के हरहुआ मण्डल भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्थापित हरहुआ पंचकोशी स्थित 'नवग्रह वाटिका' के प्रांगण में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला महामंत्री व हरहुआ मण्डल प्रभारी संजय सोनकर एवं मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय' ने किया।
कार्यकताओं ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा ने कहा, "प्रधानमंत्री के 'मिशन लाइफ' को जन-जन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। हर कार्यकर्ता एक पेड़ लगाए और उसकी रक्षा करे।" पौधरोपण के पश्चात सभी कार्यकर्ताओ ने उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर केक काटकर



जन्मदिन मनाया एवं उनके दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर कैलाश राय, अरुणेंद्र सिंह,सुरेंद्र पटेल, अपरबल सिंह, अरविंद कुमार, अखिलेश पटेल, महामंत्री मनोज पटेल, अनिल पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, आशुतोष सिंह, शिवबालक पटेल, जिला मंत्री पिछड़ा मोर्चा विजय वर्मा, सर्वजीत यादव, अनूप जायसवाल, दिलीप राजभर, संतोष सिंह, लालजी विश्वकर्मा, निर्मल सिंह, भाजयुमो से उत्सव सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विनोद सिंह काजू, सर्वेश सिंह, दुर्गा सिंह, ओमप्रकाश बादल, दिलीप कुमार, अजय पटेल, बिहारी पटेल, प्रिया सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया

पेड़ हैं तो जीवन है
- फादर पी विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

हार्टमन इंटर कॉलेज, हार्टमन पुर गाजीपुर के प्रबंधक काशीरत्न फादर पी विक्टर ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया। प्रकृति प्रेमी फादर विक्टर ने अपने जीवन को धर्म ,सेवा,शिक्षा एवं प्रकृति को समर्पित किया है।गाजीपुर, वाराणसी एवं जौनपुर में लाखों की संख्या में पौधारोपण कराने वाले फादर ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतवासियों से पौधारोपण का आग्रह किया।इस अवसर पर फादर ने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण



संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसे हर साल 5 जून को विश्व स्तर पर मनाया जाता है पर पौधा लगाने के लिए हमें केवल एक दिन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।विश्व पर्यावरण दिवस तो वृक्षारोपण एवं संरक्षण का प्रतीक मात्र है।हमें अपने जन्म दिन,वैवाहिक वर्षगाँठ या किसी शुभ अवसर पर पौधरोपण करना चाहिए।यूँ तो हर दिन वृक्षारोपण किया जा सकता है पर इसके लिए सबसे अनुकूल समय आसाढ़ और सावन का महीना है।छायादार, फलदार वृक्षों को अधिक से अधिक लगाना चाहिए।फादर ने अपने उद्बोधन में कहा कि तपती हुई धरती और तड़पते हुए जीव जंतु को वृक्षों से ही शीतलता मिलेगी।एयरकंडीशनर तो पर्यावरण के लिए विष के समान है।इससे बचने की जरूरत थी पर दुर्भाग्य से असंख्य एयरकंडीशनर लगाए जा रहे हैं।एक वृक्ष दस एयरकंडीशनर के बराबर शीतलता प्रदान करता है और एयरकंडीशनर की तरह गर्मी उत्सर्जित भी नहीं करता।वृक्ष की शीतलता वातावरण में फैल जाती है इसलिए सघन वृक्षों की अवली ही शीतलता प्रदान करेगी।वृक्ष जीव जंतु सभी के आश्रय हैं इसलिए भारतीय संस्कृति में उनके प्रति पूज्यभाव है हमें उस भाव को बनाए रखना होगा।



फादर के साथ एनसीसी के कैडेट्स,शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हलिया रेंज में 40 हेक्टेयर भूमि पर रोपे गए 64 हजार पौधे

**समाज जागरण**

मीरजापुर /विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण महायज्ञ के तहत हलिया रेंज के अंतर्गत उमरिया एक बैधा दस हेक्टयर भूमि पर समाजसेवी सुधीर सिंह व मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी, वन्यजीव प्रति पालक भास्कर प्रसाद पाण्डेय रेंजर संतोष कुमार राय,ने पीपल बरगद, पाकर के पौध रोपित कर शुभारम्भ किया है इसी प्रकार परसिया तीन औरा दस हेक्टेयर, हर्रा पांच डी गुर्गी सहित कुल 40 हेक्टेयर भूमि पर वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 64,000 पौधे रोपित किए गए।वन विभाग के अधिकारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर पौधरोपण में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाना और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करना बताया गया। रोपे गए पौधों में पीपल, बरगद, पाकर, इमली, महुआ, सहजन सागवान, शीशम, नीम, अर्जुन और फलदार प्रजातियों के पौधे शामिल थे।वन अधिकारियों ने कहा कि इन पौधों की सुरक्षा और देखभाल के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे पौधों को अपना मानकर उनकी रक्षा करें ताकि आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र घने जंगल में तब्दील हो सके।ग्रामीणों ने भी अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता दिखाई।इस दौरान वन दरोगा नीटू शर्मा, फारेस्ट गार्ड शीतला बक्स सिंह, अंकुर शुक्ल, शिवम सिंह, बबलू सिंह आदि मौजूद रहे




# शादी की सालगिरह पर बच्चों में बांटे गए काफी किताब कलाम

**समाज जागरण**

मीरजापुर /विकासखंड राजगढ़ के हिनौता गांव निवासी जयप्रकाश सिंह उर्फ पिंटू व्यापारी एवं समाजसेवी वरिष्ठ कार्यकर्ता बजरंग सेवा समिति का वैवाहिक वर्षगांठ एसबी पैलेस में धूमधाम से मनाया गया। जहां पर स्कूली बच्चों को पिंटू सिंह के द्वारा शादी की सालगिरह पर बच्चों में काफी किताब कलाम



और अन्य गिफ्ट देकर उनका सम्मान किया। इससे पहले कई बार उन्होंने अपनी शादी की वर्षगांठ के अलावा अन्य अवसरों पर स्कूली बच्चों खेलकूद किट और अन्य सामानों का वितरण कर चुके हैं। उनके इस कार्य से क्षेत्र के अभिभावक भी प्रसन्न रहे। इस अवसर पर उनके शुभचिंतकों ने केक काटकर धूमधाम से उत्सव के रूप में वर्षगांठ मनाया। कार्यक्रम में जितेंद्र कुमार सिंह, शिबू सिंह, ओम प्रकाश सिंह कोऑपरेटिव अध्यक्ष, अवधेश सिंह राकी सिंह मौके पर उपस्थित रहे।

# मानसून से पहले अदवा बांध के गेटों की मरम्मत में जुटा सिंचाई विभाग

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया मे मानसून के आगमन से पहले अदवा बांध के गेटों की मरम्मत का काम सिंचाई विभाग द्वारा तेजी से कराया जा रहा है।अदवा बांध के गेटो का मजदूरों द्वारा मरम्मत और रखरखाव का काम किया जा रहा है ।सिंचाई विभाग का उद्देश्य बारिश के दौरान बांध में आने वाले पानी के दबाव को नियंत्रित करना और गेटों की सुचारू कार्यप्रणाली सुनिश्चित करना है। ताकि जल भराव और बाढ़ की स्थिति में समय पर गेट खोले और बंद किए जा सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल मानसून से पहले मरम्मत कार्य होने से बांध की सुरक्षा बढ़ती है और निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा कम होता है। विभाग ने बताया कि मरम्मत कार्य निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाएगा। जिससे बारिश के समय अदवा बांध का जलस्तर बढ़ने पर अदवा बांध के गेट को खोलकर अदवा नदी में पानी छोड़ा जा सके



# खरदहा अमृत सरोवर पर विधायक ,समाज सेविजनो ने किया पौधरोपण दिया संरक्षण सन्देश

**समाज जागरण अनिल कुमार**
**हरहुआ वाराणसी।**

आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्लाक के ग्राम खरदहा अमृत सरोवर पर विधायक त्रिभुवन राम ,वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल नारायण पांडेय ने वृक्षारोपण किया। साथ ही साथ योगी जी का 54 वा जन्मदिवस मनाया।

वक्ताओं ने कहा कि कोरोना ने हमें यह सीख दिया कि जीवन मे ऑक्सीजन का कितना महत्व है। जब देश कराह रहा था तब उन्हें याद आया कि हमने पेंडो को काटकर प्राकृतिक ऑक्सीजन को कम कर दिया। आज जलवायु परिवर्तन (ग्लोबल वार्मिंग) भी एक चुनौतियों को झेल रहा है हमें हरित क्रांति लाने की जरूरत है। इस अवसर पर त्रिभुवन नारायण सिंह पूर्व प्रमुख, कपिलनारायन पांडेय,रामप्रकाश सिंह ,शिवनारायण सिंह बीडीओ चोलापुर ,ग्राम प्रधान आशा कुमारी विनोद सिंह,सुभाष सिंह,मोहन बाबू,राणा चौहान, शिवा जी सिंह,अजीत सिंह प्रधान,अवध नारायण चौहान पूर्व प्रधान,तथा कई सम्मानित जन उपस्थित रहे।



# शहीद तिलकधारी यादव स्मारक पार्क में पौधरोपण कर किया गया याद

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। भारत -चीन युद्ध 1962 मे देश के सीमा पर युद्ध करते हुए शहीद होने वाले चक्का गांव के जांबाज तिलकधारी ने रेजांगला युद्ध मे शहीद होकर देश के लिए अमर हो गए।आज जब देश आजाद है और पर्यावरण प्रदूषण के चुनौतियों को लेकर संघर्ष कर रहा है। तो चक्का गांव के युवा प्रधान मधुवन यादव व शहीद के पुत्र राजनाथ ने विधायक टी0 राम के नेतृत्व में ग्रामीणों ,स्थानीय जनों के साथ उनके यादगार में शहीद पार्क चक्का में सैकड़ो पौध लगाए व वितरण किया। प्रमुख रूप से सचिव वीरेंद्र कुमार, जिलामहामंत्री मधुवन यादव ,दीपक कुमार चौहान,कपिलनारायन पांडेय, बांकेलाल कन्नौनिया भगत यादव, राजनारायण पटेल, सोनू प्रसाद ,राजनाथ व एडवोकेट कौशलेंद्र यादव ने पौध लगाकर याद किया।



# समाज सेवी को जान से मारने की दी धमकी

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। समाजसेवी डॉ राधे श्याम कुशवाह ने थाना उत्तर में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा है कि गुरुवार की रात्रि घर आते समय पड़ोसी ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया और अन्य लोगो के साथ धमकी देता हुआ मौके से भाग गया थाना उत्तर क्षेत्र में रहने वाले समाज सेवी राधेश्याम कुशवाह ने थाना उत्तर में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा है। कि उनके पड़ोस में रहने वाले संजय पुत्र महेन्द्र सिंह, विक्रान्त पुत्र योगेन्द्र एवं उसका भाई विकास और उसकी माँ की सह पर अन्य लोगो को बुलाकर आये दिन गली के बाहर शराब पीते है, व जुआ खेलते है। और मना करने पर वह लोग पूरे मोहल्ले के निवासियों को भद्दी-भद्दी गालियां देते है। और तमंचा व चाकू निकाल लेते है। आये दिन की धमकी की बजह से एक परिवार अपना मकान बेचकर चला भी गया है।



उन्होंने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है, कि गुरुवार दिनाँक 04 जून की सुबह इन्ही लोगो ने मुझे व मेरी पत्नी को शराब के नशे में भद्दी-भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया।

वह गुरुवार रात्रि 09 बजे अपने घर जा रहा था। तो उन लोगो ने मुझे रास्ते मे पकड़ लिया, और जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड से हमला कर दिया। मै किसी तरह जान बचाकर वहां से घर की तरफ भाग निकला, शोर सुनकर मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गये। उसी दौरान संजय ने तमंचा निकाल लिया, जिसकी सूचना मैने डायल 112 पर कर दी।पुलिस के आने से पूर्व वह तमंचा लहराकर सुबह तक जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। राधेश्याम ने पुलिस से शिकायत करते हुए कहा है। कि इन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्यवाही करें।

# योगी जी के जन्म दिवस पर किया वृक्षारोपण

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस एवं उ. प्र. के यशस्वी मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव पर डॉ . अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी भाजपा फिरोजाबाद द्वारा पौधारोपण किया गया। डॉ . अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी भाजपा फिरोजाबाद ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आइए, प्रकृति के संरक्षण और सतत भविष्य के निर्माण के लिए एकजुट हों। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम है - ह्लप्रकृति से प्रेरित. जलवायु के लिए. हमारे उज्जवल भविष्य के लिए।ब्रूथ संख्या 385 पर कोटला फिरोजाबाद में प्रबुद्ध जनों के साथ मिलकर "एक पेड़ माँ के नाम" मुहिम के तहत पौधारोपण किया।



देश के युवाओं के साथ मिलकर प्रकृति को हरा-भरा बनाने और धरती माँ की सेवा करने का यह अनुभव बेहद प्रेरणादायक रहा। आइए हम सब मिलकर पर्यावरण के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभाएं।

पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ!

विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए तथा उत्तर प्रदेश के यशस्वी व लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिवस पर मा. मुख्यमंत्री जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं यशस्वी नेतृत्व की कामना के साथ पौधारोपण किया । इस दौरान प्रमुख रूप से कन्हैयालाल गौतम , प्रदीप त्यागी , सुरेश चंद्र , रोहित कुमार , संजय कुमार पांडेय आदि।।

# पूर्व पार्षद की मां का निधन शोक व्यक्त

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। नगर निगम के पूर्व पार्षद की मां राम प्यारी देवी पत्नी सियाराम यादव के निधन का समाचार सुनते ही लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।



क्षेत्रीय लोग तथा समाजवादी पार्टी के नेता गढ श्रद्धांजलि देने के लिए उनके घर पहुंचे और उन्हें पुष्पांजलि के साथ मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कमलेश यादव, सुनहरी लाल यादव, हरिश्चंद्र यादव,पप्पू यादव,बबलू संजय, पंकज, पवन,रामसिंह, ज्ञानसिंह बृजमोहन यादव, दामोदर यादव के साथ बहुत से लोग उपस्थित थे।

# विश्व पर्यावरण दिवसः कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी की अनूठी पहल, स्थापित हुआ त्रि-स्तरीय 'औषधि वन'

## 'एक पेड़ मां के नाम' महा-अभियान के तहत जनपद भर में हुआ वृहद पौधारोपण; जिलाधिकारी ने रोपा मौलश्री का पौधा।

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर आज कलेक्ट्रेट परिसर में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का एक अनूठा संदेश दिया गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कर धरा को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। इस विशेष अवसर पर जिलाधिकारी की अनूठी पहल के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में एक विशेष 'औषधि वन' की स्थापना की गई। इस वन को बेहद वैज्ञानिक और सुव्यवस्थित तरीके से तीन महत्वपूर्ण भागों में विभाजित किया गया हैः

प्रथम भागः इसमें स्वास्थ्य और जीवन रक्षक गुणों से भरपूर औषधीय पौधे रोपे गए हैं। द्वितीय भाग (पक्षी प्रवास): यहाँ ऐसे छायादार और घने वृक्ष लगाए गए हैं, जहाँ पक्षी सुगमता से अपने घोंसले बनाकर प्रवास कर सकें।

**तृतीय भाग (सौंदर्य और संतुलन): परिसर के सौंदर्य** और प्राकृतिक संतुलन को बढ़ाने के लिए सुंदर लता युक्त (बेलों वाले) पौधों को स्थान दिया गया है।




इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह और अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहाः "हमारा प्रयास केवल वन क्षेत्र को विस्तृत करना नहीं है, बल्कि एक ऐसा जैव-विविधता क्षेत्र विकसित करना है जो जल संरक्षण के लिए उपयोगी हो और पौधों में छिपी गुणकारी आयुर्वेदिक शक्तियां जन समुदाय के सामने आ सकें।" जिलाधिकारी ने आगे कहा कि संपूर्ण जनपद में 'एक पेड़ मां के नाम' महा-अभियान पूरी आत्मीयता के साथ चलाया जा रहा है। अगर धरती को बचाना है और हरियाली युक्त करना है, तो हमें पौधों के साथ ठीक वैसा ही आत्मीय रिश्ता बनाना होगा जैसा एक मां का अपने बच्चों के साथ होता है। जिस तरह एक बच्चा अपनी मां से गहरा लगाव रखता है, उसी तरह हमें इन पौधों की देखभाल करनी होगी; तभी ये पौधे संरक्षित होकर आने वाले समय में हमारे पर्यावरण को संतुलित रखेंगे और हमारी प्राण-वायु बनेंगे।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में मौलश्री के पौधे का रोपण किया गया। जिलाधिकारी की इस मुहिम से प्रेरणा लेते हुए जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों, सभी तहसीलों और सभी विकास खंडों (ब्लॉकों) में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम जनता ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के समस्त वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बंदरों की घुड़की से छत से गिरी महिला हालत गंभीर आगरा रैफर

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण के मोहल्ला बासठ में शुक्रवार की दोपहर बंदरों की घुड़की से महिला छतसे गिर गई। जिसे उपचारके लिए ट्रामा सेंटर लाया गया चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दशानाजुक देख आगरा रेफर कर दिया बासठ निवासी 35 वर्षीय आशाभारती पत्नी राधा मोहन भारती शुक्रवारकी दोपहर छत पर कपड़े उठाने के लिए गई थी। तभी बंदरो की एक टोली आ गई और उसे घुड़की देने लगी महिला डर कर भागी तभी उसका पैर फिसल गया और वह नीचे आकर गिर पड़ी जिसके फल स्वरुप उसके गंभीर चोटे आई परिजन उसे आनंन फानन में उपचार केलिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दशा नाजुक देख आगरा रेफर कर दिया है।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, निकाली जागरूकता रैली।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, फिरोजाबाद के सहयोग एवं कोमल फाउंडेशन के तत्वावधान में "हमारे भविष्य के लिए जलवायु हेतु प्रकृति से प्रेरित" विषय पर आधारित पर्यावरण चित्रकला प्रतियोगिता, संगोष्ठी, जनजागरूकता रैली एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कुबेर विद्यापीठ इंटर कॉलेज, जलेसर रोड में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का प्रभावशाली संदेश दिया।

प्रतियोगिता में दीक्षा कुमारी ने प्रथम, साहिल कुमार ने द्वितीय तथा कुमारी रजनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विनय कुमार, आकाश, अरुण, अनन्या मिश्रा, प्रियंका, देव कुमार, श्वेता कुमारी, हिमांशी कुमारी, रौनक कुमारी, चंचल एवं वर्षा को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, फिरोजाबाद के क्षेत्रीय अधिकारी भुवन प्रकाश यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस मनाने का विषय नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। यदि हम आज प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को नहीं समझेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

सहायक वैज्ञानिक अधिकारी सुनील कुमार चौहान ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज वैश्विक चिंता का विषय है। पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के माध्यम से ही हम पृथ्वी को सुरक्षित और संतुलित बनाए रख सकते हैं। विद्यार्थियों की सहभागिता इस दिशा में अत्यंत सकारात्मक संकेत है।



अवर अभियंता अमनदीप सिंह ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना, जल संरक्षण करना तथा अधिकाधिक पौधारोपण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं।

कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। बच्चों और युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करके ही हम एक स्वच्छ, हरित और सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। कोमल फाउंडेशन लगातार शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है और आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी भुवन प्रकाश यादव, सहायक वैज्ञानिक अधिकारी सुनील कुमार चौहान, अवर अभियंता अमनदीप सिंह एवं कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने विजेता विद्यार्थियों को मोमेंटो, प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा एक विशाल पर्यावरण जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली कुबेर विद्यापीठ इंटर कॉलेज, जलेसर रोड से प्रारंभ होकर करो रोड एवं झलकारी नगर की विभिन्न गलियों से होते हुए निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारों एवं संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

इसी क्रम में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंधक राजेश यादव, प्रधानाचार्य योगेश यादव, कोमल फाउंडेशन के अनिल कुमार वर्मा, नरेंद्र कुमार, रोहित कुमार शंखवार, सुनील कुमार, अजय कुमार, अंकित कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण ही जीवन का मूल - डॉ० विनोद पाण्डेय

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। महात्मा गांधी काशी विद्या पीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिनांक 5 जून 2026 को "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में स्वयंसेवकों द्वारा एनटीपीसी परिसर में जामुन, आम, अमरूद, नीम, सहतूत आदि पौधों का रोपण किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय नागरिकों को भी पौधारोपण के लिए जागरूक किया गया एवं उन्हें पौधा दान किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के इस पावन अवसर पर एनटीपीसी परिसर के शिक्षकों, कर्मचारीयों, छात्र- छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ० विनोद कुमार पाण्डेय ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण के चुनौतियों के समाधान के लिए अग्रसर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबके जीवन का मूल मंत्र है इसके बिना हमारे जीवन में संतुलन संभव नहीं है। इस अवसर पर अमित कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को अपने निवास के आसपास पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने पर बल दिया। कार्यक्रम में इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० छोटेलाल प्रसाद ने स्वयंसेवकों से हम बदलेंगे जग बदलेगा का आह्वान किया और मानव जीवन को सुरक्षित रखने के लिए इसे एक आवश्यक कार्य बताया। इस दौरान रविकांत कुशवाहा और अम्बरीष कुमार ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित विश्वकर्मा, नीरज, समीर, पूनम, खुशी, प्रभा, अनुराधा, अंकिता, अमीषा, उज्जवल, अनीश, कृष्णा, प्रिया हाजरा, पल्लवी, हिमांशु, आशुतोष, चंदा, का योगदान सराहनीय रहा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर महादेव सेना ट्रस्ट का सराहनीय अभियान, किया गया पौधारोपण

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महादेव सेना ट्रस्ट संगठन द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन ओबरा तहसील क्षेत्र के कोटा खास गांव में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्भय चौधरी ने किया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्थानों पर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लेते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित बनाए रखने में ही सहायक नहीं होते, बल्कि मानव जीवन और पृथ्वी पर समस्त जीव-जंतुओं के अस्तित्व का आधार भी हैं। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसे समय में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना बेहद आवश्यक हो गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्भय चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। यदि आज हम पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी करें। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में अमरेश उपाध्याय, राघवेंद्र त्रिपाठी, सुशील त्रिपाठी, लवकेश प्रजापति, आकाश उपाध्याय, पीयूष जाय सवाल, टुनटुन, मनीष, दिव्येश, डॉ. रणविजय, आशीष जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि "एक पेड़ सौ पुत्रों के समान" की भावना को अपनाकर ही धरती को हरा-भरा और सुरक्षित बनाया जा सकता है। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित यह अभियान लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हरित भविष्य की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम वन में वृहद वृक्षारोपण, हरित भविष्य का लिया संकल्प

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को चोपन विकास खंड के ग्राम वन में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान ग्राम वन क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे रोपे गए तथा उनके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख लीलावती गोंड, खंड विकास अधि कारी (बीडीओ) अजीत यादव , सहायक विकास अधिकारी कांशी राम ठाकुर, सचिव निर्भय सिंह, ग्राम प्रधान दुर्गेश्वर यादव, मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, भाजपा शक्ति केंद्र चोपन अध्यक्ष रामकुमार सोनी, पूर्व प्रधान एवं भाजपा के पूर्व जिला मंत्री लवकुश भारती, लेखपाल चंदन शर्मा, एडीओ एग्रीकल्चर पंकज यादव, बीआरसी विद्यासागर तथा पंचायत ऑपरेटर विवेक कुमार बिंद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और ग्रामीण उपस्थित रहे।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष संजय केशरी ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना मानवता की रक्षा करने के समान है। यदि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो मानव जीवन भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। खंड विकास अधिकारी अजीत यादव ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। वे हमें शुद्ध वायु, छाया और पर्यावरणीय संतुलन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखरेख, सिंचाई और सुरक्षा भी जरूरी है, तभी वृक्षारोपण अभियान सार्थक होगा। ब्लॉक प्रमुख लीलावती गोंड ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण देना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधान दुर्गेश्वर यादव और उनकी टीम की सराहना की। अंत में ग्राम प्रधान दुर्गेश्वर यादव ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण और पंचायत क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने भविष्य में भी पर्यावरण संवर्धन के कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के रजधन गांव में गुरुवार रात एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रजधन गांव निवासी रानी (30) पत्नी श्यामसुंदर वर्मा घर के अंदर काफी देर तक नहीं दिखाई दीं। परिजनों ने जब कमरे का दरवाजा बंद पाया तो उसे तोड़कर अंदर प्रवेश किया। वहां रानी कच्चे मकान के बडेर से दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटकी मिलीं। यह दृश्य देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना तत्काल पीआरबी 112 और स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक जांच करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।
परिजनों के मुताबिक मृतका का पति श्यामसुंदर वर्मा रोजी-रोटी के सिलसिले में पुणे में मजदूरी करता है।मृतका अपने दो पुत्रों के साथ गांव में रह रही थी। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद गांव में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# मारकुंडी के सात नंबर टोले में एक सप्ताह से चरमराई विद्युत व्यवस्था

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। सदर विकासखंड के मारकुंडी ग्राम पंचायत के टोला सात नंबर अनुसूचित जनजाति बस्ती में एक सप्ताह पूर्व आये तेज आंधी- पानी में विद्युत-व्यवस्था चरमरा गयी है।लोग अंधकार में हमारे जीवन व्यतीत करने के लिए विवश हैं। इससे ग्रामीणों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में मारकुंडी ग्राम पंचायत के अनुसूचित जनजाति बस्ती के टोला 7 नंबर निवासी संतोष चौहान,गोविंद गोड़,रामाश्रय गोड़, ज्ञान सहाय गोड़,राजा,रामानुज गोड़,




राम विचारे, रामसुभग, रामविलास गोड़, संतोष कुमार गोड़, रामलाल इत्यादि लोगों ने बताया कि सात नंबर टोले में बीते एक सप्ताह पूर्व आए तेज आंधी-पानी में विद्युत व्यवस्था काफी गड़बड़ा गया है।इस तपन भरी भीषण गर्मी में लोगों का जीना काफी दुश्वार सा हो गया है। वहीं लोगों को अंधकार में जीव- जंतुओं से भय सताने लगा है। विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराने के संबंध में ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों समेत जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया लेकिन आज तक विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से दुरुस्त नहीं किया गया इससे लोगों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि शीघ्रता शीघ्र यदि विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो वह घेराव, धरना-प्रदर्शन, आंदोलन करने के लिए विवश होंगी जिसकी जिम्मेदारी संबंधितों की होगी।

# वृक्ष हमारे जीवन का आधार - अवधेश सिंह पटेल

## गबन के दोषी सचिव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का दिया निर्देश

### पर्यावरण दिवस पर जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर ने किया पौधारोपण

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। उपायुक्त सहकारिता तथा प्रभारी सहायक आयुक्त सोनभद्र अमित कुमार पांडेय के निर्देश पर एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को गयार तवल गेंहू क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। केन्द्र प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि अब तक डेढ़ हजार कुंटल से अधिक गेंहू की खरीद हो चुकी है। मौके पर शिवप्रसाद पटेल के लगभग 75 कुंटल गेंहू की तौल होती पाई गई।सचिव महेंद्र सिंह ने बताया कि अभी मात्र दो ट्रक डिलीवरी हुई है। एडीसीओ ने निर्देशित किया कि परिवहन ठेकेदार से संपर्क करके तत्काल डिलीवरी सुनिश्चित करायें। एडीसीओ राबर्टसगंज समिति के अभिलेखो की जांच मे पाँच वर्ष पूर्व समिति के तत्समय सचिव आजाद हिन्द द्वारा साढ़े ग्यारह लाख रुपए से अधिक धनराशि के गबन के संबंध मे पूछताछ की गई। इस राशि मे कुछ राशि दोषी सचिव द्वारा जमा की गई थी तथा अभी भी ब्याज समेत साढ़े सात लाख रुपए से अधिक जमा करना बाकी है।एडीसीओ ने सचिव को निर्देशित किया कि दोषी पूर्व सचिव आजादहिन्द के विरूद्ध धन वसूली हेतु विधिक/ इजराय की कार्रवाई अभी तक क्यो नहीं की गई।एडीसीओ ने सचिव को निर्देशित किया कि समस्त सुसंगत अभिलेख बाउचर और बैलेस शीट लेकर दो दिन के भीतर राबर्टसगंज कोतवाली मे उपस्थित हों ताकि गबन के दोषी सचिव आजाद हिन्द के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके पूर्व विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर अवधेश सिंह पटेल ने समिति परिसर मे पौधारोपण करके प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।अवधेश सिंह पटेल ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है, जो हमें शुद्ध वायु, छाया एवं पर्यावरण संतुलन प्रदान करते हैं।
इस अवसर पर शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार राय, सचिव महेंद्र कुमार सिंह, संजय पटेल तथा क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

# जिला जेल गुरमा में विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद भर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा व्यापक स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस दौरान लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया गया। इसी क्रम में जिला कारागार सोनभद्र में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान जेल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प लिया गया।अधिकारियों ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के जीवन चक्र का आधार हैं और स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के लिए इनका संरक्षण अत्यंत आवश यक है। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।वृक्ष न केवल शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं,बल्कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित एवं स्वच्छ वातावरण बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र, जेलर ए.के. सिन्हा, डिप्टी जेलर शशांक पटेल, गौरव कुमार,गरिमा कुमारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना रहा।

# बेलन नदी में नहा रहे किशोर पर मगरमच्छ का हमला!, मौत से गांव में मातम

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। घोरावल कोतवाली क्षेत्र के दीवां गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। बेलन नदी में नहाने के दौरान एक मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया और उसे पानी के भीतर खींच ले गया। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार दीवां गांव निवासी आदर्श कोल (12) पुत्र बेचन कोल शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे अपने घर से लगभग 300 मीटर दूर स्थित बेलन नदी में नहाने गया था। उसके साथ गांव का एक अन्य किशोर भी नदी में मौजूद था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नहाने के दौरान अचानक नदी से एक मगरमच्छ निकला और आदर्श पर झपट्टा मारकर उसे अपने चंगुल में दबोच लिया। इसके बाद मगरमच्छ उसे पानी के अंदर खींच ले गया। साथ में नहा रहे किशोर ने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीण लाठी, डंडा और बांस लेकर नदी में उतर गए। लोगों को अपनी ओर आता देख मगरमच्छ वहां से भाग गया, लेकिन तब तक आदर्श गंभीर रूप से घायल हो चुका था। बताया जाता है कि मगरमच्छ किशोर को पानी के भीतर मिट्टी में दबाकर चला गया था। ग्रामीणों ने नदी में उतरकर काफी खोजबीन की, जिसके बाद आदर्श नदी के बीचों-बीच मिला। तत्काल उसे बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोरावल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह, चौकी प्रभारी त्रिभुवन राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं वन क्षेत्राधिकारी ज्ञानेश कुमार भी वन विभाग की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि आदर्श अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है। चौकी प्रभारी त्रिभुवन राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं वन क्षेत्राधिकारी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। प्रारंभिक तौर पर डूबने की आशंका भी जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस और वन विभाग मामले की जांच में जुटे हुए है।

# अटल आवासीय विद्यालय गुरमुरा पहुंचे डीएम, किया वृक्षारोपण, बच्चों के साथ भोजन कर परखी गुणवत्ता

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने शुक्रवार को अटल आवासीय विद्यालय, गुरमुरा का औचक निरी क्षण कर विद्यालय की व्यव स्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षण व्यवस्था, छात्रावास, भोजनालय और परिसर की साफ-सफाई का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने विद्या लय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा प्रधानाचार्य से विद्यार्थियों की उपस्थिति, पढ़ाई और अन्य व्यव स्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और अनुकूल वाता वरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए विद्यालय में सभी आवश्यक सुवि धाएं मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएं। विद्यालय के भोजनालय का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने बच्चों के लिए तैयार भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने स्वयं विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया और भोजन की गुणवत्ता को परखा। भोजन संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने विद्यालय प्रशासन की सराहना की तथा भविष्य में भी गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर ढंग से हो सके। इसके बाद जिलाधिकारी ने छात्रावास ( हॉस्टल) का निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण मिलना चाहिए। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। निरीक्षण के उपरांत जिला धिकारी ने अपर श्रम आयुक्त पिपरी को निर्देशित किया कि जनपद में ऐसे स्थलों को चिन्हित किया जाए जहां बड़ी संख्या में श्रमिक कार्यरत हैं। उन्होंने श्रमिकों के लिए विश्राम, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रमिकों के हितों की रक्षा और उनके कार्यस्थलों पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

# रिश्वत लेने का वीडियो वायरल ! कानूनगो पर निलंबन की संस्तुति , लेखपाल हटाए गये

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। तहसील दुद्धी के मझौली गांव से सामने आए एक वायरल वीडियो ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अंश निर्धारण और पत्थरगड़ी जैसे राजस्व संबंधी कार्यों के नाम पर एक काश्तकार से कथित रूप से रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल जांच शुरू कर दी और प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में राजस्व विभाग से जुड़े कर्मचारियों पर अंश निर्धारण एवं पत्थरगड़ी के कार्य के एवज में धनराशि लेने के आरोप लगाए गए हैं। वीडियो सामने आने के बाद उपजिलाधिकारी दुद्धी निखिल कुमार यादव ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कराई। प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर संबंधित कानूनगो के खिलाफ निलंबन की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट जिलाधिकारी सोनभद्र को भेज दी गई है। वहीं मामले में क्षेत्रीय लेखपाल की भूमिका भी संदेह के घेरे में आने पर उसे तत्काल प्रभाव से उसके वर्तमान कार्यक्षेत्र से हटा दिया गया है। प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद पूरे राजस्व विभाग में खलबली मची हुई है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और दोषी पाए जाने वाले किसी भी कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है
कि जिले में भूमि विवादों और राजस्व मामलों के निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी सहित उच्च अधिका रियों द्वारा समय-समय पर स्पष्ट निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। इसके बावजूद रिश्वतखोरी और अनियमित ताओं की शिकायतें लगा तार सामने आती रही हैं। मझौली गांव का यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इसमें सीधे तौर पर किसानों और काश्तकारों से जुड़े राजस्व कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। फिलहाल प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए जांच तेज कर दी है और आगे की कार्रवाई रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

# स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर रिटायर्ड फौजी के घर हंगामा

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में एक सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी के घर स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जाने को लेकर विवाद हो गया। परिजनों और ग्रामीणों ने बिजली विभाग की टीम पर उनकी आपत्ति के बावजूद जबरन स्मार्ट मीटर लगाने का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। गांव सुन्ना निवासी सेवानिवृत्त फौजी रवि प्रकाश पुत्र पाल सिंह के घर बिजली विभाग की टीम नया डिजिटल स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची। परिजनों का कहना है कि उन्होंने विभागीय कर्मचारियों को बताया कि घर पर लगा पुराना बिजली मीटर पूरी तरह सही स्थिति में है और उसमें किसी प्रकार की तकनीकी खराबी नहीं है। इसके बावजूद विभागीय टीम ने उनकी आपत्ति को स्वीकार नहीं किया। आरोप है कि बिजली विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और विरोध के बावजूद पुराना मीटर हटाकर नया डिजिटल स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिया। इस दौरान परिजनों और विभागीय कर्मचारियों के बीच काफी देर तक बहस होती रही, जिससे मौके पर तनाव का माहौल बन गया।ग्रामीणों का कहना है कि बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाए जाने से लोगों में असंतोष है। उन्होंने प्रशासन और बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।समाचार लिखे जाने तक इस मामले में बिजली विभाग के अधिकारियों का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका था।

# युवती से दुष्कर्म व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र में युवती के साथ दुष्कर्म करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल भेज दिया है। शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने जानकारी देकर बताया कि विगत तीन दिन पूर्व थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और मामले की जानकारी किसी को देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरोध मुकदमा दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी थी।
इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर जिलेभर में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम तथा महिला अपराधों में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अपर पुलिस पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी सावेज पुत्र रुकमदीन निवासी मोहल्ला खैल,को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए दुष्कर्म के आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए उसे जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है और सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। महिला अपराधों के मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा तथा कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर A.S. Defence Academy ने किया वृक्षारोपण

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर A.S. Defence Academy, मोहनलालगंज, लखनऊ द्वारा आजाद मैदान, कनकहा में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण को बढ़ावा देना तथा युवाओं में प्रकृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सुशील कुमार रावत एडवोकेट उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया योगेन्द्र प्रताप जीने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।इस अवसर पर ए:एस:डिफेंस एकेडमी के प्रबंधक एवं पूर्व सैनिक श्री अजीत कुमार ने बताया कि अकादमी केवल रक्षा सेवाओं की तैयारी ही नहीं कराती, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्वों की भावना विकसित करने के लिए समय-समय पर ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम भी आयोजित करती है।कार्यक्रम में अकादमी के छात्र-छात्राओं, आजाद मैदान कनकहा में निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण ले रहे छात्रों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

## वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में शुरू हुआ "चीता चौपाल" कार्यक्रम

### ग्रामीणों को चीता संरक्षण, वन्य जीवों के महत्व एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति किया जा रहा जागरूक

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में आगामी चरण के अंतर्गत चीता स्थापना कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए चीता स्थानांतरण की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में स्थानीय समुदाय को चीता संरक्षण एवं वन्यजीव



संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से रिजर्व क्षेत्र के आसपास स्थित ग्रामों में चीता चौपाल कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

इस अभिनव पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच चीता प्रजाति के संरक्षण महत्व को प्रचारित करना, चीता एवं अन्य वन्य प्राणियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा चीता से जुड़ी प्रचलित भ्रांतियों और नकारात्मक धारणाओं को दूर करना है। साथ ही वन्यजीव संरक्षण में स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों, महिलाओं एवं बच्चों को चीता और उसके प्राकृतिक आवास से संबंधित जानकारी लघु वृत्तचित्रों तथा पावरपॉइंट प्रस्तुतियों के माध्यम से दी जा रही है। विशेषज्ञों द्वारा चीता के व्यवहार, पारिस्थितिकी तंत्र में उसकी भूमिका, वन्यजीव संरक्षण की आवश्यकता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिकों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी साझा की जा रही है।

चीता चौपाल में सहभागियों की रुचि बढ़ाने के लिए कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाता है। सही उत्तर देने वाले ग्रामीणों एवं बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है, जिससे उनमें वन्यजीव संरक्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो सके।

विशेष बात यह है कि इस जागरूकता अभियान के संचालन एवं प्रस्तुतीकरण की जिम्मेदारी वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पदस्थ 30 से अधिक वनरक्षकों और दैनिक श्रमिकों ने संभाली है। वे गांव-गांव पहुंचकर लोगों को चीता संरक्षण के साथ-साथ वन एवं वन्यजीवों के महत्व के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि चीता स्थापना कार्यक्रम की सफलता में स्थानीय समुदाय की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम न केवल लोगों को वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील बनाते हैं, बल्कि मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व की भावना को भी मजबूत करते हैं। चीता चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को संरक्षण गतिविधियों का सहभागी बनाकर प्रकृति और वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर मोहनलालगंज में 51 हजार पौधों का रोपण, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को मिला जनसमर्थन

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खंड मोहनलालगंज में गुरुवार को ह्यएक पेड़ मां के नामह्ण अभियान के तहत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत विकास खंड की सभी 78 ग्राम पंचायतों में कुल 51 हजार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।मुख्य कार्यक्रम ग्राम दयालपुर स्थित जागेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित किया गया, जहां मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल तथा खंड विकास अधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने हरिशंकरी का पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण




संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष न केवल जीवन के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करने का भी आह्वान किया।कार्यक्रम में एडीओ पंचायत अशोक कुमार यादव, तकनीकी सहायक राजकिशोर शुक्ल, एपीओ उदय राज शर्मा, पंचायत सचिव शशांक शुक्ला, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पप्पू पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। अभियान के तहत गोविंदपुर, बिरसिंहपुर, डेवरिया भरसवा समेत विकास खंड की सभी ग्राम पंचायतों में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, पंचायत कर्मियों, ग्रामीणों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।खंड विकास अधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ह्यएक पेड़ मां के नामह्ण अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोगों को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों की नियमित निगरानी की जाएगी ताकि उनका संरक्षण सुनिश्चित हो सके।विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस अभियान ने पूरे विकास खंड में हरित वातावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया और बड़ी संख्या में लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया।

## आईटीआई छात्रा को झांसा देकर सुनसान स्थान पर ले गया युवक, छेड़छाड़ का आरोप; चार दिन बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं

**विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता**

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज निगोहां क्षेत्र के एक गांव की आईटीआई छात्रा को कॉलेज छोड़ने का झांसा देकर बाइक सवार युवक द्वारा सुनसान इलाके में ले जाकर छेड़छाड़ किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि घटना के चार दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। परिवार का कहना है कि पुलिस केवल जांच का हवाला देकर कार्रवाई को टाल रही है।पीड़िता के पिता के अनुसार उनकी बेटी एक आईटीआई संस्थान में पढ़ाई करती है। आरोप है कि कुछ दिन पहले एक युवक ने छात्रा को कॉलेज छोड़ने की बात कहकर अपनी बाइक पर बैठा लिया। रास्ते में वह उसे मोहनलालगंज क्षेत्र के एक सुनसान स्थान पर ले गया, जहां उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। छात्रा द्वारा विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी ने उसे धमकाया। इसके बाद वह छात्रा को मोहनलालगंज कस्बे में छोड़कर मौके से फरार हो गया।घर पहुंचने पर छात्रा ने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। इसके बाद पिता और अन्य परिजन छात्रा को लेकर पुलिस के पास पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़िता के पिता का आरोप है कि उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस चौकी से लेकर एसीपी कार्यालय तक की है। इस दौरान पुलिस ने छात्रा और परिजनों के बयान भी दर्ज किए तथा घटनास्थल का निरीक्षण भी किया, लेकिन इसके बावजूद अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।परिजनों का कहना है कि घटना के बाद से छात्रा गहरे मानसिक तनाव में है। उसने घर से बाहर निकलना तक बंद कर दिया है और लगातार भय के माहौल में जी रही है। परिवार का आरोप है कि पुलिस हर बार जांच पूरी होने का हवाला देकर कार्रवाई को टाल रही है, जिससे उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद कम होती जा रही है।पीड़िता के पिता ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील होने तथा ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दे चुकी है, लेकिन उनके मामले में अभी तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों से मिलकर न्याय की गुहार लगाएंगे।वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**परिजनों ने उठाए सवाल......**

परिवार का कहना है कि जब छात्रा और परिजनों के बयान लिए जा चुके हैं तथा पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण भी कर चुकी है, तो फिर मुकदमा दर्ज करने में देरी क्यों की जा रही है। परिजनों ने मामले में निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर गणेशखेड़ा में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित, लक्ष्य यूथ फाउंडेशन को मिला विशेष दायित्व

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत मोहनलालगंज के ग्राम गणेशखेड़ा में मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं युवाओं की राष्ट्र निर्माण में सहभागिता को लेकर लोगों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य निदेशक गोपेश पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का अभियान नहीं बल्कि सतत चलने वाली जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के पांच जनपदों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच युवा मंडलों को मेरा युवा भारत द्वारा गोद लिया जाएगा, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ युवाओं तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि इस अभियान की



शुरूआत लखनऊ के लक्ष्य यूथ फाउंडेशन को गोद लेकर की जा रही है। उन्होंने संस्था द्वारा युवाओं और समाज के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी योजनाओं तथा राष्ट्र निर्माण के कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा।

इस अवसर पर जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट के प्रबंधक एवं चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अजय पाण्डेय ह्यसत्यमह्ण ने ग्रामीणों को एक हजार फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि हम अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का भी आह्वान किया।मेरा युवा भारत, लखनऊ के उपनिदेशक अनुराग यादव ने कहा कि संगठन का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवाओं को युवा मंडलों के माध्यम से जोड़कर सामाजिक सरोकारों और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

लक्ष्य यूथ फाउंडेशन, लखनऊ के प्रबंधक अवधेश कुमार ने बताया कि उनका यूथ क्लब पिछले दस वर्षों से समाज सेवा, युवा सशक्तिकरण और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और सामाजिक विकास के कार्यों में योगदान देती रहेगी।कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी रवि दीक्षित ने मेरा युवा भारत की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पूर्व प्रधान गिरिजा शंकर सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा, ग्रामवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संकल्प लिया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर AKRS ATS सेंटर में वृक्षारोपण, कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**समाज जागरण संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर AKRS ATS सेंटर द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया तथा पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम के दौरान कंपनी प्रबंधन ने कहा कि AKRS ATS Pvt. Ltd. सरकार के प्रदूषण मुक्त वातावरण के अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कंपनी फिटनेस एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप वाहनों को बढ़ावा देकर स्वच्छ एवं बेहतर पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। ऐसे में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन कंपनी की कार्यशैली एवं विचारधारा से सीधे जुड़ा हुआ है। कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण के माध्यम से लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने और हरित वातावरण को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण के निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करना तथा समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

## फर्जी चेक से 50 लाख की निकासी, बैंक कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप

**समाज जागरण संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ फर्जी चेक के जरिए बैंक खाते से करीब 50 लाख रुपये निकालने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने बैंक कर्मचारियों पर आरोपियों के साथ मिलीभगत कर जाली चेक तैयार कराने और रकम निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, जावित्री हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं जावित्री इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ. ईश त्यागी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जावित्री फाउंडेशन और जावित्री इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के खाते एक्सिस बैंक की तेलीबाग शाखा में संचालित हैं। उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा जारी चेकबुक उनके पास सुरक्षित है और उसमें से किसी भी चेक का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

डॉ. त्यागी का आरोप है कि इसके बावजूद बैंक शाखा के कुछ कर्मचारियों ने कथित रूप से अपराधियों के साथ मिलकर फर्जी और कूटरचित चेक तैयार कराए। इन जाली चेकों के माध्यम से उनके खातों से लगभग 50 लाख रुपये निकाल लिए गए।

पीड़ित के अनुसार, बैंक शाखा में शिकायत करने के बावजूद उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पीजीआई थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीजीआई थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और बैंक रिकॉर्ड सहित अन्य साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल इस मामले ने बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था और ग्राहकों के खातों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई: अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन में खनिज विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण और जांच अभियान संचालित किए जा रहे हैं।



इसी क्रम में गुरुवार 5 जून को तहसील पटेरा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान खनिज विभाग की टीम ने बिछियाघाट क्षेत्र में एक बिना नंबर के आयशर ट्रैक्टर-ट्रॉली को रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा। जांच के दौरान वाहन चालक वैध रॉयल्टी अथवा परिवहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर लिया। जप्त वाहन को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए पुलिस थाना पटेरा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मामले में खनिज नियमों के तहत प्रकरण तैयार किया जा रहा है, जिसे निराकरण एवं आगे की कार्रवाई के लिए कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। खनिज संसाधनों के संरक्षण तथा राजस्व हानि रोकने के उद्देश्य से ऐसे अभियान आगे भी लगातार संचालित किए जाएंगे।

खनिज विभाग ने वाहन संचालकों एवं खनिज कारोबारियों से नियमों का पालन करने तथा वैध दस्तावेजों के साथ ही खनिज परिवहन करने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में पेयजल व्यवस्था हुई दुरुस्त, 40 में से 37 समस्या प्रभावित क्षेत्रों में समाधान

### - केवल तीन क्षेत्रों में तकनीकी कारणों से कार्य जारी, टैंकरों से दी जा रही जल आपूर्ति
### - कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिले में पेयजल संकट के समाधान को लेकर प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में बताया गया कि जिले के 40 पेयजल समस्या प्रभावित ग्रामों एवं टोलों में से 37 क्षेत्रों में समस्याओं का सफलतापूर्वक निराकरण कर नियमित जलापूर्ति बहाल कर दी गई है।

बैठक में पेयजल व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि कुछ समय पूर्व जिले में ऐसे 40 क्षेत्र चिन्हित किए गए थे, जहां ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशों के अनुरूप विभागीय अमले द्वारा तेजी से कार्य करते हुए अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुचारू कर दिया गया है।



कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में केवल तीन ऐसे क्षेत्र शेष हैं, जहां पाइपलाइन विस्तार, पानी की टंकी के क्षतिग्रस्त होने अथवा अन्य तकनीकी कारणों से स्थायी समाधान का कार्य जारी है। इन क्षेत्रों में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अस्थायी व्यवस्था के रूप में नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही मरम्मत एवं विस्तार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि हाल ही में एक नया क्षेत्र पेयजल समस्या से प्रभावित पाया गया है। प्रशासन द्वारा वहां भी तत्काल आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है और जल्द ही समस्या के समाधान की उम्मीद जताई गई है।

कलेक्टर श्री यादव ने जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत अधिकारियों के साथ नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले के किसी भी परिवार को पेयजल संकट का सामना नहीं करना चाहिए। जहां स्थायी समाधान में समय लग रहा हो, वहां बिना विलंब टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पंचायतों को उपलब्ध वित्तीय संसाधनों का उपयोग कर स्थायी पेयजल व्यवस्थाएं विकसित करने के निर्देश भी दिए। वहीं जिन क्षेत्रों में अधिक बजट की आवश्यकता है, वहां संबंधित विभागों को विस्तृत परियोजना तैयार कर शासन को प्रस्ताव भेजने के लिए कहा गया है। शासन स्तर से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद स्थायी जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल उपलब्धता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं, ताकि जिले के प्रत्येक नागरिक को पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर दमोह पुलिस का हरित संदेश, एसपी आनंद कलादगि ने किया वृक्षारोपण

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दमोह पुलिस द्वारा विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।




इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान परिसर को अधिक हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने पर भी जोर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक श्री कलादगि ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। इन समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि एक पौधा केवल पेड़ नहीं होता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, शुद्ध वातावरण और बेहतर जीवन का आधार बनता है।

उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने कार्यस्थलों और निवास स्थलों पर पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण के लिए नियमित प्रयास करने का आह्वान किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा लोगों को इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

दमोह पुलिस ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि जिले में हरित वातावरण के निर्माण में आमजन की सहभागिता बढ़ाई जा सके।

## पटना के संपतचक में ट्रैक्टर-टेम्पू की भीषण टक्कर, कई घायल; एक की हालत गंभीर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के संपतचक प्रखंड में शुक्रवार की सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गोपालपुर थाना क्षेत्र के पटना-गया रोड स्थित बैरिया-अब्दुल्लाहचक के पास ईंट लदे ट्रैक्टर और टेम्पू की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में टेम्पू पर सवार कई यात्री घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ईंट लदा एक ट्रैक्टर पटना की ओर जा रहा था। इसी दौरान बैरिया-अब्दुल्लाहचक के समीप विपरीत दिशा से आ रहे टेम्पू से उसकी आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेम्पू के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और घायलों को निकालने में मदद की।

## दमोह पुलिस की जनरल परेड संपन्न, कानून व्यवस्था एवं दंगा नियंत्रण प्रशिक्षण पर विशेष जोर

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। पुलिस लाइन दमोह में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के नेतृत्व में जनरल परेड का आयोजन किया गया। परेड में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के जवान शामिल हुए। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सलामी लेकर जवानों के टर्नआउट, अनुशासन और कार्यकुशलता का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन तथा जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने और आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल को अश्रु गैस हैंड ग्रेनेड के सुरक्षित संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और संवेदनशील परिस्थितियों में पुलिस की भूमिका पर विशेष फोकस रखा गया।

पुलिस अधीक्षक श्री कलादगि ने कहा कि कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए पुलिस बल का नियमित प्रशिक्षण, शारीरिक दक्षता और मानसिक तैयारी आवश्यक है। इसी क्रम में जवानों के बीच रस्साकसी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिससे टीम भावना, समन्वय और शारीरिक क्षमता को बढ़ावा मिल सके।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाते हुए किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति का सामना करने के लिए सदैव तैयार रखना रहा। जनरल परेड के माध्यम से जवानों को अनुशासन, प्रशिक्षण और आपसी समन्वय का संदेश दिया गया, जिससे जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, सरकारी भूमि पर कथित कब्जे को लेकर प्रशासन पर उठे सवाल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

05 जून। किशनगंज जिले के बेलवा पंचायत अंतर्गत मौजा बेलवा काशीपुर स्थित सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जा और चाय बागान विकसित किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शिकायत मिलने के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है।



इस संबंध में सीमांचल सेवा फाउंडेशन के संस्थापक हसीबुर रहमान ने जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि खाता संख्या 174, खेसरा संख्या 808, रकवा 5 एकड़ 12 डिसमिल तथा जमाबंदी संख्या 225 की भूमि का पूर्व में हुआ बंदोबस्त सक्षम प्राधिकारी द्वारा मार्च 2026 में निरस्त कर दिया गया था। बंदोबस्ती निरस्त होने के बाद उक्त भूमि सरकारी अभिलेखों में दर्ज है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि भूमि के सरकारी घोषित होने के बावजूद कुछ लोगों द्वारा वहां ट्रैक्टर से जुताई कर चाय के पौधे लगाए जा रहे हैं तथा बांस-टट्टी से घेराबंदी कर कब्जा स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का दावा है कि इस मामले की सूचना पूर्व में सोशल मीडिया, व्हाट्सएप और अन्य माध्यमों से प्रशासनिक अधिकारियों को भी दी गई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

हसीबुर रहमान ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो सरकारी भूमि पर स्थायी अतिक्रमण हो सकता है, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचेगा। आवेदन में कुछ स्थानीय लोगों पर अतिक्रमण में संलिप्त होने का आरोप भी लगाया गया है।

जिला प्रशासन से मांग की गई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर तत्काल स्थल निरीक्षण कराया जाए, भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही भविष्य में दोबारा कब्जे की कोशिशों को रोकने के लिए स्थायी सीमा-निर्धारण और निगरानी व्यवस्था लागू करने की भी मांग की गई है।

मामले को लेकर अब प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से सरकारी भूमि की सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अब लोगों की नजर जिला प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है।

**बड़ा सवाल**

यह मामला ऐसे जिले से जुड़ा है जिसे राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री का गृह जिला माना जाता है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब मंत्री के गृह जिले में ही सरकारी भूमि पर कथित अतिक्रमण की शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है, तो अन्य जिलों में सरकारी जमीनों की सुरक्षा और संरक्षण की स्थिति क्या होगी? स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह प्रशासनिक जवाबदेही और भूमि संरक्षण व्यवस्था दोनों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करेगा। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और सरकारी भूमि को अतिक्रमण से बचाने के लिए कौन-सी कार्रवाई करता है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा की जिला बैठक आयोजित, "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान को सफल बनाने का आह्वान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

05 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, मंझिया रोड में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ह्यएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह ने की, जबकि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महादेव चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में गोपाल मोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के मासिक संवाद कार्यक्रम ह्यमन की बातह्व के प्रसारण में जिले के विभिन्न मंडलों ने उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि नगर मंडल किशनगंज और दिघलबैंक पूर्वी मंडल ने सभी मतदान केंद्रों पर कार्यक्रम का आयोजन कर शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित की, जबकि ठाकुरगंज नगर मंडल ने लगभग सभी मतदान केंद्रों पर कार्यक्रम का सफल प्रसारण कराया। उत्कृष्ट कार्य के लिए अरविंद मंडल और अतुल कुमार सिंह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि महादेव चौधरी ने प्रदेश संगठन द्वारा निर्धारित आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले बारह वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

जिला महामंत्री एवं पर्यावरण दिवस के संयोजक कौशल झा ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने सभी लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने की अपील की। जिला महामंत्री मनीष सिन्हा ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर बल दिया।

बैठक का संचालन जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुबोध माहेश्वरी ने किया। इस अवसर पर शीवनारायण यादव, शकिल अख्तर राही, राकेश गुप्ता, सोनी देवी, वीणा देवी, मीरा रामदास, सृष्टि कुमारी, दुर्गा देवी, राजीव चौहान, अजय सिंह सहित विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक के अंत में उपस्थित कार्यकताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए ह्यएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का निर्णय लिया। साथ ही समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# डांगीबस्तीझ्रबैंगडोगरा घाट महानंदा नदी में धड़ल्ले से अवैध बालू खनन, भंडारण और बिक्री का खेल जारी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज जिले के पोठिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बुड़नई के डांगीबस्तीझ्रबैंगडोगरा घाट (वार्ड संख्या 9) स्थित महानंदा नदी में बड़े पैमाने पर कथित अवैध बालू खनन का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि दिन के उजाले से लेकर देर रात तक जेसीबी मशीनों के माध्यम से नदी से बालू का अवैध उत्खनन किया जा रहा है।



ग्रामीणों के अनुसार यह गतिविधि पिछले करीब दो वर्षों से लगातार जारी है। आरोप है कि नदी से निकाले गए बालू को आसपास के विभिन्न स्थानों पर बड़े पैमाने पर जमा (भंडारित) किया जाता है और बाद में मांग तथा सुविधा के अनुसार अवैध रूप से उसकी बिक्री की जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन, भंडारण और बिक्री का यह पूरा नेटवर्क लंबे समय से संचालित हो रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि भारी मशीनों के इस्तेमाल से नदी के प्राकृतिक स्वरूप पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा नदी किनारे कटाव का खतरा बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही अवैध खनन से सरकार को राजस्व की हानि होने की भी आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। कार्रवाई के अभाव में ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, खनन विभाग और संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, अवैध खनन एवं भंडारण पर तत्काल रोक लगाने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो भविष्य में पर्यावरण और नदी तटीय क्षेत्रों को गंभीर नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# किशोरी का शव मिलने के मामले में एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, जांच में तेजी लाने के निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

05जून। किशनगंज थाना क्षेत्र के शिवगंगा घाट, डुमरिया भट्ठा स्थित नदी से एक किशोरी का शव बरामद होने के मामले में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने गुरुवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। दिल्ली से सरकारी कार्य संपन्न कर लौटने के तुरंत बाद उन्होंने घटनास्थल का दौरा किया और करीब चार घंटे तक क्षेत्र में कैंप कर मामले की जांच की समीक्षा की।



निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों का गहन निरीक्षण किया तथा जांच में जुटे पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मृतका के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और आसपास के ग्रामीणों से भी पूछताछ की।

पुलिस के अनुसार डुमरिया भट्ठा निवासी लक्ष्मण कुमार साह ने अपनी 13 वर्षीय भांजी मेनका कुमारी की गुमशुदगी को लेकर किशनगंज थाना में आवेदन दिया था। आवेदन में बताया गया था कि 28 मई की शाम करीब चार बजे वह घर से निकली थी और वापस नहीं लौटी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। तलाशी के दौरान 1 जून को किशोरी का शव उसके मामा के घर से लगभग 500 मीटर दूर शिवगंगा घाट स्थित नदी से बरामद किया गया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं 2 जून को घटनास्थल के समीप नदी किनारे कुछ बाल मिले, जिन्हें जांच के लिए फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेजा गया है।

घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान परिजनों ने स्थानीय थाना की कार्यशैली को लेकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। इस पर एसपी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 को मामले की गहन जांच कर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु शीघ्र प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया।

एसपी ने डॉग स्क्वॉड की सहायता से घटनास्थल की जांच कराने, बरामद बालों का डीएनए परीक्षण कराने तथा मामले के सभी पहलुओं की वैज्ञानिक एवं तकनीकी आधार पर जांच करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नदी में मछली पकड़ने वाले मछुआरों, ईंट-भट्ठा कर्मियों, बांध निर्माण कार्य में लगे मजदूरों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मामले की जांच पूरी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ की जा रही है। मानवीय आसूचना, तकनीकी साक्ष्य और वैज्ञानिक जांच के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे, उन्हें सार्वजनिक किया जाएगा।

उन्होंने आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और घटना से संबंधित कोई भी जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराने की अपील की। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कोचाधामन पंचायत में ग्राम सभा आयोजित, पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

कोचाधामन। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कोचाधामन के पंचायत भवन (मनरेगा भवन) में मुखिया अब्दुस सलाम की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा में पंचायत के जनप्रतिनिधियों, कर्मियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




बैठक में सरपंच, सभी वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक, राजस्व कर्मचारी, पंचायत रोजगार सेवक, किसान सलाहकार, ग्राम कचहरी सचिव, स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता कर्मी तथा पंचायत के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

ग्राम सभा में पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। पंचायत क्षेत्र में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा स्वच्छता प्रबंधन को और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग का बहिष्कार करने एवं इसके प्रति आमजन को जागरूक करने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया।

मुखिया अब्दुस सलाम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल स्त्रोतों की रक्षा करने तथा स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया।

ग्राम सभा में पारित सभी प्रस्तावों को कार्यवाही पुस्तिका में दर्ज किया गया। कार्यक्रम के अंत में पंचायत भवन परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने पंचायत क्षेत्र में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण का संदेश दिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

05 जून। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर, किशनगंज में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारियों एवं न्यायालय कर्मियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की।



कार्यक्रम का नेतृत्व नवपदस्थापित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज नम्रता तिवारी ने किया। उन्होंने न्यायालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है।

अपने संबोधन में नम्रता तिवारी ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के आधार हैं। वे न केवल शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज लगाए गए पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर साबित होंगे। यदि हम पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग नहीं हुए, तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और निभाने का अवसर है। समाज के प्रत्येक वर्ग को पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान से जुड़कर हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में योगदान देना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान न्यायालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सुरेश कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय अभय श्रीवास्तव, पीठासीन पदाधिकारी, विशेष उत्पाद न्यायालय द्वितीय सुमित कुमार सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ओम शंकर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मुक्तेश मनोहर सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने भी वृक्षारोपण किया। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया। न्यायालय परिसर में लगाए गए पौधे आने वाले वर्षों में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# सोन दियारा से 105 लीटर देसी शराब बरामद, 1 बाइक जब्त, तस्कर फरार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के बड़ेम थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सोन नदी के दियारा क्षेत्र महुआंव में छापेमारी के दौरान 105 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई है। पुलिस को देखकर शराब तस्कर बाइक छोड़कर फरार हो गया ।बड़ेम थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि सोन नदी के महुआंव दियारा इलाके में शराब तस्कर अवैध रूप से शराब का जखीरा छिपाकर रखते हैं और फिर उसे बिहार के अलग-अलग इलाकों में सप्लाई करते हैं।



सूचना के आधार पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दियारा क्षेत्र में छापेमारी की ।पुलिस टीम को देखते ही तस्कर घनी झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग निकला। मौके से पुलिस ने प्लास्टिक के गैलन और कैन में रखी कुल 105 लीटर देसी शराब बरामद की। वहीं शराब ढोने में इस्तेमाल की जा रही एक बाइक को भी जब्त कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार तस्कर की पहचान के लिए बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर छानबीन शुरू कर दी गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस संबंध में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत अज्ञात तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोन दियारा का इलाका शराब बनाने और छिपाने के लिए तस्करों का पसंदीदा ठिकाना बन गया है। इस इलाके में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि शराब से जुड़ी कोई भी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# किशनगंज में एएनटीएफ की बड़ी कार्रवाई, छह तस्कर गिरफ्तार; ब्राउन शुगर और हेरोइन बरामद

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

05 जून। किशनगंज पुलिस की नवगठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो अलग-अलग कार्रवाई में छह तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 85.39 ग्राम ब्राउन शुगर और 95 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बरामद मादक पदार्थों का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 38 लाख रुपये आंका गया है।



पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देशन में एएनटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दिघलबैंक थाना क्षेत्र में छापेमारी कर मो. आलम (54 वर्ष) और उसके पुत्र आदिल (20 वर्ष) को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 85.39 ग्राम ब्राउन शुगर, 1 लाख 52 हजार 755 नेपाली रुपये, 30 हजार 858 भारतीय रुपये तथा चार मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार बरामद ब्राउन शुगर का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य करीब 18 लाख रुपये है। इस संबंध में दिघलबैंक थाना कांड संख्या 144/26 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

वहीं दूसरी कार्रवाई में एएनटीएफ ने कोचाधामन थाना क्षेत्र के रहमतपाड़ा चौक स्थित एक मेडिकल दुकान में छापेमारी कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में एहसान दानिश (30 वर्ष), रैयान (22 वर्ष), मो. अकरम (28 वर्ष) और मिथुन कुमार पासवान (25 वर्ष) शामिल हैं। इनके पास से 95 ग्राम हेरोइन, 4,190 रुपये नकद तथा चार मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद हेरोइन का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य करीब 20 लाख रुपये बताया गया है। इस मामले में कोचाधामन थाना कांड संख्या 301/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के आधार पर मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े अन्य लोगों तथा नेटवर्क के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की जांच की जा रही है। साथ ही तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति का पता लगाकर उसे जब्त करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

उन्होंने कहा कि नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और नशामुक्त किशनगंज के लक्ष्य को लेकर पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मादक पदार्थों की तस्करी संबंधी सूचना देने के लिए एएनटीएफ का हेल्पलाइन नंबर 9031816150 जारी किया गया है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि सूचनादाता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# बिहार की राजनीति में गरमाया आवास और सुरक्षा का मुद्दा

## राबड़ी देवी ने आवास खाली करने से किया इनकार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार की राजनीति में इन दिनों पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी आवास (10 सर्कुलर रोड) को खाली कराने के नोटिस और लालू प्रसाद यादव के परिवार की सुरक्षा में किए गए कटौती के फैसले ने हलचल मचा दी है। इस घटनाक्रम ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नए सिरे से राजनीतिक जंग छेड़ दी है।भवन निर्माण विभाग ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास खाली करने के लिए 15 दिनों का अंतिम नोटिस जारी किया है। विभाग का कहना है कि यह आवास अब मंत्री नंदकिशोर राम को आवंटित किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, राबड़ी देवी को नवंबर 2025 में ही 39 हार्डिंग रोड पर नया आवास आवंटित कर दिया गया था, लेकिन बावजूद इसके वे पुराना सरकारी बंगला खाली नहीं कर रही हैं। इस नोटिस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए राबड़ी देवी ने स्पष्ट कहा है कि वे स्वेच्छा से आवास नहीं छोड़ेंगी। उन्होंने चुनौती भरे लहजे में कहा, "सरकार चाहे तो बल प्रयोग कर मुझे हटा सकती है, पर मैं खुद यह घर नहीं छोड़ूंगी।" वहीं, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि सरकारी आवास किसी की बपौती नहीं होती। नियमों का पालन करना हर किसी की जिम्मेदारी है और सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों को मयार्दा का ध्यान रखना चाहिए।आवास विवाद के बीच राज्य सरकार ने लालू परिवार की सुरक्षा व्यवस्था में भी बड़ा बदलाव किया है। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की जेड प्लस (Z+) सुरक्षा हटाकर अब उन्हें विशेष सुरक्षा घेरा प्रदान किया गया है। वहीं, तेज प्रताप यादव की वाई (Y) श्रेणी की सुरक्षा भी समाप्त कर दी गई है।



हालांकि, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, सांसद मीसा भारती और राजश्री यादव की सुरक्षा में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सुरक्षा कटौती और आवास खाली कराने का दबाव एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। विपक्ष इसे राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बता रहा है। अगले 15 दिनों का समय बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि सरकार और लालू परिवार के बीच यह टकराव किस मोड़ पर खत्म होगा। फिलहाल, बिहार की राजनीति में इस मुद्दे पर गरमा-गरमी जारी है।

# बिहार में उच्च शिक्षा को नई रफ्तार

## विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में 26 हजार पदों पर होगी बंपर बहाली

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार के लाखों युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य सरकार ने प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग के अनुसार, राज्य के 13 विश्वविद्यालयों और उनसे संबद्ध कॉलेजों में रिक्त पड़े 26 हजार से अधिक पदों पर जल्द ही बहाली की जाएगी। इस व्यापक नियुक्ति अभियान के तहत सरकार शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों, दोनों की कमी को पूरा करेगी। वर्तमान में स्वीकृत पदों की तुलना में रिक्तियों की संख्या काफी अधिक है, जिससे शैक्षणिक सत्र और प्रशासनिक कार्य लंबे समय से बाधित हैं। विभाग के लक्ष्य के अनुसार, पहले चरण में लगभग 6,600 व्याख्याताओं (असिस्टेंट प्रोफेसर) की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ ही कार्यालय सहायक, लिपिक, प्रयोगशाला कर्मी और प्रशासनिक श्रेणी के 11,000 से अधिक गैर-शैक्षणिक पदों को भी भरा जाएगा। सरकार का लक्ष्य इस साल के अंत तक इन प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लेना है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 211 प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। इन संस्थानों के संचालन के लिए सरकार ने 9,284 नए पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है। इसमें 6,752 शिक्षकों और 2,532 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। इससे ग्रामीण इलाकों के छात्रों को घर के पास उच्च शिक्षा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।राज्य में शिक्षकों के 12,411 स्वीकृत पदों में से मात्र 5,800 पदों पर ही नियुक्तियां हैं, जबकि 6,611 पद खाली हैं। वहीं, गैर-शैक्षणिक पदों की स्थिति और भी विकट है, जहां 10,974 पद रिक्त पड़े हैं। उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा है कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। इन नियुक्तियों से न केवल कक्षाएं नियमित होंगी, बल्कि परीक्षा परिणाम और शैक्षणिक सत्र भी समय पर पूरे हो सकेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम बिहार की उच्च शिक्षा के गिरते स्तर को सुधारने में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# जमशेदपुर में विश्व पर्यावरण दिवस पर व्यापक जनभागीदारी, जंगलों से लेकर शहर तक गूंजा हरियाली का संदेश

**दैनिक समाज जागरण**
**चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम,**

### धालभूमगढ़ के जंगलों में हुआ वृहद पौधारोपण कार्यक्रम

जमशेदपुर वन प्रभाग की ओर से धालभूमगढ़ के



सुदूर वन क्षेत्र में विशेष पौधारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और वन विभाग के अधिकारियों ने मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। घाटशिला विधायक सोमेश सोरेन, बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती तथा डीएफओ सबा आलम सहित अधिकारियों ने लोगों को वृक्षारोपण और वन संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

### 400 लोगों की 'वॉक फॉर एनवायरमेंट', शहर में गूंजे हरियाली के नारे

जमशेदपुर शहर में वन विभाग द्वारा "वॉक फॉर



एनवायरमेंट" कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 400 लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने पांच किलोमीटर लंबी रैली निकालकर "पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ" जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया। आरसीसीएफ समित पंकज और डीएफओ सभा आलम अंसारी ने पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की।

### मानगो सहारा सिटी में वृक्षारोपण और प्लास्टिक मुक्त अभियान की मांग

मानगो स्थित सहारा सिटी में भारतीय मानवाधिकार संघ द्वारा वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महापौर सुधा गुप्ता



और पार्षद काशिम राजा ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम में मानगो को प्लास्टिक मुक्त बनाने, कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन, रीसाइक्लिंग संयंत्र स्थापित करने तथा नदियों को प्रदूषण से बचाने की मांग भी उठाई गई।

### विभिन्न संगठनों ने चलाया 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान

जिले के विभिन्न हिस्सों में सामाजिक संगठनों, नागरिकों, युवाओं और बच्चों ने वृक्षारोपण किया। कई स्थानों पर ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के तहत पौधे लगाए गए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया गया।

### अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सभी कार्यक्रमों में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण, प्लास्टिक उपयोग में कमी और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की अपील की।

### समापन में ली गई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

कार्यक्रमों के अंत में सभी स्थानों पर प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और संकल्प लिया कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और सुरक्षित वातावरण बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# जेएलकेएम नेता गोपेश महतो ने अंचलाधिकारी से की मुलाकात,

### सड़क निर्माण में आ रही भूमि विवाद की समस्या के समाधान की मांग

दैनिक समाज जागरण, संवाददाता : कुकड़ूः झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय सचिव गोपेश महतो के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने कुकड़ू अंचलाधिकारी से मुलाकात कर ईचाडीह पंचायत के आदरडीह टांड टोला में सड़क निर्माण कार्य में आ रही भूमि विवाद की समस्या के समाधान की मांग की।



ग्रामीणों की ओर से सौंपे गए आवेदन में बताया गया कि गांव में सड़क नहीं होने के कारण महिलाओं, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में गांव तक पहुंचने का रास्ता उपलब्ध था, लेकिन वाइल्ड डेन का जलस्तर बढ़ने से वह मार्ग डूब गया, जिससे ग्रामीणों की परेशानियां और बढ़ गई हैं।
ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रखंड कार्यालय में आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से मिट्टी सड़क निर्माण कराने का निर्णय लिया, किंतु भूमि विवाद के कारण कार्य बाधित हो गया।
जेएलकेएम केंद्रीय सचिव गोपेश महतो ने अंचलाधिकारी से मांग की कि संबंधित भूमि विवाद का शीघ्र निष्पादन कर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। अंचलाधिकारी ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर जेएलकेएम के केंद्रीय प्रवक्ता विद्रोही बिष्णु, अदित्य महतो, पूर्णशाशी महतो, पीताम्बर महतो (प्रखंड अध्यक्ष, कुकड़ू), सुरेश महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# जुगसलाई पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध हथियार आपूर्ति गिरोह का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, कार से मैगजीन व कारतूस बरामद

**समाज जागरण**

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले की जुगसलाई थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री एवं आपूर्ति करने वाले संगठित अपराध गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है।
पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो देसी पिस्तौल की मैगजीन, चार जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन तथा एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। इस कार्रवाई को पुलिस ने अवैध हथियार नेटवर्क के खिलाफ महत्वपूर्ण सफलता बताया है।
सूचना के अनुसार वरीय पुलिस अधिकारियों को गुप्त जानकारी मिली थी कि गिरोह का एक सदस्य हथियारों की आपूर्ति की तैयारी में है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के



निर्देश पर विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।
टीम ने आजादनगर थाना क्षेत्र के ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित रोड नंबर-14, अल-यासीन अपार्टमेंट निवासी सैयद अदनान मिर्जा (उम्र 27 वर्ष) को एक स्विफ्ट डिजायर कार (नंबर JH01DF-9259) सहित गिरफ्तार किया।
तलाशी के दौरान वाहन की पिछली सीट के नीचे बने गुप्त स्थान से दो देसी पिस्तौल की मैगजीन और चार 7.65 एमएम के जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।
प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अवैध हथियार और कारतूस की आपूर्ति करता था। पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय है।
पुलिस अब मोबाइल कॉल डिटेल्स, तकनीकी साक्ष्य और संपर्क सूत्रों के आधार पर पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि हथियारों की आपूर्ति किन स्रोतों से होती थी और किन लोगों तक पहुंचाई जाती थी।
पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के विरुद्ध वर्ष 2023 में गोलमुरी थाना में भी एक आपराधिक मामला दर्ज है।
जुगसलाई पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और पूरे नेटवर्क का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# भीषण गर्मी में वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के 52 सदस्यों ने किया स्वेच्छिक रक्तदान

**अभय कुमार मिश्रा,**
**समाज जागरण,**

जमशेदपुर (झारखंड) 05 जून 2026ः भीषण गर्मी के कारण ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए शहर की सामाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी ने शुक्रवार को बिष्टुपुर ब्लड बैंक में 2 घंटे का एक छोटा सा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। इस शिविर में संस्था के 52 सदस्यों एवं उनके साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान कर मानवता के प्रति अपना बहुमूल्य योगदान दिया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित



प्रभुनाथ सिंह ने सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि इतनी भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद युवाओं का आगे आकर रक्तदान करना अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है।कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से प्रभुनाथ सिंह को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजेश मार्डी,सार्थक अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।संस्था के संस्थापक हरि सिंह राजपूत ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के कारण बिष्टुपुर ब्लड बैंक में रक्त की लगातार कमी बनी हुई है। इसलिए सभी लोग स्वेच्छा से रक्तदान हेतु आगे आएं, ताकि किसी भी मरीज को रक्त के अभाव में वापस न लौटना पड़े। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में विशेष योगदान सुखविंदर सिंह,हरि सिंह राजपूत,गगनदीप,संदीप, पुनीत,महेश,बबलू,अभिषेक, राहुल,विकास,बिप्लब,मधु सहित अन्य सदस्यों का रहा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बदलाव महिला समिति ने किया नि:शुल्क पौधा वितरण

**अभय कुमार मिश्रा,**
**समाज जागरण,**

जमशेदपुर (झारखंड) 5 जून 2026ः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बदलाव महिला समिति द्वारा लोगों के बीच निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लक्ष्मीनगर स्थित साईन्टिफिक उद्यान में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, छात्र-छात्राओं एवं संस्था के सदस्यों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनंद बिहारी दूबे ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि बचपन से ही पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने की आदत विकसित की जाए, तो पर्यावरण संकट की गंभीर चुनौतियों से काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. उदय प्रताप ने वृक्षों के महत्व को रेखांकित करते हुए अपनी स्वरचित कविता का पाठ किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। वहीं साईन्टिफिक एकेडमी



के संचालक सतीश कुमार ने कहा कि केवल पेड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में साईन्टिफिक उद्यान में विकसित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वितरण उपस्थित सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं के बीच किया गया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संध्या ठाकुर ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए यथासंभव अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर बदलाव संस्था के अशोक शर्मा, संजय कुमार, आई.डी. शर्मा, प्रियंका सिंह, संतोषी देवी, रितु सिंह, शिक्षक आर.के. सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी स्व गोलक बिहारी मांझी के पुण्यतिथि पर विधायक नें दीया श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण,**
**संवाददाता**

चांडिलः चांडिल प्रखंड के मानीकुई में शुक्रवार को झारखंड आंदोलनकारी स्व गोलक बिहारी मांझी के पुण्यतिथि के अवसर पर



उनके मुर्ती पर विधायक सविता महतो व झामुमो कार्यकताओं ने माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसी क्रम में विधायक सविता महतो व झामुमो कार्यकताओं ने स्व गोलक बिहारी माझी के धर्मपत्नी बिजली माझी से घर पर जाकर मिले एवं कुशल क्षेम जाना। विधायक ने कही की गोलक बाबू एक मिलनसार व्यक्ति थे उनको कभी भुलाया नही जा सकता। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य चारु चांद किस्कू, ओम प्रकाश लायेक, काबलू महतो, अरुण टुडू, आशु बेसरा, मदन मांझी आदि उपस्थित थे।

## बिहार की सरकारी बसों में अब अकसे होगी निगरानी

### फेस रिकग्निशन से रुकेगी राजस्व की चोरी

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ बिहार में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और तकनीक-आधारित बनाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य सरकार अब सभी सरकारी बसों में 'एआई आधारित चेहरा पहचान प्रणाली' लागू करने की तैयारी कर रही है। इस तकनीक का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सटीक संख्या दर्ज करना, राजस्व हानि को रोकना और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना है। परिवहन विभाग के अनुसार, बसों के मुख्य द्वार पर चेहरा पहचानने वाले उपकरण लगाए जाएंगे। यह प्रणाली बस में चढ़ने वाले हर यात्री का चेहरा रिकॉर्ड करेगी, जिससे यात्रियों की वास्तविक संख्या का सटीक डेटा तैयार हो सकेगा।

# स्वदेशी जागरण मंच, सरायकेला-खरसावां की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर दर्जनों फलदार एवं छायादार वृक्षों का पौधारोपण

**अभय कुमार मिश्रा,**
**समाज जागरण,**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 05 जून 2026ः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच सरायकेला-खरसावां जिला इकाई की ओर से गम्हरिया स्थित कोस्टारिका होम डेवलपमेंट सोसाइटी के शिव मंदिर प्रांगण में फलदार एवं छायादार वृक्षों का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण के निर्माण तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करने के प्रति जनजागरूकता फैलाना था।
इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरे जिले में वर्ष भर हजारों वृक्ष लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान जिला पर्यावरण प्रमुख रश्मि ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। उन्होंने जल संरक्षण को बढ़ावा देने, एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के प्रयोग से बचने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु जनसहभागिता की अपील की। कार्यक्रम में जिला संयोजक अजीत कुमार सिंह, युवा



प्रमुख आनंद शाहदेव, समाजसेवी विकाश राय, पूर्व वायुसेना अधिकारी प्रमोद शर्मा, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एचआर प्रमुख भुवनेश पारीक, बाबूराम मार्डी, राहुल सिंह, विशाल गोस्वामी, ईशा बर्मन, अंशिका कुमारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।
सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने तथा अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कुकड़ू प्रखंड की सभी पंचायतों में वृक्षारोपण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**

कुकड़ू/चांडिलः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी पंचायतों में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत भवन परिसरों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।
तिरूलडीह पंचायत में आयोजित विशेष कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा पंचायत के सचिव धारणी प्रमाणिक एवं ग्रामीणों नें मिलकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर कोल्हान प्रमंडल सह प्रभारी, भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के विजय कौईरी एवं जदुनाथ क्वोरी भी मौजूद रहे।
कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की शपथ ली।
इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन और बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत



आवश्यक है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण दिया जा सकता है।
कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा भी पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया और लोगों को स्वच्छता बनाए रखने तथा प्लास्टिक का कम उपयोग करने की अपील की गई।
अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधारोपण करने की बात कही।

# पटना में महिला ने दिखाई दिलेरी लॉकेट छीनकर भाग रहे झपटमार को दौड़ाकर दबोचा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में एक महिला ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए न केवल झपटमार के मंसूबों पर पानी फेर दिया, बल्कि उसे खदेड़कर धर दबोचा। शुक्रवार को सबजपुरा-खगौल लख के पास हुई इस घटना ने स्थानीय लोगों को भी दंग कर दिया। महिला की बहादुरी की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है। पीड़िता संयुक्ता कुमारी (30 वर्ष) नर्सिंग की छात्रा हैं और बेगूसराय की मूल निवासी हैं। शुक्रवार को वे अपने काम से लौट रही थीं, तभी पेठिया बाजार के पास घात लगाए एक युवक ने उनके गले से लगभग 25 हजार रुपये मूल्य का सोने का ला-



केट झपट लिया और तेजी से भागने लगा। आम तौर पर ऐसी घटनाओं में लोग घबरा जाते हैं, लेकिन संयुक्ता ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने शोर मचाते हुए बदमाश का पीछा शुरू कर दिया। छात्रा की हिम्मत और तत्परता के आगे बदमाश टिक नहीं सका। संयुक्ता ने कुछ दूर तक दौड़ने के बाद बदमाश को झपटकर जमीन पर पटक दिया। महिला को संघर्ष करते देख आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए और उन्होंने बदमाश को चारों तरफ से घेर लिया। आरोपी के पकड़े जाने के बाद आक्रोशित भीड़ ने उसकी जमकर पिटाई की और तत्काल डायल-112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और छीना गया लॉकेट बरामद कर पीड़िता को सौंप दिया। संयुक्ता कुमारी ने फुलवारी शरीफ थाने पहुंचकर घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने संयुक्ता कुमारी की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह साहसिक कदम अन्य लोगों के लिए प्रेरणा है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी के साथ और कौन-कौन शामिल हैं। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यदि साहस दिखाया जाए, तो अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# विश्व पर्यावरण के अवसर पर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल आदित्यपुर कार्यलय में वृक्ष रोपण का आयोजन किया गया

अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण सरायकेला खरसावां (झारखंड) 05 जून 2026ः विश्व पर्यावरण के अवसर पर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल आदित्यपुर कार्यलय में वृक्ष रोपण का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में विद्युत कार्यपालक अभियंता आदित्यपुर संदीप कुमार पसवान, विद्युत कार्यपालक अभियंता जमशेदपुर आनंद कौशिक , सहायक विद्युत अभियंता आदित्यपुर १ दिलेश्वर महतो,



कनिय विद्युत अभियंता आदित्यपुर १-२, सन्नी कुमार बाड़ा एवम सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पटना में भीषण गर्मी और लू का कहर

### जानीपुर और फुलवारी शरीफ में दो की मौत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ राजधानी पटना में पड़ रही भीषण गर्मी और लू ने लोगों की जान लेनी शुरू कर दी है। शुक्रवार को लू की चपेट में आने से दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना जानीपुर बाजार में हुई, जबकि दूसरी फुलवारी शरीफ के मौर्य विहार कॉलोनी में सामने आई। इन घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों में दहशत और प्रशासन के प्रति आक्रोश का माहौल है। जानीपुर थाना क्षेत्र में 36 वर्षीय रोहित कुमार अपने ननिहाल अदलापुर आए हुए थे। दोपहर में जब वे जानीपुर बाजार पहुंचे, तो अचानक तेज धूप और गर्मी के कारण अचेत होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों द्वारा एम्स ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरी घटना फुलवारी शरीफ के मौर्य विहार कॉलोनी की है, जहाँ 45 वर्षीय पप्पू कुमार राह चलते बेहोश हो गए।

## पटना में ह्यखान ग्लोबल स्टडीजह्न फायरिंग मामला, खान सर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

समाज जागरण, पटना
जिला संवाददाता : वेद प्रकाश
कदमकुआं थाना में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

पटनाः राजधानी पटना स्थित चर्चित शिक्षण संस्थान ह्यखान ग्लोबल स्टडीजह्न में हुई फायरिंग और हिंसक घटना ने गंभीर रूप ले लिया है। पटना पुलिस ने इस मामले में संस्थान के संचालक फैसल खान उर्फ खान सर के खिलाफ हत्या के प्रयास (धारा 307) एवं शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। यह मामला कदमकुआं थाना में पुलिस के बयान के आधार पर दर्ज किया गया है।

# राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## सेक्टर-16बी में 'पीएम वन' की स्थापना, ग्रेटर नोएडा में 1.34 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

ग्रेटर नोएडा, 05 जून 2026। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत गौतमबुद्धनगर के राज्यसभा सांसद Surendra Singh Nagar ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-16बी स्थित ग्रीन बेल्ट में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी और नैतिक दायित्व है।

पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान सांसद ने अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रीन बेल्ट को ह्यपीएम वनह्न नाम दिया। उन्होंने घोषणा की कि इस क्षेत्र में उनकी ओर से प्रत्येक माह 30 पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही पौधों की नियमित देखभाल और एक स्थान पर एक जैसी प्रजातियों के पौधे लगाने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक एवं ओएसडी गिरीश कुमार झा



सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद ने नागरिकों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-10 स्थित कोको काउंटी के निकट तथा मिलक लच्छी की ग्रीन बेल्ट में भी पौधरोपण अभियान चलाया गया। इन स्थानों पर पिलखन, अमलतास, गुलमोहर, नीम और जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2026 में लगभग 1.34 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन.जी. रवि कुमार ने उद्यान विभाग को निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधरोपण करने के निर्देश दिए हैं।

प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीलक्ष्मी वी.एस. ने जनसहभागिता के माध्यम से ग्रेटर नोएडा को और अधिक हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से घरों, पार्कों, ग्रीन बेल्ट तथा सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आग्रह किया।

पौधरोपण कार्यक्रम में डीजीएम उद्यान एस.के. जैन, सहायक निदेशक उद्यान नथोली सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक रामकुमार एवं श्यामा प्रसाद, अवर अभियंता हरिंदर सिंह सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर यमुना प्राधिकरण ने चलाया वृहद पौधरोपण अभियान

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत शहर में लगाए गए लगभग 25 हजार पौधे

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

नोएडा, 05 जून 2026। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के संकल्प के अनुरूप यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के उद्यान विभाग द्वारा व्यापक पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम पर आधारित इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 25 हजार पौधे रोपित किए गए।

पौधरोपण अभियान का शुभारंभ जेवर विधायक Dhirendra Singh ने शांति देवी महाविद्यालय परिसर में पौधा लगाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी Rakesh Kumar Singh, विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी नंद किशोर,



महाप्रबंधक (परियोजना) राजेंद्र सिंह भाटी सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में हरित आवरण बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में वनाच्छादित क्षेत्रफल को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक पहुंचाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

अभियान के अंतर्गत नीम, पीपल, बरगद, अर्जुन सहित विभिन्न देशी प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इन पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी, ताकि पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को स्थायी रूप से प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण के निर्माण में जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रूपये रोज मे।

# 'हैप्पी स्कूल, हैप्पी चिल्ड्रेन' पहल के तहत 1200 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

## दादरी के 11 सरकारी विद्यालयों में स्वास्थ्य शिविर, बच्चों को मिली मेडिकल किट और पौष्टिक आहार

समाज जागरण

दादरी, उत्तर प्रदेश। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पानीपत रिफाइनरी) की सीएसआर पहल 'हैप्पी स्कूल, हैप्पी चिल्ड्रेन' के अंतर्गत दादरी क्षेत्र के 11 सरकारी विद्यालयों में व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम साक्षर हम फाउंडेशन, कैलाश हॉस्पिटल एवं बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान संचालित किया गया। अभियान के तहत 1200 से अधिक विद्यार्थियों का ईएनटी, नेत्र, दंत एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया।

शिविर के दौरान बच्चों को पौष्टिक अल्पाहार एवं मेडिकल किट का भी



वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच कर उन्हें बेहतर जीवन और शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से कहा गया कि यह अभियान बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति उनकी सतत प्रतिबद्धता का हिस्सा है तथा भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

साक्षर हम फाउंडेशन की संस्थापक पियाली रॉय ने कहा कि संस्था आगे भी सरकारी विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर बच्चों के समग्र विकास के लिए कार्य करती रहेगी। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक शैलेश तिवारी ने कहा कि दादरी के दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों तक पहुँचकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करना उनके लिए एक महत्वपूर्ण और संतोषप्रद अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि ऐसी सामाजिक पहलें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभाती हैं। "स्वस्थ बच्चे, खुशहाल स्कूल और बेहतर भविष्य" की सोच के साथ यह अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है।

# जेवर में बिजली चोरों पर बड़ी कार्रवाई, 6 परिसरों में पकड़ी गई 15.52 किलोवाट की विद्युत चोरी

## विद्युत विभाग का सघन अभियान जारी, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

नोएडा, 05 जून 2026। जनपद गौतमबुद्धनगर के हाई लॉस क्षेत्रों में विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को जेवर टाउन क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान छह परिसरों में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए कुल 15.519 किलोवाट भार की विद्युत चोरी पकड़ी गई।

मुख्य अभियंता (वितरण), नोएडा क्षेत्र के निर्देशन में प्रवर्तन दल द्वितीय द्वारा यह कार्रवाई की गई। प्रवर्तन दल प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता (रेड) पुष्पराज,



अवर अभियंता (प्रवर्तन) सुशील कुमार तथा विभागीय टीम ने संयुक्त रूप से जेवर टाउन क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया।

जांच के दौरान विजेंद्र पुत्र बन्दू के परिसर में 1.646 किलोवाट, शिवम पुत्र वीरेंद्र के यहां 2 किलोवाट, जय किशोर पुत्र रामलाल के यहां 2 किलोवाट, दानवीर पुत्र लक्ष्मी नारायण के यहां 2 किलोवाट, सत्येंद्र पुत्र वेद प्रकाश के यहां 2 किलोवाट तथा मोहनलाल शर्मा पुत्र भूरा शर्मा के यहां 5.873 किलोवाट विद्युत चोरी पाई गई। इस प्रकार कुल 15.519 किलोवाट का अवैध विद्युत भार पकड़ा गया।

विद्युत विभाग ने सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा-135 के अंतर्गत कार्रवाई प्रारंभ करते हुए एंटी पावर थेफ्ट थाना, ग्रेटर नोएडा में अभियोग दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी रोकने तथा राजस्व हानि को कम करने के लिए हाई लॉस क्षेत्रों में इस प्रकार के औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे वैध विद्युत कनेक्शन लेकर मीटर के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें। अधिकारियों ने कहा कि विद्युत चोरी दंडनीय अपराध है और इसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यावरण दिवस पर आईएमएस नोएडा में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

### शिक्षकों और छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प, कपड़े के बैग एवं पौधों का किया आदान-प्रदान

नोएडा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर-62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में संस्थान के स्टाफ एवं फैकल्टी द्वारा एक-दूसरे को पौधे तथा कपड़े के बैग भेंट किए गए,




जिससे पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

आईएमएस नोएडा के अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की नैतिक, सामाजिक और वैश्विक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना आवश्यक है।

उन्होंने आगे कहा कि वृक्षारोपण, जल संरक्षण, ऊर्जा की बचत और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे छोटे-छोटे प्रयास बड़े परिवर्तन की नींव रखते हैं। यदि समय रहते हम जागरूक नहीं हुए तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

कार्यक्रम में आईएमएस के आउटरीच सेल की प्रमुख वर्षा छबारिया ने 'रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल एवं रिकवर' के सिद्धांतों को अपनाने पर जोर दिया और प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर संस्थान के रजिस्ट्रार प्रदीप सारस्वत, डीन डॉ. वर्तिका चतुर्वेदी सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर टीएमयू में मिशन लाइफ के तहत वृक्षारोपण अभियान

## कैंपस में आम, जामुन, आंवला, अशोक सहित विभिन्न पौधे लगाए गए; छात्रों ने लिया संरक्षण का संकल्प

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) में मिशन लाइफ एवं 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कैंपस परिसर में आम, जामुन, आंवला, अशोक सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति V.K. Jain ने बतौर मुख्य अतिथि पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कुलपति वी.के. जैन ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य की आधारशिला भी हैं। उन्होंने छात्रों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का




संकल्प लेने का आह्वान किया।

डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर M.P. Singh प्रो. एमपी सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों को पौधारोपण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एनवायरनमेंट क्लब की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान एनवायरनमेंट क्लब के सलाहकार डॉ. विनोद कुमार जैन, उपेंद्र मलिक, डॉ. रंजीत सिंह, दीपक मलिक सहित विभिन्न कॉलेजों के एनएसएस समन्वयक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### छात्रों ने लिया पौधों की देखभाल का संकल्प

कार्यक्रम में छात्रों ने पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### लॉ कॉलेज में विशेष व्याख्यान आयोजित

टीएमयू के लॉ कॉलेज एंड लीगल स्टडीज में आयोजित विशेष कार्यक्रम में पूर्व विभागाध्यक्ष, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, प्रो. सुभाष चंद्र गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार सिंह ने छात्रों से पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और वृक्षारोपण अभियानों में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ. राकेश कुमार, श्री रविंदर शर्मा, डॉ. डालचंद गौतम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नोएडा में पौधारोपण कर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

## जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था ने विभिन्न स्थानों पर लगाए पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

नोएडा, 05 जून 2026। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था द्वारा शहर के विभिन्न मंदिर परिसरों एवं पार्कों में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष दीपांशु शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण असंतुलन



बढ़ रहा है, जिसके चलते देश में बार-बार प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

उन्होंने आगे कहा कि मौसम में अनिश्चित बदलाव का प्रमुख कारण वनों की कटाई है, इसलिए पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों ने फूल, गेंदा, आम, अमरूद सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में रोपित किए। इस अवसर पर दीपांशु शर्मा (संस्थापक), अनमोल सहगल, आर्यन शुक्ला, तुषार गुप्ता, मनीष पांडेय, हैप्पी पंडित, हर्ष नंबरदार, मोहित कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

संस्था ने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी निभाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण

*उद्यान विभाग के साथ मिलकर नागरिकों ने लगाए पौधे, हरित शहर का दिया संदेश*

नोएडा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में सेक्टर 22, 137, 152, 74A, 12, 19, 71, 23, 151, 90, 144, 63, 105, 37, 122 एवं 48 के निवासियों ने उद्यान विभाग के साथ मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश देते हुए हरित एवं स्वच्छ शहर के निर्माण में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और शहर को अधिक हरित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### नोएडा सेक्टर-75 की आईवी काउंटी में एसी विस्फोट से फ्लैट में लगी आग, आपदा प्रबंधन पर उठे सवाल

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

नोएडा। सेक्टर-75 स्थित आईवी काउंटी सोसाइटी के एक फ्लैट में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण एयर कंडीशनर में विस्फोट माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, किंतु आग बुझाने में कुछ समय तक कठिनाई का सामना करना पड़ा। इस दौरान स्थानीय निवासियों में चिंता का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग पर काबू पाने की प्रक्रिया में समन्वय की कमी दिखाई दी, जिससे आपदा प्रबंधन की तैयारियों पर प्रश्न उठे



हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी आपात स्थितियों में पुलिस, दमकल विभाग और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय तथा नियमित प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। इससे आपदाओं के समय त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है।

# नोएडा प्राधिकरण की एंटी-प्लास्टिक ड्राइव, दुकानदारों को दिया स्वच्छता का संदेश

## होजरी कॉम्प्लेक्स वेंडिंग जोन में डस्टबिन अवेयरनेस अभियान आयोजित

(समाज जागरण: संदीप गर्ग)

नोएडा, 05 जून 2026। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों एवं जन स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा होजरी कॉम्प्लेक्स वेंडिंग जोन में डस्टबिन अवेयरनेस एवं एंटी-प्लास्टिक अभियान चलाया गया।

इस अभियान के दौरान दुकानदारों एवं नागरिकों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ




ही हरे एवं नीले डस्टबिन के सही उपयोग तथा सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने के लिए प्रेरित किया गया।

प्राधिकरण की टीम ने दुकानदारों को पेपर बैग और कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया, ताकि पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाया जा सके।

अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान स्वच्छ एवं हरित शहर के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इन्हें नियमित रूप से जारी रखा जाएगा।

# नोएडा: सेक्टर-141 के रेस्तरां ऑर्डर में जोमैटो पर खराब सेवा का आरोप

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-141 स्थित एक्सपथार्ली रेस्तरां से किए गए खाद्य ऑर्डर को लेकर एक उपभोक्ता ने ऑनलाइन खाद्य वितरण कंपनी Zomato पर खराब सेवा का आरोप लगाया है।



उपभोक्ता ने सोशल मीडिया पर शिकायत करते हुए कहा कि उन्हें केवल 25 रुपये की राशि का ही धनवापसी प्राप्त हुई, जबकि शेष राशि वापस नहीं की गई। उनके अनुसार कंपनी ने यह कारण बताया कि पिछले ऑर्डर में दिए गए कूपन की राशि पर धनवापसी नहीं दी जा सकती। इस प्रकरण के बाद उपभोक्ता ने कंपनी की धनवापसी नीति और सेवा प्रणाली पर प्रश्न उठाए हैं। यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। उपभोक्ता ने इस अनुभव को अपना "सबसे खराब खाद्य वितरण अनुभव" बताया है।